* ओड़िशा संस्करण


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

जय श्रीराम

रांची 17 अप्रैल, 2024, बुधवार, वर्ष 09, अंक 176, चैत्र, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत 2081, पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00






# हजारीबाग के महुदी में बवाल आगजनी-पथराव के बाद लाठीचार्ज

- पुलिस-प्रशासन की आधा दर्जन गाड़ियों में तोड़फोड़
- अंचलाधिकारी का ड्राइवर समेत कई लोग हुए घायल
- 40 साल से रुके जुलूस की वापसी के रास्ते में बैरिकेडिंग का विरोध

पिंटू कुशवाहा दिनकर

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के महुदी गांव में मंगलवार को उस समय बवाल हो गया, जब प्रशासन ने जुलूस की वापसी के रास्ते में बैरिकेडिंग कर दी। जुलूस में शामिल लोगों ने इसका विरोध किया और देर शाम को पथराव और आगजनी के बाद लाठीचार्ज किया गया। पथराव और लाठीचार्ज में अंचलाधिकारी के ड्राइवर समेत कुछ लोग घायल हो गये। काफी मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रण में लाया जा सका।

## कैसे हुई घटना

जानकारी के अनुसार यह घटना बड़कागांव प्रखंड के महुदी गांव में हुई। यहां पिछले 40 साल से रुके जुलूस को मंगलवार को निकालने का फैसला किया गया। प्रशासन की जानकारी के बिना ग्रामीणों ने जुलूस निकाला। जुलूस सोनपुरा गांव के मेलाटांड़ पहुंचा। तब तक प्रशासन को भी इसकी सूचना मिली। तब बड़कागांव पुलिस की टीम महुदी गांव पहुंची और जुलूस की वापसी के रास्ते में बैरिकडिंग कर दी। जुलूस में शामिल लोगों ने बैरिकेडिंग का विरोध किया और धरने पर बैठ गये। सदर एसडीओ शैलेश कुमार और एसडीपीओ कुलदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की टीम ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ नहीं हुआ। वहां नारेबाजी होती रही और स्थिति बिगड़ती गयी।

शाम ढलने के बाद कुछ लोगों ने रोशनी के लिए आसपास के दो पुआल माचा में आग लगा दी। इससे माहौल बिगड़ गया और पुलिस ने भीड़ को खदेड़ना शुरू कर दिया। जवाब में भीड़ द्वारा पथराव किया गया और पुलिस प्रशासन की आधा दर्जन गाड़ियों में तोड़फोड़ की गयी। स्थिति अनियंत्रित होते देख पुलिस ने लाठी चार्ज किया, जिसमें कई लोगों को चोट लगी। इसके बाद स्थिति नियंत्रित हुई।

घटना की सूचना मिलते ही उपायुक्त नैंसी सहाय और एसपी अरविंद सिंह महुदी पहुंचे। इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी वहां कैंप कर रहे हैं।



### क्या कहा ग्रामीणों ने

जुलूस के सोनपुरा से लौटने के रास्ते में की गयी बैरिकेडिंग के पास ग्रामीणों ने प्रशासन की कार्रवाई का विरोध किया। उन्होंने कहा कि जब वे इस रास्ते से गये थे, तब किसी ने नहीं रोका, तो अब क्यों रोका जा रहा है। यदि रोकना ही था, तो जुलूस को निकलने ही नहीं देना था। रास्ता बंद करने पर वे घर वापस कैसे जायेंगे। जुलूस में महिलाएं भी थीं, जो घर में बच्चों को लेकर चिंतित थीं।







कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

जय श्रीराम

रांची 17 अप्रैल, 2024, बुधवार, वर्ष 09, अंक 176, चैत्र, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत 2081, पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00



# 'आदिवासी हार्टलैंड' लोहरदगा में इस बार भी मुकाबला होगा 'हार्ड'

## ■ समीर उरांव की मेहनत और सुखदेव भगत की रणनीति का होगा लिटमस टेस्ट

## ■ भाजपा प्रत्याशी के साथ पार्टी के हर तबके का नेता इलाके में बहा रहा पसीना

## ■ कांग्रेस प्रत्याशी के लिए पार्टी के हरेक खेमे का समर्थन जुटाना बड़ी चुनौती

**आजाद सिपाही विशेष**

लोहरदगा का लोकसभा चुनाव इस बार भी दिलचस्प होनेवाला है। इस चुनाव में मुख्य रूप से टक्कर भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी के बीच होनेवाली है। एक तरफ जहां भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव इस क्षेत्र में दिन-रात एक किये हुए हैं, वहीं सुखदेव भगत भी अपना समीकरण बनाने में लगे हुए हैं। वहीं समर्थन की बात की जाये तो समीर उरांव को पार्टी के हर तबके के नेताओं का पूरा समर्थन मिल रहा है। चाहे वह वर्तमान सांसद सुदर्शन भगत हों या पूर्व विधानसभाध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव हों या फिर पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव। इस क्षेत्र से जुड़े सभी नेता समीर उरांव के साथ कदमताल करते दिख रहे हैं। हर बूथ कार्यक्रमों में एक साथ मंच साझा कर रहे हैं। दो दिनों तक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी समीर उरांव के साथ खूब पसीना बहाया। उन्होंने बसिया के कोनबीर, रायडीह, बिशुनपुर और लोहरदगा में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स दिये। बाबूलाल मरांडी के दौरे का उद्देश्य यह भी था कि भाजपा के तमाम नेताओं के एक छतरी के नीचे लाया जाये और ऐसा हुआ भी। प्रदेश अध्यक्ष भाजपा के दौरे का लाभ यह रहा कि यहां का हर भाजपा नेता प्रत्याशी समीर उरांव के साथ पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतर गये हैं। वहीं महागठबधंन के उम्मीदवार सुखदेव भगत भी मजबूती से चुनावी रणनीति बनाने में जुट गये हैं। उनके साथ कांग्रेस के कार्यकर्ता भी मैदान में उतरे हैं, लेकिन उन्हें रामेश्वर उरांव और बंधु तिर्की खेमे के नेताओं-कार्यकर्ताओं का खुल कर समर्थन प्राप्त करने के लिए मेहनत करनी होगी। ऊपर-ऊपर तो ये नेता सुखदेव भगत के पक्ष में दिख रहे हैं, लेकिन अंदरखाने इनका मन अभी नहीं मिला है। सांसद धीरज साहू भी इन दिनों राजनीति से दूर-दूर ही दिखाई दे रहे हैं, जिनका सक्रिय योगदान पाने के लिए सुखदेव भगत प्रयास करते दिख रहे हैं। लोहरदगा सीट की जो मौजूदा स्थिति है, उसमें किसी के लिए मैदान मारना बहुत आसान भी नहीं है। वहीं चमरा लिंडा के लोहरदगा लोकसभा से ताल ठोकने से फिलहाल यहां का मौसम कांग्रेस के लिए घिरे काले बादल की तरह है। माना जा रहा है कि चमरा लिंडा अगर मैदान में उतरे, तो उसका सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को होगा। क्या है लोहरदगा लोकसभा की मौजूदा स्थिति बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विदेश संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

लोहरदगा संसदीय क्षेत्र झारखंड के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। जिला मुख्यालय होने के कारण यहां पर सभी प्रमुख प्रशासनिक कार्यालय हैं। जैन पुराणों के अनुसार भगवान महावीर ने लोहरदगा की यात्रा की थी। कोयल, शंख, नंदिनी, चौपाट, फुलझर नदियों से घिरा यह क्षेत्र झारखंड के दक्षिण पश्चिम में है। इस इलाके में छोटे-छोटे पहाड़, जंगल और झरने हैं, जिनकी वजह से यहां खूबसूरत नजारे दिखाई देते हैं। यहां का लावापानी जलप्रपात पर्यटकों को खूब लुभाता है। यहां पर बड़ी मात्रा में बॉक्साइट पाया जाता है। लोहरदगा पूरी दुनिया में अपनी बॉक्साइट खदानों के लिए प्रसिद्ध है। झारखंड का सबसे छोटा संसदीय क्षेत्र लोहरदगा राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील रहा है। आदिवासियों के बड़े नेता बाबा कार्तिक उरांव जैसे दिग्गज राजनेताओं की कर्मभूमि लोहरदगा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा का राज रहा है। लोहरदगा सीट के लिए अब तक हुए 16 बार के चुनाव में से सात बार कांग्रेस, छह बार भाजपा, एक-एक बार झारखंड पार्टी, निर्दलीय और जनता पार्टी के सांसद रहे हैं। 2019 में भाजपा के सुदर्शन महतो ने लोहरदगा से जीत की हैट्रिक लगायी थी, लेकिन यहां सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हर बार उन्हें कड़े मुकाबले से गुजरना पड़ा। तीन जिलों लोहरदगा, रांची और गुमला को कवर करने वाला लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इस निर्वाचन क्षेत्र में लोहरदगा (एसटी), गुमला (एसटी), बिशुनपुर (एसटी), सिसई (एसटी) और मांडर (एसटी) विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। यहां अब तक हुए 16 चुनावों में सात बार कांग्रेस जीती है, तो छह बार यह सीट भाजपा के पास गयी है। बाकी तीन बार में एक-एक बार झारखंड पार्टी, निर्दलीय और जनता पार्टी ने इस सीट पर कब्जा जमाया है।

### किसी भी प्रत्याशी के लिए आसान नहीं डगर

जैसे-जैसे गर्मी अपनी चरम सीमा की ओर बढ़ रही है, वैसे-वैसे लोहरदगा लोकसभा चुनाव का पारा भी गर्म होता जा रहा है। आदिवासी बहुल लोहरदगा लोकसभा की यह सीट दिलचस्प मोड़ पर है। 13 मई को यहां चुनाव होना है। इसके लिए सभी प्रत्याशी मैदान में कूद पड़े हैं। देखा जाये तो यहां मुख्य फाइट भाजपा ओर कांग्रेस प्रत्याशी के बीच होने वाली है। समीर उरांव क्षेत्र में एक्टिव हो चुके हैं। उनका बूथ स्तरीय कार्यक्रम चालू है। वह जनता के बीच पहुंच चुके हैं ओर जनता भी उनकी ओर नयी उम्मीद के रूप में देख रही है। वहीं महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत की बात करें, तो वह अपना अलग ही समीकरण साध रहे हैं। वह भी लोगों के बीच खूब पसीना बहा रहे हैं। लेकिन कुछ लोगों का मानना है कि सुखदेव भगत जब पाला बदल कर भाजपा में चले गये थे, फिर वापस कांग्रेस में आये, तो उनके इमेज में फर्क आया है। पहले कांग्रेस नेता के रूप में वह काफी लोकप्रिय थे। लेकिन जनता में एक मैसेज चला गया है कि वह टिकट के लिए ही पार्टी से जुड़ते भागते हैं। देखा जाये तो सुखदेव भगत को पिछले लोकसभा चुनाव मैं गुमला और सिसई से बड़ी बढ़त मिली थी। वहीं बिशनपुर, लोहरदगा और मांडर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत को जीत मिली थी। लोहरदगा लोकसभा की लड़ाई किसी भी प्रत्याशी के लिए आसान नहीं है। इस बार गुमला की राजनीतिक फिजां कुछ बदली हुई नजर आ रही है। हां गुमला के डुमरी, चैनपुर और जारी क्षेत्र जरूर सुखदेव भगत के लिए राहत देनेवाले साबित हो रहे हैं। यहां गुमला शहर, बसिया, कोनबीर और रायडीह में समीर उरांव का जलवा देखा जा रहा है, लेकिन डुमरी, चैनपुर और जारी में उनकी स्थिति कमजोर है। लोहरदगा के शहरी क्षेत्र में समीर उरांव हावी हैं।



### सभी पांच विधानसभा सीटों पर कांग्रेस और झामुमो का कब्जा

वर्तमान में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र की सभी पांच विधानसभा सीटों पर कांग्रेस और झामुमो का कब्जा है। अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी को बढ़त और जीत दिलाने की नैतिक जिम्मेदारी विधायकों पर है। स्वाभाविक है कि, विधायक समेत महागठबंधन के संगठन अपने क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी को बढ़त दिलाने में एड़ी चोटी की जोर लगायेंगे। इधर, राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि है, कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में अंतर होता है। भाजपा सूत्रों का मानना है कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव बढ़त बनायेंगे। प्रबुद्ध लोगों की बात करें, तो वे राष्ट्रीय मुद्दे को ही वोट का आधार बनायेंगे। लोकल मुद्दा हावी नहीं होगा।

### चमरा लिंडा भी लिखेंगे भाग्य

माना जा रहा है कि इस लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चमरा लिंडा भी अपना भाग्य आजमायेंगे। राजनीति के जानकारों की मानें, तो जब-जब चमरा लिंडा चुनावी मैदान में उतरे हैं, कांग्रेस को ही उन्होंने नुकसान पहुंचाया है। अगर ऐसा होता है, तो यह भाजपा के लिए सुकून की बात होगी। वैस कुछ लोगों का मानना है कि चमरा लिंडा मैदान में नहीं उतरेंगे। अगर ऐसा हुआ, तो इससे महागठबंधन के उम्मीदवार सुखदेव भगत राहत की कुछ सांस लेंगे।

### आदिवासी समाज तीन गुटों में बंटा है

वर्तमान में आदिवासी समाज एकमत नहीं होकर तीन गुटों में बंटा है। एक गुट भाजपा के साथ, दूसरा गुट कांग्रेस के साथ और तीसरे गुट के चमरा लिंडा के साथ होने की चर्चा है। वहीं समीर उरांव तेज तर्रार होने के साथ लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। फिर भी भाजपा भाजपा के लिए कमजोर क्षेत्र रहे गुमला, सिसई और लोहरदगा के ग्रामीण इलाकों को पाट कर अपने पक्ष में करने के लिए उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। वहीं शहर की बात की जाये, तो अधिकतर मोदी की ही बात कर रहे हैं। यहां मोदी बनाम एंटी मोदी है। शहरी क्षेत्र में मोदी के पक्ष में लोग ज्यादा दिखाई दिये। देखा जाये, तो लोहरदगा लोकसभा सीट में आदिवासी वोट निर्णायक साबित होते हैं। लेकिन समीर उरांव राज्यसभा सांसद के साथ-साथ भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते आदिवासी संगठनों के बीच उनकी छवि लोकप्रिय हुई है।

### कांग्रेस का पीछा नहीं छोड़ रही गुटबाजी

चर्चा है कि सुखदेव भगत को रामेश्वर उरांव खेमा और बंधु तिर्की खेमा अगर साथ देता है, तो उनके लिए राह आसान हो जायेगी, क्योंकि लोगों में ये गुटबाजी चर्चित है। वहीं भाजपा के साथ भी गुटबाजी चर्चा के केंद्र रही है। पहले लोगों को लगा कि सुदर्शन भगत का टिकट काट कर समीर उरांव को दिया गया है, तो क्या सुदर्शन भगत और शिवशंकर उरांव उनका खुल कर समर्थन देंगे। लेकिन जमीन पर देखा जाये, तो ये सभी समीर उरांव के साथ दिन-रात घूम रहे हैं। कदम से कदम मिला कर चल रहे हैं। क्या धुप क्या छांव। सुदर्शन भगत तो आइडियाज भी समीर उरांव के साथ शेयर कर रहे हैं कि कैसे उनकी जीत सुनिश्चित हो। सुदर्शन भगत अपना अहम किरदार निभा रहे हैं।

### धीरज साहू शांत हैं

धीरज साहू को लेकर क्षेत्र में चर्चा है कि आयकर की छापामारी के बाद वह बैकफुट पर हैं। बहुत कम दिखाई पड़ रहे हैं। इक्का-दुका कार्यक्रमों में अब उन्होंने शिरकत करनी शुरू की है। ईद के अवसर पर वह जरूर लोगों के बीच गये। धीरज साहू का सक्रिय नहीं रहना कांग्रेस के लिए घातक है, क्योंकि उनका क्षेत्र में काफी प्रभाव है। हवा का रुख मोड़ने में धीरज साहू उस्ताद हैं। लोहरदगा कांग्रेस में धीरज साहू के लोगों का दबदबा है। सुखदेव भगत इन दिनों धीरज साहू का साथ पाने की जुगत भिड़ा रहे हैं।

### लोहरदगा की समस्या

लोहरदगा आज भी बड़ी इंडस्ट्री की बांट जोह रहा है। यहां बाइपास और रेल बड़ा मुद्दा है। लोगों की डिमांड बहुत सालों से है। रोजगार और कारोबार की स्थिति दयनीय है। दुकानों में ग्राहक नहीं। दुकानदार खाली बैठे हुए हैं। ऑनलाइन की मार से जूझ रहे हैं। यहां वास्तविक स्थिति पलायन की है। लोग शहर से रोजगार की आस में लोहरदगा से बाहर जा रहे हैं। ग्रामीण भी पलायन कर रहे हैं। लोग ही नहीं रहेंगे तो धंधा होगा कैसे। लोहरदगा में उद्योग लगना बहुत जरूरी है। अगर उद्योग लगेगा तब लोग रहेंगे और इसका लाभ छोटे कारोबारियों को भी होगा।

लोहरदगा के लोगों का मानना है कि लोहरदगा लोकसभा चुनाव का राजनीतिक समीकरण चुनाव से मात्र एक दिन पूर्व बदलता है। किस पक्ष में माहौल बनेगा, वह मात्र एक दो दिन पूर्व साफ होने लगता है। लेकिन इस बार मामला बदला है। लेकिन फिर भी लोहरदगा की फाइट टाइट ही है। ऊंट किस करवट बैठेगा, यह रिजल्ट की अंत घड़ी में ही साफ होगा।

# बाबूलाल ने निर्वाचन आयुक्त से झामुमो कार्यकर्ताओं पर एक्शन लेने की अपील की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पिछले दिनों सरायकेला-खरसावां के मोहनपुर गांव में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा कैंडिडेट और सांसद गीता कोड़ा पर हमला हुआ था। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (निर्वाचन सदन, नयी दिल्ली) को पत्र लिख कर चिंता जतायी है। साथ ही इस घटना में शामिल लोगों पर एक्शन लेने की अपील की है। सिंहभूम लोकसभा भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा द्वारा निर्वाचन आयुक्त को लिखे आवेदन की प्रति को संलग्न करते हुए बताया है कि प्रत्याशी द्वारा कहा गया है कि 14 अप्रैल को सक्षम पदाधिकारी से अनुमति लेकर सरायकेला-खरसावां जिला के गम्हरिया एवं कांड्रा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के लिए वह निकली थीं। जब मोहनपुर गांव पहुंची, तो वहां झामुमो के



सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जो लाठी-डंडा, तीर-धनुष से लैस थे, उन्होंने प्रत्याशी एवं इनके समर्थकों को घेर लिया और मारपीट भी की। इसमें कई को गंभीर चोटें आयी हैं। झामुमो समर्थकों ने प्रचार कार्य नहीं करने की चेतावनी दी। घटना की जानकारी जिला के पुलिस अधीक्षक को देने का प्रयास किया, लेकिन फोन का जवाब देना उन्होंने उचित नहीं समझा। तब पार्टी के वरीय पदाधिकारियों के द्वारा पुलिस महानिदेशक को सूचना दी गयी। इसके बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और किसी तरह प्रत्याशी एवं समर्थक जान बचा कर निकल पाये।

बाबूलाल के अनुसार यह एक सुनियोजित घटना प्रतीत होती है, ताकि प्रत्याशी को जनसंपर्क अभियान करने से रोका जाये। ऐसी स्थिति में स्वच्छ एवं पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए इस उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में आपके स्तर से जिला प्रशासन को सख्त हिदायत देने की जरूरत है। इसके साथ ही बाबूलाल ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए सरायकेला-खरसावां के डीसी, एसपी को यथोचित निर्देश देने को कहा है। साथ ही इस घटना में संलिप्त झामुमो के कार्यकर्ताओं पर कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिये जाने की अपील की है।

# मां शक्ति के दरबार में पहुंचीं कल्पना सोरेन, की पूजा-अर्चना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** मंगलवार को वासंतिक नवरात्र के महाअष्टमी तिथि होने के कारण एक ओर जहां विभिन्न दुर्गा मंडपों में महाष्टमी पूजा के लिए भक्तों की भीड़ लगी थी, वहीं गांडेय उपचुनाव में इंडी गठबंधन की उम्मीदवार सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गिरिडीह के बड़ा चौक स्थित हनुमान मंदिर और आइसीआर रोड स्थित छोटकी दुर्गा मंडप पहुंच कर



श्रद्धाभाव से पूजा अर्चना की।

इस क्रम में कल्पना सोरेन सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू सहित पार्टी के अन्य नेताओं के साथ



गिरिडीह बार में अधिवक्ताओं से मुलाकात करतीं कल्पना सोरेन।

पहले बड़ा चौक स्थित हनुमान मंदिर पहुंचीं और भगवान श्रीराम सहित बजरंगबली की पूजा अर्चना की और जीत का आशीर्वाद मांगा। उसके बाद सभी आइसीआर रोड स्थित छोटकी दुर्गा मंडप पहुंची, जहां पुरोहित के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उन्होंने मां शक्ति की पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंडप के मुख्य पुजारी सतीश उपाध्याय ने कल्पना सोरेन को चुनरी ओढ़ा कर मां का आशीर्वाद दिया। इस दौरान झामुमो से राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, सुमित कुमार समेत झामुमो के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बीजेपी के घोषणा पत्र से रोजगार गायब : सुप्रियो

**सभी जानते हैं हेमंत सोरेन के साथ क्या हुआ, जनता में आक्रोश बढ़ा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य में लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां कमर कस चुकी हैं। इंडी गठबंधन 21 अप्रैल को उलगुलान न्याय महारैली के माध्यम से झारखंड में शंखनाद करेगा। वहीं जेएमएम केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य में चौथे चरण में चुनाव होना है। सिंहभूम, लोहरदगा, पलामू और चतरा लोकसभा इलाकों के मूलवासियों ने मूड बना लिया है। बीते दस सालों तक बीजेपी के जनप्रतिनिधियों का जो व्यवहार रहा अपने क्षेत्र को लेकर, उसने उन्हें निराश किया और उसी का आक्रोश निकल कर बाहर आ रहा है। अब भ्रष्टाचार पर सवाल नहीं हो रहा है और घोषणा पत्र से यह मालूम चल गया है कि एनडीए की विदाई देश से तय है।



**बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष डर गये हैं, यूसीसी पर जा रहा डराया: जेएमएम :** राज्य के बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष डर गये हैं और अब न्याय उलगुलान के प्रति बोल रहे हैं। बीजेपी के घोषणा पत्र से रोजगार गायब है। देश में ओलंपिक का आयोजन अगर चुनावी मुद्दा है, तो अन्य समस्याओं पर कौन बात करेगा। हम बात मुद्दे की कर रहे हैं और यह बात धर्म की कर रहे हैं। अगर धर्म पर बात करनी है तो आदिवासी सरना धर्म कोड क्यों नहीं। यूजीसी पर डराने की धमकी दी जा रही है। नजरूल हसन का बचाव करते हुए जेएमएम ने कहा कि बहुत तरस आता है बीजेपी की सोच पर। हमारे कार्यकर्ता ने कहा बीजेपी 400 नीचे चली जायेगी।



कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 17 अप्रैल, 2024, बुधवार, वर्ष 09, अंक 176, चैत्र, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत 2081, पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00







# टीएमसी ने बंगाल को घुसपैठियों गुंडों को पट्टे पर दे दिया: नरेंद्र मोदी

## पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री ने जनसभा को किया संबोधित

- टीएमसी की दुकान बंद हो जायेगी, इसलिए झूठी खबरें फैला रही



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ममता बनर्जी और टीएमसी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध से पूरा देश डरा हुआ है, क्योंकि टीएमसी ने पश्चिम बंगाल को घुसपैठियों और गुंडों को पट्टे पर दे दिया है। टीएमसी को लगता है कि दलित, आदिवासी और गरीबों को अपनी मर्जी के मुताबिक घूमने की आजादी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव उन्हें बतायेगा कि बाबा साहेब अंबेडकर के लोकतंत्र में ये लोग टीएमसी के गुलाम नहीं हैं। टीएमसी, जिसने आदिवासी महिलाओं को घुटनों पर ला दिया है, जल्द ही घुटनों पर आ जायेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि टीएमसी ने बंगाल में रामनवमी समारोह का फिर विरोध किया था, लेकिन सच्चाई की जीत हुई। कलकत्ता हाइकोर्ट ने हावड़ा में जुलूस निकालने की मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीएमसी को अब लग रहा है कि मोदी ने अब योजनाओं को हर गरीब के दरवाजे तक पहुंचाने की गारंटी दे दी है। मोदी की गारंटी से राज्य को लाभ मिलेगा, तो राज्य की जनता का विकास होगा और टीएमसी की दुकान बंद हो जायेगी, इसलिए झूठी खबरें फैला रहे हैं। बंगाल की जनता मेरी गारंटी से वाकिफ है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने बंगाल पर शासन किया, वे राज्य को पीछे ले गये। टीएमसी ने रोहिंग्याओं को बंगाल की डेमोग्राफी बदलने की इजाजत दे दी है। उन्होंने कहा कि बंगाल में दो दिन पहले पोहेला बोइशाख के साथ नया साल शुरू हुआ। कल रामनवमी मनायी जायेगी। रायगंज का कहना है कि ये नया साल नयी उम्मीदें लेकर आया है, आज हर कोई कह रहा है- 4 जून 400 पार।

# हर हाल में केंद्र में भाजपा सरकार को आने से रोकना है: चंपाई सोरेन

राज्य में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति हर हाल में लागू करने की बात दोहरायी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** अपने चार दिवसीय दौरे के क्रम में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने मंगलवार को सरायकेला नगर एवं प्रखंड के झामुमो बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी के लिए जीत के मंत्र दिये। संवाद कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, झामुमो जिलाध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो, बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष छायाकांत गोराई, झामुमो युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सनद कुमार आचार्य, मुख्यमंत्री के बड़े पुत्र सिमल सोरेन, छोटे पुत्र वकील सोरेन, लिपू महंती आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने इंडी गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी को जिताने के लिए कार्यकर्ताओं को मूलमंत्र दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाल में केंद्र में भाजपा सरकार को आने से रोकना है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के 400 पार के नारे को नेस्तनाबूद करना ही हमारा संकल्प होगा। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने 65 पार का टार्गेट सेट किया था, जिसे हमने 25 पर समेट दिया था। इस बार झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत होगी। इसमें कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जुमलेबाजों की सरकार को रोकने की अपील की। चंपाई ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र और मोदी की गारंटी किस चिड़िया का नाम है। किस बात की गारंटी दे रहे हैं, उसका जिक्र क्यों नहीं किया। ये भी जुमला है। ऐसे जुमलेबाजों से बचना होगा, तभी देश में लोकतंत्र बहाल होगा। उन्होंने झारखंड सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार साल के कार्यकाल में राज्य की जनता का विकास देख कर केंद्र की भाजपा सरकार बौखला गयी है। मुख्यमंत्री ने सरायकेला जिला को रोल मॉडल बनाने का भरोसा दिलाया। साथ ही कहा कि राज्य में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति हर हाल में लागू होगी। अंत में उन्होंने 2019 के विधानसभा चुनाव का इतिहास दोहराने का संकल्प दिलाया।

## न्यूज रील्स

### मोदी 5-6 बड़े बिजनेसमैन की कठपुतली हैं: राहुल

वायनाड। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चार दिन के केरल दौरे पर हैं। यात्रा के दूसरे दिन उन्होंने कोझिकोड के कोडियाथुर में रोड शो किया। इस दौरान राहुल ने कहा कि आरएसएस और भाजपा कथित तौर पर संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के 5-6 बड़े बिजनेसमैन की कठपुतली बन गये हैं। मोदी में देश चलाने की समझ नहीं है। उनका काम लोगों को असली मुद्दों से भटकाना है।

### भाजपा सरकार बनी तो आप अपनी पहचान खो देंगे : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा बंगाल में (सत्ता में) नहीं आयेगी। वे जीतेंगे नहीं। वे एनआरसी, यूसीसी लायेंगे और आप सभी अपनी पहचान खो देंगे। वे आपके सभी अधिकार छीन लेंगे, इसलिए अगर आप देश को बचाना चाहते हैं, तो टीएमसी को वोट दें। हम पूरे देश में अपने सभी दोस्तों (इंडी गठबंधन) के साथ सरकार बनायेंगे। ममता मंगलवार को एक सबा को सोंबधित कर रही थी।

# झामुमो नेता अंतू तिर्की समेत नौ ठिकानों पर इडी की रेड

जमीन घोटाले से जुड़ा है मामला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने एक बार फिर दबिश दी है। इडी ने मंगलवार को सुबह-सुबह एक साथ नौ जगहों पर छापेमारी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार इडी ने झामुमो नेता अंतू तिर्की के घर पर छापेमारी की है। इन जगहों पर छापेमारी जमीन घोटाला मामले को लेकर की गयी है। खबर लिखे जाने तक इडी की कार्रवाई जारी थी। इडी तमाम जगहों पर दस्तावेजों को खंगाल रही थी और संबंधित लोगों से पूछताछ कर रही थी।

सूचना के मुताबिक इडी की अलग-अलग टीमों ने रांची के तुपुदाना, बरियातू, मोरहाबादी और पंडरा इलाके में छापेमारी की। इसमें से एक टीम अंतू तिर्की के बरियातू स्थित आवास पर पहुंची थी। झामुमो के केंद्रीय समिति में शामिल अंतू तिर्की पार्टी से लंबे समय से जुड़े हुए हैं। वे पार्टी के जिला सचिव भी रह चुके हैं।

बीच में वह कुछ दिनों के लिए झाविमो में चले गये थे। झाविमो के भाजपा में विलय होने के बाद अंतू तिर्की वापस झामुमो में आ गये थे।

बताया जा रहा है कि छापेमारी जमीन घोटाले से जुड़ी है। गौरतलब है कि जमीन घोटाले में इडी ने अब तक कई लोगों को गिरफ्तार किया है। उनमें रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, कारोबारी अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान और फैयाज खान शामिल हैं। ये सभी अभी न्यायिक हिरासत में है।

## झारखंड की तीन सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा

# गोड्डा से दीपिका, धनबाद से अनुपमा सिंह और चतरा से केएन त्रिपाठी बने उम्मीदवार

सिर्फ रांची सीट पर उम्मीदवार की घोषणा होनी बाकी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली/रांची।** कांग्रेस ने झारखंड के तीन और लोकसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। गोड्डा, चतरा और धनबाद सीट से अपने उम्मीदवार के नामों का एलान कर दिया है। गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह, चतरा से केएन त्रिपाठी और धनबाद से अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाया है। अनुपमा सिंह बेरमो के विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह की पत्नी हैं।

दीपिका पांडेय वर्तमान में महगामा विधानसभा से कांग्रेस की विधायक हैं। गोड्डा में उनका मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद निशिकांत दुबे के साथ होगा। वहीं, केएन त्रिपाठी डाल्टनगंज से पूर्व विधायक और मंत्री रहे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के कालीचरण सिंह से है। वहीं, अनुपमा सिंह कांग्रेस के बेरमो से विधायक जय मंगल सिंह उर्फ अनुप सिंह की पत्नी हैं। धनबाद में उनका मुकाबला भाजपा के ढुल्लू महतो से है।

गौरतलब है कि कांग्रेस खूंटी, लोहरदगा और हजारीबाग सीट से प्रत्याशी पहले ही घोषित कर चुकी है। खूंटी लोकसभा सीट से कालीचरण मुंडा, लोहरदगा से

### झापा से अपर्णा होंगी खूंटी सीट से उम्मीदवार

रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री एनोस एक्का की झारखंड पार्टी (झापा) ने मंगलवार को खूंटी लोकसभा सीट से अपर्णा हंस को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। प्रेस कांफ्रेंस कर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने नाम का एलान किया। खूंटी से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और कांग्रेस ने कालीचरण मुंडा को उम्मीदवार बनाया है।झापा ने दुमका से मुन्नी हांसदा को टिकट दिया है।

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 29 नक्सली ढेर

3 जवान घायल, साढ़े 5 घंटे चली मुठभेड़

**आजाद सिपाही संवाददाता**


**कांकेर।** लोकसभा चुनाव के पहले छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। कांकेर जिले के माड़ इलाके में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। सभी के शव बरामद हो गये हैं। इनमें नक्सली लीडर शंकर राव भी शामिल है। मुठभेड़ में बीएनएफ इंस्पेक्टर रमेश चौधरी सहित तीन जवान घायल हुए हैं। इनमें दो डीआरजी के जवान हैं। मौके से पांच एके-47 बरामद की गयी। सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ साढ़े पांच घंटे चली। मुठभेड़ में मारे गये शंकर राव और ललिता माड़वी डीवीसी रैंक के नक्सली लीडर थे। दोनों पर 25-25 लाख का इनाम घोषित था। पुलिस ने मौके से चार ऑटोमेटिक हथियार भी जब्त किये हैं।

**KAIRALI SCHOOL**
[Owned & Managed by the Malayalee Association, Ranchi]
(Affiliated to CBSE, Delhi, Affln. No. 3430042)
Sector -2, HEC Township, Ranchi-04, Jharkhand, India
Website : kairalischoolranchi.edu.in
Ph. No. 0651-2442484, 2443016, 7808257264

**Requirement of Teachers**

Post Graduates/Graduates with B.Ed./ M.Lib having experience are required for the following posts:
**PGT-** Chemistry, Librarian
**TGT-** Chemistry, Computer
Apply on or before **23.04.2024** in prescribed application form availabe at School website:kairalischoolranchi.edu.in Date/s for downloading of application form **18.04.2024**

Sd/- Hon.General Secretary
Malayalee Association, Ranchi.




## यूपीएससी का रिजल्ट जारी

# जमशेदपुर की स्वाति को मिला 17वां रैंक

साक्षी जमुआर को मिला 89 वां रैंक, गढ़वा डीसी शेखर जमुआर की हैं बेटी


स्वाति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग 2023) का रिजल्ट मंगलवार को जारी कर दिया गया। इसमें झारखंड की बेटी स्वाति को 17वां रैंक मिला है। स्वाति कालिका नगर मानगो की रहनेवाली है। वह पूर्व थल सैनिक (सीएमपी) संजय शर्मा की पुत्री है। वहीं गढ़वा डीसी शेखर जमुआर की बेटी साक्षी जमुआर को 89 वां रैंक मिला है। रांची की मोनिका पटेल ने भी यूपीएससी क्रैक किया है। मोनिका को 708वां रैंक मिला है। रांची के सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड दरभंगा हाउस में पदस्थापित मुख्य प्रबंधक वीरेश कुमार के बेटे वैभव कुमार ने भी यूपीएससी क्लीयर कर लिया है। वैभव कुमार को 151वां स्थान प्राप्त हुआ है।

रांची की मोनिका चंद्रनाथ भाई पटेल की बेटी है। मोनिका ने सफलता प्राप्त कर माता-पिता सहित संपूर्ण झारखंड को गौरवान्वित किया है। मोनिका की सफलता पर उनका पूरा परिवार खुश है। मोनिका और उनके परिजनों को लगातार बधाई मिल रही है।

### 28 मई 2023 को हुई थी परीक्षा की शुरुआत

यूपीएससी ने रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परीक्षा में आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है। अनिमेष प्रधान और डोनुरु अनन्या रेड्डी को दूसरा रैंक मिला है। फाइनल रिजल्ट में 1016 उम्मीदवार क्वालिफाई हुए हैं। बताते चलें कि यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 28 मई, 2023 को आयोजित की गयी थी। 15, 16, 17, 23 और 24 सितंबर, 2023 को मुख्य परीक्षा ली गयी थी। 2 जनवरी से 9 अप्रैल के बीच तीन चरण में साक्षात्कार हुआ था।



# ग्वालियर-राघोगढ़ से लेकर मैसूर-मेवाड़ और पटियाला तक | रियासत से सियासत तक

## चुनावी रण में शाही वारिश आजमा रहे किस्मत

### जानकारी

सलोनी

चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ-साथ देश की सियासी सरगर्मी दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। उधर, भाजपा और कांग्रेस समेत अन्य प्रमुख दलों ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अधिकतर उम्मीदवार तय कर दिये हैं। इन सूचियों में कई ऐसे नाम हैं, जिनका ताल्लुक राजघरानों से है। सूची में दिग्विजय सिंह, ज्योतिरादित्य सिंधिया, दुष्यंत सिंह जैसे चर्चित नाम हैं। यह जानना दिलचस्प है कि देशभर में राजघरानों से भाजपा-कांग्रेस ने कितने शाही उम्मीदवारों को टिकट दिया है? इनकी राजनीतिक पकड़ कितनी है? इन राजघरानों का इतिहास क्या है?





### मध्यप्रदेश की राजगढ़ सीट से दिग्विजय सिंह

लोकसभा चुनाव में राघोगढ़ राजपरिवार से ताल्लुक रखने वाले दिग्विजय सिंह अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कांग्रेस ने राजगढ़ लोकसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को उम्मीदवार बनाया है। राघोगढ़ ब्रिटिश राज में ग्वालियर रेजीडेंसी की एक रियासत हुआ करती थी। इसकी स्थापना 1673 में लाल सिंह खीची ने की थी। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के पिता बलभद्र सिंह इस राजघराने के अंतिम शासक रहे।

### गुना संसदीय सीट से ज्योतिरादित्य सिंधिया

ग्वालियर राजघराने के वंशज ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना संसदीय क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार हैं। राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया अभी केंद्र की मोदी सरकार में नागरिक उड्डयन मंत्री हैं। आजादी के पहले ग्वालियर पर सिंधिया राजाओं का राज हुआ करता था। ज्योतिरादित्य सिंधिया के माता-पिता ग्वालियर के पूर्व शासक माधवराव सिंधिया और माधवी राजे सिंधिया थे, जो एक मराठा रियासत थी। ज्योतिरादित्य ग्वालियर रियासत के अंतिम आधिकारिक शासक जीवाजीराव सिंधिया के पोते हैं।

### वसुंधरा राजे के बेटे दुष्यंत राजस्थान के झालावाड़ से

पूर्व धौलपुर रियासत से संबंध रखने वाले दुष्यंत सिंह झालावाड़-बारां लोकसभा सीट से उम्मीदवार हैं। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बेटे दुष्यंत भाजपा के उम्मीदवार हैं। दो बार की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया राजघराने से ताल्लुक रखती हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया उनके भतीजे हैं, जो अभी केंद्र में मंत्री हैं। भाजपा सांसद दुष्यंत सिंह के पिता का नाम हेमंत सिंह है। राणा हेमंत सिंह 1954 तक धौलपुर के महाराजा थे।

### महिमा कुमारी राजसमंद सीट से

राजस्थान की ही राजसमंद लोकसभा सीट से मेवाड़ घराने की राजकुमारी महिमा कुमारी चुनाव लड़ रही हैं। महिमा को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। मेवाड़ साम्राज्य राजपूताना क्षेत्र में एक स्वतंत्र राज्य था। इस राज्य के अंतिम आधिकारिक शासक भूपाल सिंह थे।

### उत्तराखंड की टिहरी सीट से माला राज्यलक्ष्मी शाह

टिहरी लोकसभा के चुनावी समर में राजपरिवार की किस्मत दांव पर है। यहां से भाजपा ने राजपरिवार की सदस्य माला राज्यलक्ष्मी शाह को उम्मीदवार बनाया है। राज्यलक्ष्मी शाह अभी टिहरी लोकसभा सीट से सांसद भी हैं। नेपाल में जन्मी राज्यलक्ष्मी का विवाह 1975 में टेहरी गढ़वाल के महाराजा मनुजेंद्र शाह साहिब बहादुर से हुआ था। गढ़वाल साम्राज्य के अंतिम शासक महाराजा मनबेंद्र शाह थे, जिन्होंने 1946 से 1949 तक शासन किया था।

### कर्नाटक की मैसूर सीट से यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा मैदान में

मैसूर के पूर्व शाही परिवार के वंशज यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार भी सियासी समर में उतर चुके हैं। उन्हें भाजपा ने कर्नाटक की मैसूर सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। यदुवीर सबसे अमीर भारतीय शाही परिवारों में से एक मैसूर साम्राज्य के पूर्ववर्ती शाही परिवार के 27वें मुखिया हैं। जयचामा राजेंद्र वाडियार मैसूर के अंतिम आधिकारिक महाराजा थे।

### महाराष्ट्र के कोल्हापुर से मैदान में हैं शिवाजी महाराज के वंशज शाहू महाराज

छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज शाहू महाराज इस चुनावी समर में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज शाहू महाराज कोल्हापुर सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। शाहू महाराज उस पूर्ववर्ती शाही परिवार के मुखिया हैं, जिन्होंने कोल्हापुर रियासत पर शासन किया था।

### महुआ मोइत्रा के सामने हैं अमृता रॉय

कृष्णानगर शाही परिवार की सदस्य अमृता रॉय लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रही हैं। अमृता को भाजपा ने कृष्णानगर से अपना उम्मीदवार बनाया है, जो हाल ही में पार्टी में शामिल हुई थीं। शाही उम्मीदवार का सामना तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा से होगा। अमृता रॉय कृष्णानगर के शाही परिवार से आती हैं और उन्हें लोग 'राजबाड़ी की राजमाता' भी कहते हैं। दरअसल, अमृता रॉय कृष्णानगर की राजबाड़ी के 39वें वंशज सौमिष चंद्र रॉय की पत्नी हैं। कृष्णानगर में 18वीं सदी में इस परिवार का राज हुआ करता था। इसी परिवार से संबंध रखने वाले महाराजा कृष्णचंद्र रॉय ने नादिया में 1728 से 1782 तक राज किया था। कृष्णचंद्र को मुगल शासन के विरोध के साथ-साथ उनके राज्य में कला के विस्तार और संरक्षण का श्रेय दिया जाता है।

### कैप्टन अमरेंदर सिंह की पुत्री परणीत कौर भाजपा से आजमा रहीं किस्मत

राज्य के पूर्व पटियाला रियासत की महारानी परणीत कौर भी चुनाव मैदान में हैं। पटियाला से कांग्रेस सांसद चुनी गयीं परणीत कौर इस बार भाजपा की उम्मीदवार हैं। उनके पति कैप्टन अमरिंदर सिंह पंजाब के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। परणीत कौर के पति कैप्टन अमरिंदर सिंह पंजाब की सबसे बड़ी रियासत के पूर्व शासक, पटियाला के महाराजा यादवेंद्र सिंह के बेटे और उत्तराधिकारी थे। अमरिंदर सिंह 1974 में अपने पिता के उत्तराधिकारी के रूप में पटियाला के महाराजा बने, जिसके बाद परणीत कौर पटियाला की महारानी बनीं। यादवेंद्र सिंह इस रियासत के अंतिम आधिकारिक महाराजा थे।

### त्रिपुरा लोकसभा सीट से कृति देवी देवबर्मन

राज्य के शाही परिवार से जुड़ी कृति देवी देबबर्मन भी इस चुनाव में उतरी हैं। कृति देवी को भाजपा ने उनके मायके त्रिपुरा पूर्व संसदीय क्षेत्र से मैदान में उतारा है। वह त्रिपुरा के शाही परिवार के मुखिया प्रद्योत माणिक्य देबबर्मा की बड़ी बहन हैं। हाल ही में त्रिपुरा की पार्टी टिपरा मोथा ने भाजपा के साथ लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन किया था। इसी समझौते के तहत प्रद्योत की बहन कृति भाजपा की उम्मीदवार बनायी गयी हैं। दिलचस्प है कि कृति देवी देबबर्मन का ताल्लुक छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कवर्धा रियासत से भी है। उनका विवाह छत्तीसगढ़ के कवर्धा के राजा और पूर्व विधायक योगेश्वर राज सिंह के साथ हुआ है।

### ओड़िशा की बोलांगीर से संगीता कुमार सिंहदेव चुनावी मैदान में

राज्य के पटनागढ़ शाही परिवार से संगीता कुमार सिंहदेव चुनाव मैदान में हैं। संगीता अभी बोलांगीर से भाजपा की सांसद हैं। वह पटनागढ़ के महाराजा केवी सिंह देव की पत्नी हैं। पटनागढ़ की पूर्व रियासत पर 1931 से महाराजा राजेंद्र नारायण सिंह देव का शासन था। देश की आजादी के बाद दिसंबर 1947 में रियासत का विलय भारत संघ में हो गया। राज्य के कालाहांडी जिले के शाही परिवार के सदस्य मालविका केशरी देव भी मैदान में हैं। उन्हें भाजपा ने कालाहांडी सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। मालविका केशरी देव शाही परिवार के सदस्य, पूर्व सांसद अरका केशरी देव की पत्नी हैं। कालाहांडी राज्य ब्रिटिश शासन के दौरान भारत की रियासतों में से एक था। इसे करोंद राज्य के नाम से भी जाना जाता है। कालाहांडी के अंतिम शासक प्रताप केशरी देव थे। यह जनवरी 1948 में भारतीय संघ में शामिल हो गया।

# जब एक लोकसभा सीट पर दो सांसद चुने जाते थे

अक्षय

इस समय देश में चुनाव का माहौल है। 19 अप्रैल को पहले चरण के लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। ये चुनाव कुल सात चरणों में होने हैं। उधर तमाम सियासी दलों ने अपने अधिकतर उम्मीदवारों का भी एलान कर दिया है। पार्टियां अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटी हुई हैं। हर सीट पर अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए पार्टियां जोर-आजमाइश कर रही हैं। चुनावी गहमागहमी के बीच कम ही लोगों को पता होगा कि पहले दो आम चुनावों में कुछ सीटों पर दो-दो सांसद चुने गये थे। यह व्यवस्था 1961 में एक कानून के जरिए खत्म की गयी थी।

26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के बाद मार्च 1950 में सुकुमार सेन देश के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त बने थे। कुछ दिनों बाद संसद ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम पारित किया, जिसमें बताया गया कि संसद और विधानसभाओं के चुनाव कैसे होंगे? पहले आम चुनाव के लिए लोकसभा की कुल 489 सीटें थीं। ये सीटें 401 निर्वाचन क्षेत्रों में बांटी गयी थीं। जब 1951 और 1952 के बीच देश के पहले आम चुनाव हुए, तो 489 सीटों में से 314 निर्वाचन क्षेत्रों में एक सांसद का चुनाव किया गया। हालांकि, 86 सीट ऐसी भी रहीं, जहां से दो-दो सांसद चुने गये। इनमें एक सामान्य श्रेणी से और एक अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से चुने गये। 1951 में सबसे अधिक दो सांसदों वाली सीट उत्तरप्रदेश में 17 थीं। इसके बाद मद्रास में ऐसी 13, बिहार में 11, बांबे में आठ और मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल में छह-छह सीटें थीं। वहीं पश्चिम बंगाल में एक ऐसी सीट थी, जहां से तीन सांसद निर्वाचित हुए थे। जिस व्यवस्था के तहत

### चुनावी जानकारी



एक सीट से दो या तीन सांसद चुने गये, उसे समाज के वंचित वर्गों को प्रतिनिधित्व देने के लिए बनाया गया था।

देश में दूसरे लोकसभा चुनाव 1957 में कराये गये थे। इसके पहले राज्यों का पुनर्गठन हुआ था। 1957 में लोकसभा सीटों की कुल संख्या 494 थी। ये सीटें 401 निर्वाचन क्षेत्रों में बांटी गयी थीं। इस बार 91 सीटें ऐसी रहीं, जहां दो-दो सांसद चुने गये। सबसे ज्यादा यूपी में दो सांसद वाली 18 सीटें थीं। वहीं मध्यप्रदेश में नौ सीट, आंध्रप्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, बांबे में आठ-आठ, मद्रास में सात, ओड़िशा में छह और पंजाब में पांच सीटें थीं।


दो सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्रों में सीटों के आरक्षण की व्यवस्था की काफी आलोचना की गयी। उस वक्त सुझाव दिया गया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सभी सीटें एकल सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्रों वाली होनी चाहिए। दो-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्र वाली व्यवस्था असुविधाजनक और बोझिल मानी गयी। आखिरकार 1961 के दो-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्र (उन्मूलन) अधिनियम के जरिये इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया। वहीं जब 1962 के लोकसभा चुनाव हुए, तो इसमें एकल व्यवस्था लागू कर दी गयी, जो आज तक चल रही है। यानी एक निर्वाचन क्षेत्र से एक ही सांसद का निर्वाचन होगा।

# विपक्ष की रैली विफल करने के लिए टीवी पर चली फिल्म 'बॉबी'

राजवीर

किस्से की शुरुआत साल 1977 की जनवरी से होती है। देश में आपातकाल को लगे 18 महीने हो चुके थे। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ये एलान करती हैं कि देश में हालात सामान्य हो चुके हैं, इसलिए जल्द ही चुनाव कराये जायेंगे। इंदिरा के एलान के साथ ही विपक्षी नेताओं को देशभर की जेलों से रिहा किया जाने लगता है। अगले ही दिन जनसंघ, लोकदल, सोशलिस्ट पार्टी और कांग्रेस (ओ) के नेताओं की दिल्ली में मुलाकात होती है। इस बैठक के बाद कांगेस (ओ) के नेता मोरारजी देसाई प्रेस को बताते हैं कि बैठक में शामिल दलों ने अगला चुनाव एक चुनाव चिह्न और एक पार्टी के झंडे तले लड़ने का फैसला किया है। 23 जनवरी 1977 को जनता पार्टी नाम से यह दल अस्तिव भी आ जाता है। जयप्रकाश नारायण इसके नेता बनते हैं।

नये दल के गठन के 10 दिन बाद ही कांग्रेस को एक बहुत बड़ा झटका लगता है। 1975 में जिस नेता ने संसद में आपातकाल का प्रस्ताव रखा था, वही नेता इंदिरा का साथ छोड़ देता है। वह नेता होते हैं बाबू जगजीवन राम। जगजीवन राम का इस्तीफा आने वाले तूफान का संकेत दे जाता है। उस दौर में दलितों के सबसे बड़े नेता का कांग्रेस से नाता तोड़ना इंदिरा गांधी के लिए एक बहुत बड़ा झटका था। कांग्रेस से इस्तीफे के बाद जगजीवन राम अपना दल बनाते हैं। फरवरी 1977 में उनकी नयी पार्टी कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी अस्तित्व में आती है। जगजीवन राम का साथ देते हैं हेमवती नंदन बहुगुणा, नंदिनी सत्पथी और राजमंगल जैसे कद्दावर नेता। कांग्रेस विरोधी मतों का विभाजन रोकने के लिए जगजीवन राम की पार्टी और जनता पार्टी में भी गठबंधन हो जाता है।



### जेपी अपनी रैलियों में आपातकाल की याद दिलाते

चुनाव प्रचार शुरू हुआ। एक तरफ इंदिरा चुनाव प्रचार का चेहरा थीं, तो दूसरी ओर जयप्रकाश नारायण। बढ़ती उम्र, गिरते स्वास्थ्य की परवाह किये बिना जयप्रकाश देश भर में रैलियां कर रहे थे। सिर्फ डायलिसिस करवाने के लिए ही जयप्रकाश चुनाव प्रचार से ब्रेक लेते थे। अपनी रैलियों में वह आपातकाल की यातनाओं की याद दिलाते, जनता से कहते कि अगर कांग्रेस वापस आती है, तो पिछले 19 महीने का आतंक अगले 19 साल की यातना बन जायेगा। जबरन नसबंदी को फिर से लागू किया जायेगा। विपक्ष यह प्रचार करने में लगा था कि कांग्रेस अब वह कांग्रेस नहीं रही, बल्कि ये इंदिरा के परिवार की जागीर बन चुकी है। दूसरी तरफ इंदिरा अपनी रैलियों में इन आरोपों का खंडन करतीं। अपने परिवार के त्याग और सेवा की लोगों को याद दिलातीं।

20 मार्च 1977 की रात को आम चुनाव के नतीजे दिल्ली के अखबार के दफ्तरों के सामने चस्पां कर दिये गये। अखबारों ने ये खबर पूरे देश में फैला दी कि लोगों ने जनता पार्टी के पक्ष में बढ़-चढ़ कर मतदान किया है और आपातकाल के सभी सूत्रधार चुनाव में खेत रहे। नतीजे इंदिरा के लिए बहुत बड़ा झटका थे। खुद प्रधानमंत्री अपने गढ़ रायबरेली से हार गयीं। कांग्रेस की धुरी बन चुके इंदिरा के बेटे संजय गांधी भी अमेठी से हार गये। उन्हें एक सामान्य पृष्ठभूमि के छात्र नेता ने हरा दिया। इंदिरा-संजय के साथ उत्तरप्रदेश की सभी 85 सीटों पर कांग्रेस को हार मिली। इसी तरह पड़ोस के बिहार की सभी 54 सीटों पर कांग्रेस हार गयी। इसी तरह मध्यप्रदेश और राजस्थान में भी कांग्रेस को सिर्फ एक-एक सीट पर जीत मिली।

### रामलीला मैदान में विपक्ष की रैली

6 मार्च 1977, दिन रविवार, विपक्ष रामलीला मैदान में एक विशाल रैली का आयोजन करता है। ये रैली विपक्ष के चुनाव अभियान की शुरुआत थी। उस वक्त देश में सिर्फ एक टीवी चैनल होता था। ये चैनल सरकारी नियंत्रण में था। जिस वक्त रामलीला मैदान में रैली हो रही थी, उस वक्त टीवी पर उस समय की सुपरहिट फिल्म 'बॉबी' दिखायी जा रही थी। कहा जाता है कि ऐसा इसलिए किया गया, जिससे जनता टीवी पर चिपकी रहे और विपक्ष की रैली विफल हो जाये। इसके बाद भी 'बॉबी' पर 'बाबू' और 'जेपी' भारी पड़े। रामलीला मैदान में जयप्रकाश नारायण को सुनने लाखों लोग पहुंचे। रैली में विपक्ष के कई नेताओं ने भाग लिया। ठीक उसी दिन इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और जयप्रकाश नारायण का साक्षात्कार छपा। इस साक्षात्कार में इंदिरा ने कहा कि जनता पार्टी के लोग किसी सकारात्मक योजना के साथ एक मंच पर नहीं आये हैं। ये सभी अपने पुराने उद्देश्य 'इंदिरा हटाओ' के लिए एकजुट हुए हैं। इसमें कुछ भी नया नहीं है।

# भागलपुर की जंग में एक-एक वोट की नूरा कुश्ती

विद्यासागर

यह सच है कि 1984 के बाद कांग्रेस ने भागलपुर से जीत का परचम नहीं लहराया। 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस के अजीत शर्मा को उम्मीदवार बनाये जाने के बाद भागलपुर की सीट का संघर्ष काफी कठिन हो गया है। गत कुछ चुनाव से एनडीए के हाथों में रही इस सीट पर इस बार मुकाबला बूथ दर बूथ होने जा रहा है। एनडीए के लिए जीत का रास्ता तभी सामने आयेगा, जब जदयू के उम्मीदवार अजय मंडल अपनी अलोकप्रियता और भीतर ही भीतर भाजपा कार्यकर्ताओं में इस सीट को जदयू के द्वारा हथिया लिये जाने के आक्रोश से उबर पाने में कामयाब होंगे।

### क्या है जदयू और भाजपा के मतदाताओं के बीच का जंग

2014 में मोदी लहर के बावजूद सीट बीजेपी के हाथ से निकल गयी और आरजेडी के शैलेश कुमार मंडल की जीत हुई। 2019 में जेडीयू के अजय कुमार मंडल ने सीट पर कब्जा किया और आरजेडी के शैलेश कुमार को हराया।

### बिहार का रणक्षेत्र



अजय मंडल



अजीत शर्मा

जदयू और भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच जंग की शुरुआत तब हुई, जब शाहनवाज हुसैन की सीटिंग सीट को जदयू ने अपने नाम कर ली और वर्ष, 2019 लोकसभा की चुनावी जंग जीत ली। इस बार फिर से भागलपुर लोकसभा सीट जदयू के हाथ में चले जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के भीतर काफी नाराजगी घर कर गयी है। भाजपा कार्यकर्ता ठगे हुए महसूस कर रहे हैं। दूसरी ओर जदयू सांसद अजय मंडल के विरुद्ध एंटी इनकंबेंसी भी है। इनके क्रिया-कलापों से नाराज रहने वालों में मंडल जाति के भी लोग हैं।

### मंत्रणा के बाद तय हुआ अजीत शर्मा का नाम

बड़ी माथापच्ची के बाद महागठबंधन ने भागलपुर विधानसभा के विधायक अजीत शर्मा को भागलपुर लोकसभा का उम्मीदवार बनाया। पहले चर्चा थी कि अजीत शर्मा की बेटी नेहा शर्मा को भागलपुर लोकसभा की जंग में उतारा जायेगा। लेकिन काफी मंत्रणा के बाद अजीत शर्मा का नाम तय किया गया।

# गले में चप्पलों की माला पहन कर वोट मांग रहे उम्मीदवार

प्रशांत

लोकसभा चुनाव की तारीख घोषित होते ही उत्तरप्रदेश की सियासत तेज हो गयी है। राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने हिस्से के प्रचार प्रसार में जुटी हैं। चुनाव को लेकर अलग-अलग पार्टियों के उम्मीदवार जनता के बीच जाकर वोट मांग रहे हैं। इसी क्रम में यूपी की अलीगढ़ लोकसभा सीट पर एक अनोखा चुनाव प्रचार देखने को मिला है। दरअसल, इस सीट पर एक निर्दलीय उम्मीदवार केशव देव गौतम अनोखे तरीके से जनता से वोट मांग रहे हैं। चुनाव आयोग की तरफ से निर्दलीय प्रत्याशी केशव देव गौतम को चुनाव चिह्न चप्पल मिला है। इसके बाद केशव देव अपने गले में चप्पलों की माला डाल कर अजीबो-गरीब तरीके से चुनाव प्रचार कर जनता से वोट मांग रहे हैं। इस चुनाव प्रचार का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आते ही लोगों की तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

### अनोखा प्रचार



गले में चप्पलों की माला डाल कर वोट मांग रहे निर्दलीय उम्मीदवार केशव देव गौतम ने बीजेपी उम्मीदवार सतीश गौतम को भ्रष्ट बताया है। केशव देव गौतम ने कहा कि भ्रष्टाचारियों ने बीजेपी से ईमानदार उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया है। उन्होंने गले में चप्पलों की माला को लेकर कहा कि उनकी भ्रष्टाचार विरोधी सेना का चुनाव चिह्न चप्पल है। इसी वजह से अपने सिंबल चप्पल को गले में डाल कर वोट की अपील कर रहा हूं। वह इस चुनाव में साइकिल को पंक्चर करेंगे या फूल को मरोड़ कर फेंकेगे। इसके चलते वह अपने गले में अपना चुनाव चिह्न चप्पल डाल कर वोट मांग रहे हैं।

# राज्यों के मुकाबले : दिल्ली की सभी सीटों की तस्वीर साफ

शंकर

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के चुनावी रण में आप-बीजेपी के बाद अब कांग्रेस ने अपने पत्ते खोल दिये हैं और अपने कोटे के तीनों उम्मीदवारों के नामों का एलान कर दिया है। अब दिल्ली की लड़ाई एकदम साफ हो गयी है। एक तरफ बीजेपी है और दूसरी तरफ इंडिया ब्लॉक में सहयोगी आप और कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। बीजेपी ने सात मौजूदा सांसदों में से सिर्फ मनोज तिवारी को ही इस बार रिपीट किया है। बाकी छह नये चेहरे मैदान में उतरे हैं, जबकि आप और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बनी है और आप ने चार और कांग्रेस ने तीन सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं।

### मनोज तिवारी के खिलाफ कन्हैया कुमार

कांग्रेस ने जिन तीन उम्मीदवारों की घोषणा की है, उनमें सबसे चर्चित नाम जेएनयू में छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार का है। कन्हैया को पार्टी ने उत्तर पूर्व से टिकट दिया है। उनका मुकाबला बीजेपी के मौजूदा सांसद मनोज तिवारी से होगा। कन्हैया 2019 का चुनाव बिहार की बेगूसराय सीट से लड़ चुके हैं। हालांकि, बीजेपी के गिरिराज सिंह के हाथों उन्हें 4,22,217 वोटों के अंतर से करारी हार का सामना करना पड़ा था। कन्हैया तब सीपीआइ के टिकट पर चुनाव लड़े थे। बाद में वह कांग्रेस में शामिल हो गये थे। सीट बंटवारे में एक बार फिर यह सीट सीपीआइ के हिस्से आयी है। इसके अलावा चांदनी चौक से कांग्रेस ने दोबारा जयप्रकाश अग्रवाल पर दांव खेला है। वहीं, नॉर्थ-वेस्ट से दलित नेता और पूर्व सांसद उदित राज को उम्मीदवार बनाया है। दिल्ली में कुल 1.47 करोड़ वोटर हैं। 2019 के चुनाव में बीजेपी ने मोदी लहर में सातों सीटों पर क्लीन स्वीप किया था। बीजेपी के सभी उम्मीदवारों को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस दूसरे नंबर पर और सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी तीसरे स्थान पर खिसक गयी थी। त्रिकोणीय मुकाबले में बीजेपी प्रत्येक सीट पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से बड़े वोटों के अंतर से आगे रही थी। बीजेपी को 56 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस को 22.5 प्रतिशत और आप को 18.1 प्रतिशत वोट मिले थे। 2014 में बीजेपी को 46.4 फीसदी वोट मिले थे।



# रामनवमी को लेकर संवेदनशील इलाकों में पहुंचे डीसी-एसपी, मॉक ड्रिल

**छत पर रखे ईंट पत्थर हटा लें, नहीं तो होगी कार्रवाई, कई घरों को थमाया नोटिस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामनवमी त्योहार को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है। शहर की हर गलियों को भगवा रंग से पाट दिया गया है। इस त्योहार में निकलने वाले जुलूस में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हो और शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए जिला प्रशासन भी काफी एहतियात बरत रहा है। मंगलवार को डीसी चंदन कुमार, एसपी डॉ बिमल कुमार, एसडीओ आशीष गंगवार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, अंचल अधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान, पुलिस बल और सीआरपीएफ जवानों के साथ सड़क पर उतरे। इस दौरान शहर के चट्टी बाजार, सौदागर मोहल्ला, लोहार टोला, शिवाजी रोड, सुभाष चौक, कोयरी टोला, गोलपार, पुरनी मंडप, बुढ़वा महादेव, नईसराय बस्ती, मनुवा, फुलसराय, सिरका, अरगड्डा सभी इलाकों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान अधिकारियों ने यह संदेश दिया कि किसी भी उपद्रवियों की चलने वाली नहीं है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रहेगी। हर जगह दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। सौदागर मोहल्ला, गोलपार, पूरनी मंडप शहर के संवेदनशील इलाकों में शामिल हैं। उन स्थानों पर सीआरपीएफ के जवान सुरक्षा में शामिल रहेंगे।



एक तरफ पुलिस प्रशासन फ्लैग मार्च कर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया तो दूसरी तरफ रामगढ़ थाना प्रभारी ने सौदागर मोहल्ला के हर घर को नोटिस थमा दिया। नोटिस में साफ शब्दों में लिखा गया है कि जिनके घर के छतों पर ईंट पत्थर और अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं रखी गयी है, तो वह तत्काल वहां से हटा लें। ड्रोन कैमरे की नजर में अगर आपत्तिजनक वस्तुएं आती हैं तो तत्काल उस घर के मालिक के खिलाफ कार्रवाई होगी। जिस रास्ते पर जुलूस निकालने वाला है, उस रास्ते के हर घर को यह नोटिस मिला है।

**हुड़दंगियों से निपटने के लिए किया गया मॉक ड्रिल:** रामनवमी त्योहार के मद्देनजर किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति में असामाजिक तत्वों और हुड़दंगियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए पुलिस के जवानों ने मॉक ड्रिल किया। पुलिस लाइन में आयोजित मॉक ड्रिल का संचालन डीसी चंदन कुमार और एसपी डॉ बिमल कुमार के द्वारा किया गया।

फ्लैग मार्च में ये थे शामिल

फ्लैग मार्च में एसडीओ आशीष गंगवार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, सीओ सत्येंद्र नारायण पासवान, प्रशिक्षु डीएसपी फौजान अहमद, रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अजय साहू, सार्जेंट मेजर मंटू यादव, पुलिस पदाधिकारी, कर्मी एवं सीआरपीएफ 218 डी बटालियन के सशस्त्र बलों ने हिस्सा लिया।




## टीएसपीसी का एरिया कमांडर गिरफ्तार

**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** कुंदा थाना क्षेत्र के हिंदियाकला गांव से प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी का एरिया कमांडर मंटू सिंह, पिता संकर सिंह, ग्राम (कैदल) थाना मनातू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। थाना प्रभारी नितेश कुमार प्रसाद ने बताया की पुलिस को सूचना मिली कि नक्सली संगठन टीएसपीसी का एरिया कमांडर लेवी लेने के लिए हिंदियाकला गांव आया है। इसी सूचना के आधार पर कुंदा पुलिस ने एरिया कमांडर मंटू सिंह को गिरफ्तार करने में सफल हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार एरिया कमांडर लेवी और रंगदारी के साथ मार-पीट कर दहशत फैलाने और बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में था।

## प्रखंड प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



**मांडू (आजाद सिपाही)।** रामनवमी पर्व और चैती दुगार्पूजा में शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रखंड प्रशासन ने मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च मांडूडीह और मांडूचट्टी के विभिन्न चौक चौराहों में निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों को शांति और सौहाद्रपूर्ण वातावरण के साथ रामनवमी पर्व और चैती दुर्गा पूजा मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च में मुख्य रूप से बीडीओ संजय कुमार कोंगाड़ी, सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी, पुलिस निरीक्षक सुरेश लिंडा, थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, सअनि सुरेंद्र सोय, डीके पासवान आदि अपने सशस्त्र बल के साथ मौजूद थे।

## मां भगवती जागरण का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा नलकारी नदी तट स्थित छठ मईया मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ सोमवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बीच हवण-पुणार्हुति के साथ संपन्न हो गया। महायज्ञ की सफलता को लेकर रात्रि में मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। जागरण का उद्घाटन मुख्य अतिथि भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक, सतीश सिन्हा, योगेन्द्र सिन्हा, दीपक प्रसाद, संजय वर्मा, संजय मिश्रा, जग्गू घांसी, संजय यादव आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गयी। भक्ति जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके बाद जागरण मंडली के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन व भक्ति गीतों की प्रस्तुति से श्रद्धालु महिला-पुरूषों को रात भर झुमाए रखा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के संजय मिश्रा, संजय वर्मा, संजीत राम, दीपक कुमार, सतीश सागर, शशि सागर, रवि दीप, विजय कुमार, अमृत कुमार विक्रम, योगेंद्र करमाली, कुमार आलोक, राजन राउत, संजय यादव, उपेंद्र शर्मा, अजय पासवान, दीपक भुइयां, विजय, शंकर, डब्लू पांडेय, राजगीरी, सुशील सिंह, विक्रम, विक्की, सौरव, सुदीप, मधुकर, गुरदयाल ठाकुर, श्रीनिवास अग्रवाल, डीके पंडित, अप्पू मिश्रा, उपेंद्र शर्मा, उत्तम सिन्हा, रमाकांत दूबे आदि का विशेष योगदान रहा।




## रामनवमी पूजा समिति ने निकाली शोभायात्रा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** रामनवमी पर्व को लेकर रामनवमी पूजा समिति डटमामोड़ कुजू ने मंगलवार को शोभा यात्रा निकाला। जुलूस के दौरान कानपुर से आये कलाकारों ने एक से बढ़कर एक हैरत-अंगेज कारनामे दिखाकर लोगों का मन मोह लिया। इधर, जुलूस में शामिल लोगों ने लाठी तलवार का करतब बाजी दिखाया। जुलूस के दौरान जमकर आतिशबाजी हुआ। जिससे आसमान सतरंगी हो गया। वहीं, शामिल रामभक्तों द्वारा जय श्री राम जय हनुमान के जयघोष से पूरा क्षेत्र राममय हो गया। जुलूस डटमा हनुमान मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ निकला। जो क्षेत्र के डटमामोड़, कुजू बस्ती, कुजू चौक, ट्रांसपोर्ट नगर के अलावे अन्य क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए पुन: मंदिर परिसर आकर समाप्त हो गया। इधर, स्थानीय कुजू पुलिस के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जुलूस में तैनात रहे। जुलूस में अध्यक्ष जयकुमार ओझा, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, अशोक कुमार, राकेश मेहता रॉक, कुलेश्वर मेहता, पप्पू ठाकुर, संतोष कुमार शर्मा, विद्याभूषण त्रिवेदी, शंभूलाल ठाकुर, मनोज सिंह, ज्ञान मिश्रा, फुदन मिश्रा, शंकर मेहता, विजय पासवान, कुला पांडेय, शिववचन सिंह, राकेश कुमार, अखिलेश सिंह, विशाल ओझा, सुधान सिंह सहित काफी संख्या में रामभक्त शामिल रहे।




## पतरातू में निकाला गया अष्टमी जुलूस



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू श्रीरामजानकी मंदिर परिसर से श्रीरामनवमी पूजा महासमिति के तत्वावधान में मंगला सह अष्टमी जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में मुख्य रूप से रामनवमीं समिति के अध्यक्ष निशि पांडेय शामिल थीं। बैंड बाजे के साथ निकाले गये जुलूस में पतरातू, जयनगर, संकुल, बरवातोला आदि गांवों की झांकियां भी शामिल थी। इसके साथ ही उन गांवों के खिलाड़ी और ग्रामीण भी शामिल थे। जुलूस का मुख्य आकर्षण रामनवमी पूजा महासमिति पतरातू के द्वारा कानपुर से मंगाया गया झांकी था। जुलूस में छोटे छोटे बच्चे भगवान के प्रतिरूप बनकर चल रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया गिरजेश कुमार, पुनीत पाठक, उदय अग्रवाल, शशि पाठक, महानंद सिंह, महेंद्र गोप, नरेश साव, रवि दत्ता, मनोज साहू, सुजीत गुप्ता, सुभाष साहू, रामजी स्वर्णकार, गणेश स्वर्णकार, दिगंबर सिंह, वसंत ठाकुर आदि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## सरहुल पूजा धूमधाम से संपन्न

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** चितरपुर महाविद्यालय के परिसर में सांस्कृतिक विभाग द्वारा आयोजित प्रकृति का पर्व सरहुल पूजा बहुत ही धूम-धाम से मनाया गया। सबसे पहले पाहन द्वारा सरई वृक्ष की डाल स्थापित कर विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया गया और सरहुल कार्यक्रम की शुभारंभ की गयी। प्राचार्या द्वारा महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और कर्मियों को गमछा देकर सम्मानित किया गया। गुड़ चना प्रसाद वितरण के बाद छात्र-छात्राओं द्वारा झारखंडी सरहुल गीतों पर नृत्य झूमर प्रस्तुत की गयी कॉलेज के छात्र-छात्राएं खूब नाचे गये झूम और सरहुल महोत्सव का आनंद लिया कार्यक्रम में मुख्य रूप महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संज्ञा ने कहा कि यह पर्व हमें प्रकृति से प्रेम करना सिखाता है और हमें प्रकृति की पूजा करना चाहिए पेड़ पौधा सुरक्षित है तभी जीव जंतु सुरक्षित रहेगा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हर छात्र छात्राएं प्रत्येक वर्ष एक पेड़ अवश्य लगायें।

रजिस्ट्री सं.डी.एल.–33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.अ–08042024–253603
असाधारण
भाग II–खण्ड 3 उप–खण्ड (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित

सं. 1563] नई दिल्ली, सोमवार, अप्रैल 8, 2024/चैत्र 19, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 8 अप्रैल, 2024

**का.आ. 1646 (अ).**– केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का. आ **1750 तारीख 17 April 2023,** जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के साहिबगंज जिले के गाँव–शोभानपुर गंगा प्रसाद, हाजीपुर भीड्डा, तालुक–साहिबगंज और गाँव– तालुक–मंडरो और गाँव– बड़ा तौफिर तालुक बोरियो और गाँव– तालुक–तालझारी और गाँव–तालुक–उधवा और गाँव, तालुक–पतना और गाँव– तालुक बरहरवा में NH80 के कि.मी. 190 से कि.मी. 215, NH80 के कि.मी. 260 से कि.मी. 283 तक के भूखण्ड पर टोल प्लाजा के निर्माण, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख ''30.04.2023'' को ''प्रभात खबर (हिन्दी)'' और ''दैनिक जागरण (अंग्रेजी)'' दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपार्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;


और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

**झारखंड राज्य के साहिबगंज जिले के गाँव– शोभानपुर गंगा प्रसाद, हाजीपुर भीड्डा, तालुक–साहिबगंज और गाँव– तालुक–मंडरी और गाँव– बड़ा तौफिर तालुक–बोरियो और गाँव– तालुक तालझारी और गाँव– तालुक–उधवा और गाँव, तालुक–पतना और गाँव– तालुक–बरहरवा में NH 80 के कि.मी. 190.00 से कि.मी. 215.00, NH80 के कि.मी. 260.00 से कि.मी. 283.00 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।**

[फा.स. NHAI/PD/PIU/SBG/NH-80/LA/PKG-II/3D]
अभय जैन, उप सचिव

जिलाः साहिबगंज
प्रकाशन तिथिः 08.04.2024
https://egazette.gov.in/(S(syzhr2eg413oys2fnod4dr02))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/Notification_d_qr.cshtml?project id=60588 & notification id=54508&EncHid=2021408628&1=2






# Notice

Notice is hereby given that the Certificate(s) for the under mentioned Equity Shares of the company "TCPL Packaging Limited have been lost/misplaced and the holder(s)/ purchaser(s) of the said Equity Shares have applied to the company to issue duplicate share certificate(s)
Any person who has claim in respect of the said shares should lodge the same with the company "TCPL Packaging Limited at its Registered Office within 21 days from this date else the company will proceed to issue duplicate certificate(s) to the aforesaid applicants without any further intimation.

| Folio No. | Name of share holder | No. of Shares | Distinctive Number | | Certificate No. | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | From | To | From | To |
| 0027988 | Mahesh Poddar | 100 | 2789501 | 2789600 | 15995 | 15995 |
| 0027988 | Mahesh Poddar | 100 | 2967901 | 2968000 | 17779 | 17779 |
| 0027988 | Mahesh Poddar | 100 | 3859976 | 3860075 | 30337 | 30337 |

Mahesh Poddar
(Name of Share holder)
Dated 16.04.2024
Name and Registered Office address of the company:-TCPL Packaging Ltd.
Empire Mills Complex, 414 Senapati Bapat Marg, Lower Parel,
Mumbai-400013 (Maharashtra)
Contact No. 022-61646000, Email id :- nanavati@tcpl.in

## जयप्रकाश वर्मा ने मरकच्चो प्रखंड का किया भ्रमण



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** कोडरमा लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी प्रो जयप्रकाश वर्मा ने मरकच्चो प्रखंड क्षेत्र में भ्रमण किया और मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। जयप्रकाश वर्मा ने समर्थकों के साथ मरकच्चो, अरकोसा, बैजलाढाब, दरदाही, कादोडीह, पिपराडीह, नावाडीह आदि गांव के मतदाताओं से जनसंपर्क किया और मतदाताओं से वोट मांगें। मौके पर महेंद्र प्रसाद वर्मा, सुरेश साव, सुरेंद्र वर्मा, हरिहर साव, भुनेश्वर राणा, रामकिसुन वर्मा, सीकेन्द्र वर्मा, मुंशी महतो, मोहन वर्मा, अर्जुन वर्मा, शंकर वर्मा, गजानंद वर्मा, मोहन वर्मा, सहदेव महतो, पंकज वर्मा, मेघलाल वर्मा, सुरेंद्र वर्मा उपस्थित थे।

## नगरखारा में शांति समिति की बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत नगरखारा मध्य विद्यालय में सोमवार को कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में रामनवमी पर्व को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने, एक दूसरे के धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखने और निर्धारित रूट पर ही अखाड़ा जुलूस निकालने की बात कही। उन्होंने कहा दोनों समुदाय के लोग एक दूसरे को सहयोग करें, ताकि आपसी सौहार्द की मिसाल कायम हो सके। वहीं उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी, अगर किसी तरह की अप्रिय घटना की सूचना मिले तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दें। मौके पर साजिद हुसैन, राजो साव, मकसूद आलम, उमेश राम, गजेंद्र राम, मुन्ना राम, मो जाहिद, हाजी आफताब, राजू खान, संतोष चंद्रवंशी, नेहाल उद्दीन, मो असलम लल्लू, संजय पासवान, संदीप साव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## रामनवमी को लेकर निकला फ्लैग मार्च



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** रामनवमी पर्व को लेकर जिला प्रशासन नें शांति व्यवस्था को लेकर जिले के कई इलाकों में फ्लैग मार्च निकाल लोगों से शांति और सद्भाव के साथ रामनवमी मनाने की अपील की। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निदेर्शानुसार रामनवमी पर्व को मद्देनजर रखते हुए कोडरमा पुलिस द्वारा तिलैया थाना क्षेत्र में गुमो, भादोडीह, झंडा चौक से लेकर महाराणा प्रताप चौक, दर्जी मुहल्ला, चेचाई से चराडीह आदि क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसका नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु दिवाकर कुमार ने किया जिसमें स्थानीय थाना प्रभारी समेत पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## पंडालों के पट खुलते ही प्रतिमा दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने चंदवारा प्रखंड क्षेत्र के ढाब में चैती दुर्गा उत्सव को लेकर माता दुर्गा के पट का उद्घाटन किया। पंडालों के पट खुलते ही प्रतिमा दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में भी कई स्थानों पर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की जा रही है। इस दौरान पूर्व विधायक ने माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। माता रानी से क्षेत्र के लोगों पर अपनी कृपादृष्टि बनाये रखने की कामना की। मौके पर हजारीबाग भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, चंदवारा जिला परिषद सदस्या नीतु यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण यादव, लीलावती यादव, महेंद्र यादव, बरही सदर जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, धनंजय सिंह, कुलदीप यादव, रामदेव यादव, मनोज यादव, श्याम सिंह, कैलाश शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## मां महागौरी की पूजा अर्चना धूमधाम से



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बासंतिक नवरात्रि में अष्टम रूप मां महागौरी की पूजा अर्चना बड़े ही धूमधाम से किया जा रहा है। चैत्र नवरात्रि में आठवां दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी जी को समर्पित है। इस दिन को दुर्गा अष्टमी भी कहा जाता है इस दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की जाती है धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन मां दुर्गा असुरों के संहार करने के लिए प्रकट हुई थी। जयनगर पूजा प्रबंध समिति के द्वारा पूजा संपन्न करने में समिति के अध्यक्ष राज नारायण सिंह, उपाध्यक्ष शशिकांत प्रसाद, मोहन यादव, महासचिव सतीश पांडेय, सचिव रामकुमार, पप्पू सोनी, कोषाध्यक्ष चंदन कुमार, अंकेक्षक सुरेंद्र भाई मोदी, सुभाष स्वर्णकार, संरक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी, बाल गोविंद रविदास, महेश पांडेय, संतोष साव, अमरदीप शर्मा सहित कई लोग लगे हुए हैं।

## डीएवी में मनाया गया प्रेरणा उत्सव



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी कोडरमा में प्रेरणा उत्सव के अंतर्गत अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें विकसित भारत को व्यंग्य चित्र द्वारा कक्षा दसवीं के इकजोत, रिया और ऋषिका ने दिखाया। विकसित भारत के विभिन्न रूपों को कक्षा दसवीं की वर्तिका शुक्ला, यशी जायसवाल, शौर्य संस्कार, सत्यम कुमार और रिया राज ने चित्रकला के माध्यम से दिखलाया। कहानी लेखन द्वारा कृतिका देबनाथ, जिज्ञासा रानी, तेजस्वी सिंह, पल्लवी कुमारी, आर्यन राज और वंश कपूर ने भारत के विकास को समझाया। भारत के विकास की विकास गाथा को अपनी कविता में दिव्या राणा, अरात्रिका सिन्हा, रोनित राज, सतीश यादव, कृतिका देबनाथ, शौर्य प्रताप सिंह और तन्वी कुमारी ने प्रस्तुत किया। विकसित भारत पर निबंध अरात्रिका सिन्हा, रुद्र प्रताप सिंह चंदेल, अमीषा सिंह, प्रतुल्य संजीवनी और रणवीर सिंह सलूजा ने लिखा। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों की सराहना की।

### प्रशासन ने पुराने रास्ते पर जुलूस निकालने की नहीं दी अनुमति

# पूजा नहीं करेंगे ग्रामीण, चुनाव बहिष्कार करने की धमकी दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में पुलिस प्रशासन और झुरझुरी गांव के ग्रामीणों के साथ रामनवमी पर्व को लेकर बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से बरही एसडीओ जोहन टूडू, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता उपस्थित थे। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि मुझे पुराने रास्ता से ही रामनवमी जूलुस घुमाने की अनुमति दे, क्योंकि पूर्व से ही इस रास्ते का लाइसेंस प्राप्त है। कोरोना को लेकर यह जूलुस नहीं निकला था। इस पर प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि पिछले साल जिस रास्ते से आप जुलूस निकाले थे उसी रास्ते से जुलूस निकाले। आपके द्वारा बताये जा रहे मार्ग पर जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जा सकती। बैठक में निर्णय नहीं होने पर ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग रामनवमी का त्योंहार झुरझुरी गांव में नहीं मनायेंगे। आने वाले लोकसभा चुनाव में भी इस गांव के लोग वोट का वहिष्कार करने का निर्णय ले सकते हैं। मौके पर रामनवमी समिति अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, सचिव दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष बिट्टू यादव, पूर्व मुखिया सुमन कुमार, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रामेश्वर महतो, मुखिया प्रतिनिधि कुंवर यादव, भीम प्रसाद, लाममोहन प्रसाद, राजेश कुमार, सिकंदर प्रसाद, मुकेश कुमार, पवन कुमार, महेंद्र प्रसाद, उमेश प्रसाद, जीतू कुमार, दयानंद प्रसाद वार्ड सदस्य, मनोज कुमार, छोटी लाल प्रसाद, चेतलाल प्रसाद और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे ।

## रामनवमी संरक्षण समिति ने बड़ा अखाड़ा में आयोजित करायी कुश्ती प्रतियोगिता

**हरियाणा, बनारस, अयोध्या, पंजाब व नेपाल से आए हुए पहलवानों ने लिया दंगल में भाग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी में जहां हर साल एक ओर भव्य रूप से सैकड़ों अखाड़ों के द्वारा दशमी को झांकियां निकाली जाती है, जो कि एकादशी के देर रात तक चलती है। इस दौरान रामभक्तों का जोश व उत्साह देखने को बनता है। राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी की आगाज होते ही हजारीबाग संरक्षण समिति ने भी रामनवमी को लेकर तैयारियों में जुटा हुआ है। आज इसी क्रम में समिति ने हजारीबाग बड़ा अखाड़ा में रामनवमी संरक्षण समिति के बड़ा अखाड़ा के प्रांगण में कुश्ती दंगल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें हरियाणा, पंजाब, बनारस व हजारीबाग के भी पहलवानों ने भाग लिया। प्रशांत प्रधान ने पहलवानों का हौसला आफजाई करते हुए कहा कि हजारीबाग वासी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों को मानने वाले लोग हैं और हमारा कर्तव्य है की हम उनके पद चिन्हों पर चलते हुए प्रेम और सद्भाव पूर्वक नशा मुक्त रामनवमी मनायें। रामनवमी संरक्षण समिति के हर साल विभिन्न कार्यक्रमों आयोजित किया जाता रहा है। इसी निमित्त आज भी कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया है। दंगल में आए लोगों और मीडिया के माध्यम से हजारीबाग के युवाओं से रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने अपील करते हुए कहा है की हजारीबाग के युवा हजारीबाग के आने वाले कल के भविष्य हैं आप सब नशा मुक्त रामनवमी के लिए अपनी महत्ती भूमिका सुनिश्चित करें। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव, दीपक नाथ सहाय, कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान, परमेश्वर मेहता, पूर्व महासमिति अध्यक्ष राजकुमार यादव, सुनील केशरी, संजीव लाल भगत, ओम प्रकाश गोप, अजय कुमार साव, ज्योति सिन्हा, लब्बु गुप्ता, ओम प्रकाश सिन्हा, केदार कुमार, मोहन कुमार ,धर्मेंद्र शुक्ला समेत रामनवमी संरक्षण समिति के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## भाजपा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**सतगांवा। कोडरमा संसदीय क्षेत्र के एक एक घर से मेरा रिश्ता है और सतगांवा के साथ तो मेरा पुराना और विशेष जुड़ाव है। सतगांवा को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराने में सफलता मिली है, अब जल्दी ही सतगांवा को रेल संपर्क भी उपलब्ध होगा। तिसरी गांवा सतगांवा होते हुए नई रेल परियोजना की शुरूआत भी जल्दी ही होगी। बासोडीह बाजार में सतगांवा मंडल के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री और कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा विरोधी दलों के पास न सर्वस्वीकार्य नेता है, न स्पष्ट नीति है, न साफ नीयत है। दूसरी ओर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी देश के समन्वित विकास की योजना पर काम कर रही है और इसके लिए एक दीर्घकालिक सुस्पष्ट रोड मैप तैयार है। सम्मेलन में कोडरमा की विधायक डॉ नीरा यादव, जिला प्रभारी अभिमन्यु प्रसाद, विनय सिंह, नितेश चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, विवेक विश्वास, जयशंकर प्रसाद, बालमुकुंद सिंह, राजकुमार यादव, अभिमन्यु कुमार, विवेक विकास मिश्रा, विनय कुमार सिंह, सुधीर सिंह, बालगोबिंद यादव, विनोद यादव, रंजीत सिंह, बबलू सिंह, दुर्गा राय, विमल कुमार, अरबिंद सिंह, कौशल सिंह, शिवराज सिंह, रंजीत वैश्कियार मौजूद थे।**

## शस्त्र पूजन करने बागेश्वरी मंदिर पंहुचे रामभक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** रामनवमी महासमिति विष्णुगढ़ अष्टमी पूजा के दिन प्रत्येक वर्ष शस्त्र पूजन करने बनासो स्थित बागेश्वरी मंदिर बड़ी संख्या में रामभक्तों के साथ पहुंचते हैं। उसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष की परंपरा का निर्वहन करते हुए महाष्टमी के दिन रामनवमी महासमिति अध्यक्ष बिनोद सिंह के नेतृत्व में जत्थे में मां बागेश्वरी मंदिर बनासो रामभक्त पहुंचे। शस्त्र पूजन में जाने के दौरान एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल भी शामिल हुए। सार्वजनिक दुर्गा मंदिर रमुआ से करोंज मोड़ तक बड़ी संख्या में रामभक्त जयकारे लगाते हुवे आगे बढ़े। बागेश्वरी मंदिर पहुंचकर महासमिति के अध्यक्ष विनोद सिंह के नेतृत्व में रामभक्तों ने विधिवत शस्त्र पूजन किया। इसके पूर्व सप्तमी की संध्या विष्णुगढ़ के उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी में रामनवमीं महासमिति की ओर से गंगा आरती का आयोजन किया गया। यमुनिया नदी तट पर बने भगवान शिव माता पार्वती का मंदिर और नदी के बीचों बीच बने भगवान सूर्य मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में आये पुरोहितो और श्रद्धालु मंत्रोच्चार के साथ महाआरती में श्रद्धालु हुए। मौके पर मुख्य रूप से महासमिति अध्यक्ष विनोद सिंह, उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार बर्णवाल(दीपू भाई) रवि पांडेय, ओमकारनाथ शर्मा, अनुराग बर्मन, सचिव संदीप कुमार कसेरा, सह सचिव नीतीश कुमार बरनवाल, कोषाध्यक्ष विनोद सिंह, मीडिया प्रभारी ओमकारनाथ शर्मा, कार्यकारिणी सदस्यों में नवीन कुमार पांडेय, पप्पू मिश्रा, मुकेश विश्वकर्मा, दीपू कुमार अकेला, नरेश राम रवानी, अशोक सिंह, निरंजन सोनी, शंकर कुमार कसेरा, सुमित कुमार, पीयूष कुमार सिन्हा, कुंदन मिश्रा, रामपवन कुमार वर्मा, रणधीर सोनी, संजय कसेरा, महेश पांडेय, शशि लाहकार, अजय प्रसाद साव, राजेश सोनी, पूर्व महासमिति अध्यक्ष लखन प्रसाद (मंडी), वरुण कुमार, किशोर कुमार मंडल, गुरु प्रसाद साव, शंकर सोनी, रीना बर्मन, यशोदा देवी, हिरामन महतो, मुकेश कुमार, रवि कुमार पांडेय, विजय कुमार, विजय नंदन पांडेय, विजय कुमार, राजकिशोर पांडेय, नीलकंठ पांडेय अकेला समेत हजारों की संख्या में रामभक्त उपस्थित थे।

## जानकी यादव ने समर्थकों भाजपा से दिया इस्तीफा

**निती और सिद्धांत से भटक गयी है भाजपाः जानकी यादव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय परिसर में भाजपा की एक चिंतन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बरकट्ठा मंडल पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल प्रसाद ने की और संचालन बेडोकला पूर्व मंडल अध्यक्ष बीरेंद्र यादव ने किया। मौके पर वरिष्ठ नेता महाबीर यादव के नेतृत्व में सैकड़ों समर्थकों के साथ लिए गये प्रस्ताव के आलोक में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिए। उन्होंने जानकारी दी कि भाजपा के द्वारा पिछले पांच वर्षों से उपेक्षित महसूस कर रहा था, भाजपा के द्वारा मेरे समर्थकों और कार्यकर्ताओं को हासिये पर रख पिछले 2019 विधानसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने वाले व छःसाल के लिए निष्कासित निर्दलीय विधायक को भाजपा ने लोकसभा चुनाव में संयोजक बना दिया। जिससे यह पता चलता है कि भाजपा अपने निती और सिद्धांत से भटक गयी है इस तरह की उपेक्षा अपने कार्यकर्ताओं की नही देख सकते, जानकी यादव संघर्ष का दूसरा नाम है हम पुनः संघर्ष करेंगे जनता के बीच जायेंगे। वही बैठक में मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव का समर्थन करते हुए भाजपा के प्राथमिक सदस्यता व पदों से इस्तीफा दिया। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि लोकसभा में उनकी क्या भूमिका रहेगी यह कार्यकर्ताओ के साथ बैठकर निर्णय लेंगे। चिंतन बैठक में मुख्य रूप से भाजपा मजदूर संघ प्रदेश अध्यक्ष अलोक सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चंदन देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी, प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी राजकुमार नायक, देवीलाल साव, दुर्गा चौधरी, केदार यादव, बिहारी, बीरेंद्र यादव, बाबूलाल बिहारी, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, पूर्व मुखिया बसंत साव, कुमार, दशरथ यादव, रवि चौधरी, शमशैर आलम, किशोर मोदी, उपेंद्र कुमार शर्मा, किसुन राम, महेंद्र प्रसाद, मनोहर चौधरी, जागेश्वर प्रसाद, अशोक ठाकुर, राजकुमार चौधरी, चिंता देवी, देवानंद प्रसाद, दीपक तलवार समेत बड़ी संख्या में नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## रामनवमी को लेकर केरेडारी में फ्लैग मार्च



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्म का महापर्व रामनवमी को लेकर केरेडारी पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। केरेडारी थाना प्रभारी अजित कुमार और केरेडारी सीओ रामरतन बर्णवाल के नेतृत्व में पुलिस बल ने केरेडारी, गर्री कला, पांडु, बसरिया और तरहेसा सहित कई गांवों में फ्लेग मार्च निकाल सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और रामनवमी पर्व को शांति पूर्ण तरीके से मनाने की अपील की है। इसके साथ ही कहा की पर्व में हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी और लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील किया है साथ ही सोशल मीडिया व्हाट्सऐप फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट से परहेज करने को कहा है। विदित हो की रामनवमी का पर्व बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा और इस अवसर पर क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में आयोजित होने वाले मेले में शांति व्यवस्था को बनाये रखने हेतु दंडाधिकारियों की भी नियुक्ति की गयी है। पुलिस प्रशासन रामनवमी के साथ आम चुनाव 2024 के तहत आदर्श आचार संहिता के पालन को लेकर भी बेहद सतर्क है।

## अष्टमी पूजा पुष्पांजलि आरती के साथ समाप्त



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में बसंतिक दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है भक्तो 24 घंटे का उपवास रख के महाअष्टमी व्रत किया। रामनवमी पूजा प्रखंड के पूजा समिति पूजा मंडप शामिल हुए किया माता रानी की पूजा की और पूजा समिति के अध्यक्ष सचिव और सदस्यों ने पूजा प्रांगण का जायजा लिया और शांति पूर्वक पूजा मेला को संपन्न करवाने का अपील किया। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है शास्त्र के अनुसार महा अष्टमी को संधि बलि में कोहड़ा, ईख, शकरकंद, नारियल, सेव का बलि दिया जाता है इसी दिन मां दुर्गा ने महिषासुर के सहयोगी चंड और मुंड ने मां दुर्गा को पीछे से वार किया था माता रानी को क्रोध आया त्रिनेत्र खोला और चामुंडा का अवतरण धारण किया और दोनों दुष्ट का वध किया इसलिए चामुंडा के सम्मान के रूप में संधि पूजा की समयानुसार की जाती है उपप्रमुख रवि वर्नवाल ने कहा की माता रानी को 108 बेलपत्र की माला, 108 कमल गट्टा, फुल, चढ़ाने और 108 दीपक जलाने से मनोकामना पूर्ण होती है रामनवमी के शुभ अवसर पर झरपो पूजा समिति व्यवस्थापक बालेश्वर महतो, सरयू प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, प्रकाश प्रसाद ने रामनवमी में आने वाले झांकी का सहयोग करने के लिए ग्रामीणों से अपील किये है प्रखंड के सभी प्रतिनिधि और जनप्रतिनिधि ने रामनवमी की शुभकामनाएं दिया।

## अखाड़ों में बांटे गये भगवा ध्वज और गमछा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला के अंतर्गत बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के कई प्रखंडों में विश्व विख्यात रामनवमी के अवसर पर रामनवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाये, जिसको लेकर भगवा गमछा, लाठी और भगवा ध्वज का वितरण किया गया। वितरण समाजसेवी अनूप भाई के द्वारा सभी अखाड़ों में जाकर किया गया। समाजसेवी अनूप भाई ने सभी रामभक्तों को रामनवमी पर शुभकामनाएं दी। मौके पर समाजसेवी अनूप भाई ने अखाड़ा धारियों से अपील भी किया कि आप सभी शांति पूर्ण रूप से इस बार की रामनवमी मनाये। इस मौके पर उन्होंने भगवान राम के जन्म के बारे में भी बताया और कहा भगवान राम का जन्म रावण के अत्याचारों को खत्म करने और पृथ्वी से दुष्टों को खत्म कर नये धर्म स्थापना के लिए हुआ था। इसीलिए भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में रामनवमी का पर्व मनाया जाता है। वही भगवा ध्वज, लाठी और भगवा गमछा का वितरण इचाक प्रखंड के दरिया, बरका, कलाद्वार, कुरह, गूंजा, छावनी, कुटुमसुकरी, साडम, बोंगा पेठियाबाधी में किया। बोंगा में समाजसेवी अनूप भाई का जय श्री राम के पट्टे से स्वागत किया।

## दारू पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**दारू /हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर दारू पुलिस ने मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च दारू से झुमरा तक निकाला गया जिसमें अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी, महिला और पुरुष पुलिस फोर्स शामिल थे। थाना प्रभारी सफीक खान ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि रामनवमी को शांतिपूर्ण से मनाये। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे दूसरे धर्म को ठेस पहुंचे। विशेष कर हुरदंग करने वाले पर हमारा पैनी नजर हैं, पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## माले प्रत्याशी विनोद सिंह ने जनता से मांगा आर्थिक सहयोग, शेयर किया क्यूआर कोड

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन की तरफ से भाकपा (माले) उम्मीदवार विनोद सिंह ने चुनाव लड़ने के लिए जनता से आर्थिक सहयोग मांगा है। विनोद सिंह ने इसके लिए अपने ऑफिशियल फेसबुक पेज पर क्यूआर कोड साझा किया है। उन्होंने जनता से भावुक अपील भी की है। विनोद सिंह, बगोदर विधानसभा सीट से वर्तमान में विधायक हैं। विनोद सिंह ने सोशल मीडिया में लिखा है कि मित्रों! जैसा कि आप में से अधिकांश लोग अब तक जान गये होंगे कि मैं झारखंड में इंडिया गठबंधन की तरफ से कोडरमा लोकसभा सीट से भाकपा (माले) का प्रत्याशी हूं। आप सभी से सहयोग की अपील है। **बैंक ऑफ इंडिया का अकाउंट डिटेल शेयर किया:** विनोद सिंह ने जनता से आर्थिक सहयोग की भावुक अपील करते हुए बैंक ऑफ इंडिया की बगोदर शाखा का अकाउंट डिटेल भी शेयर किया है। पोस्ट में तस्वीर में ये भी लिखा है कि इसमें केवल भारत के नागरिक ही सहयोग कर सकते हैं। लिखा है कि इनकम टैक्स के सेक्शन 80 जीजीसी के तहत इस राशि को इनकम टैक्स से छूट प्राप्त होगी। इसमें ये भी लिखा है कि 20 हजार रुपये या इससे अधिक सहयोग करने पर व्हाट्सएप नंबर 9431181456 पर पैन नंबर साझा करें।

## पुलिसकर्मी की गुमशुदगी की एफआइआर दर्ज करने से थाना प्रभारी कर रहे इनकार



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला के सहायक पुलिसकर्मी जय राम कुमार विगत 10 दिनों से लापता है जीवित एवं मृत्यु की कोई खबर नहीं है जिसमें विभिन्न तरह के सवाल है लेकिन अब तक इस सवाल का जवाब नहीं मिल पाया है इसी क्रम में परिजन का रो रो का बुरा हाल है जिस थाने में उनका ड्यूटी था उसी थाने में एफआइआर लेने से भी थाना प्रभारी इनकार कर रहा है ऐसा महसूस होता है कि उनकी इस अनहोनी में उनका भी मिली भगत है इसलिए जल्द से जल्द जयराम कुमार सहायक पुलिस को यथाशीघ्र बरामद किया जाए अन्यथा सहायक पुलिसकर्मी आंदोलन पर मजबूर होगा।

## विकसित भारत मोदी की गारंटी रथ बरवाडीह पहुंचा



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** चतरा से विकसित भारत मोदी के गारंटी रथ मंगलवार को बरवाडीह पहुंची। इस दौरान लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोगों को जागरूक किया गया। सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने कहा कि यह रथ नहीं बल्कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी है। इस रथ में केंद्र सरकार की योजनाओं का पूरे देश भर में बड़ा लाभ हो रहा है।यह रथ पूरे देश में गांव-गांव में घर-घर जाकर लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़ने के लिए यह रथ संकल्पित है।मौके पर प्रखंड उपप्रमुख वीरेंद्र जायसवाल जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह नमो ऐप संयोजक दिलीप सिंह यादव किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज यादव सोनू सिंह उर्फ दीपलेश सिंह हरेंद्र सिंह रूपेश्वर राम समेत और भी लोग मौजूद रहे।

## मनोज कुमार बने बरवाडीह के नये सीओ



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह के नव पदस्थापित अंचलाधिकारी ने मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया। नए अंचलाधिकारी के रूप में मनोज कुमार ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निर्वतमान प्रभारी सीओ संतोष कु शुक्ला से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद नए सीओ ने कार्यालय में अंचल निरीक्षक सुरेश राम समेत अन्य कर्मी से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान बीडीओ रेशमा रेखा मिंज समेत अन्य अंचल कर्मी जनप्रतिनिधियों ने बुके देकर और माला पहनाकर स्वागत किया। उसके बाद निवर्तमान प्रभारी सीओ संतोष कु शुक्ला को अंगवस्त्र समेत अन्य सामग्री देकर विदाई दी गयी। इस दौरान श्री शुक्ला ने कहा कि महज दो माह हमें यंहा कार्य करने का मौका मिला। जो अतुलनीय रहा यंहा के लोग काम पर भरोसा करते है।लोग व्यवहारिक है। ऐसा नही लगता कि हमने दो माह सिर्फ कार्य किया है।ऐसा लगता है कि कई वर्षो से यंहा थे।इस जगह को मै जंहा भी रहूं हमेशा याद रहेगा।जिसके बाद नवनियुक्त सीओ मनोज कुमार ने कहा कि अंचल कार्यालय में लंबित पड़े दाखिल खारिज,परिमार्जन सहित अन्य कामों का निपटारा तेजी से किया जाएगा। समय पर कार्यों का निष्पादन, भूमि संबंधी विवादों का निष्पादन उनकी प्राथमिकता होगी। बिचौलियों को कभी पनपने नहीं दिया जायेगा आम लोगों से सहयोग करने की अपील किया। वही मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कु सिंह उर्फ पिंटू, कांग्रेस प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र राम कॉग्रेस नेता विजय बहादुर सिंह, झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय सचिव अली हसन अंसारी, हेसामूल अंसारी उर्फ गुडडू समेत और भी लोग मौजूद रहे।

## जमीन कारोबारी नरेश साहू हत्याकांड का उद्भेदन

# शूटर समेत चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में जमीन कारोबारी नरेश साहू उर्फ शिबू साहू हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता, शूटर समेत चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आये अपराधियों की पहचान मुख्य साजिशकर्ता जिले के सेन्हा थाना अंतर्गत सेरेंगहातु, तोड़ार निवासी मनौवर अंसारी, उम्र 42 वर्ष, पिता जहूर अंसारी, शूटर उत्तर प्रदेश के गोण्डा जिला निवासी सत्यदेव मिश्रा का पुत्र अमरेश मिश्रा, सेन्हा के सेरेंगहातु, तोड़ार निवासी मुस्तकीम अंसारी व कुडू थाना क्षेत्र के लापुर गांव निवासी सरवर कुरैशी के रूप में किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से हत्याकांड में प्रयुक्त हथियार एक पिस्तौल, पांच चक्र जिंदा गोली, चार मोबाइल, 11110 रुपया नकद, घटना में प्रयुक्त जीन्स पेंटज जूता और सिम कार्ड को बरामद किया गया है।

इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने मंगलवार देर शाम पत्रकारो को बताया कि शिबू साहू हत्याकांड के पीछे सूद में पैसा का लेनदेन मामला सामने आया है। एसपी ने बताया कि हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता मनौवर और मृतक शिबू के बीच पैसे की लेनदेन लगभग 15 साल से चल रहा था। मनौवर स्क्रैप और ठेकेदारी का काम करता था। जिसके लिए उसे हमेशा पैसा की जरूरत होती थी। जब भी पैसा की जरूरत होती थी तो सूद पर शिबू साहू से ले लेता था। लेकिन पैसा बहुत अधिक हो गया और इसे लगा कि अब दे नहीं पाऊंगा तो शिबू की हत्या की साजिश रची।



### पांच लाख में मंगाये गये थे शूटर

**एसपी ने बताया कि हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता मनौवर अंसारी ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार करते हुए हत्याकांड के पीछे की वजह सूद में पैसा लेनदेन बताया। मनौवर ने पुलिस को बताया कि उसने शिबू साहू से मोटी रकम लगभग 22 लाख सूद पर लिया था। जिसको चुकाने में वह असमर्थ हो गया। जिसे लेकर वो शिबू साहू की हत्या का षड्यंत्र रचा। जिसमे उसका साथ मुस्तकीम अंसारी, सरवर कुरैशी दिया और तीनों ने मिलकर यूपी से शूटर को बुलाया। हत्याकांड का सौदा 5 लाख रुपए में तय किया गया था।**

**एसआईटी टीम को मिली सफलता, शूटर समेत अन्य अपराधी गिरफ्तार : एसपी**

पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने बताया कि हत्याकांड की गुत्थियों को सुलझाने के लिए प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी वेदांत शंकर की अगुवाई में एसआईटी गठित की गई थी। टीम में उनके अलावा डीएसपी मुख्यालय समीर तिर्की, पुलिस निरीक्षक लोहरदगा रत्नेश मोहन ठाकुर समेत अन्य शामिल थे।

## ईद मिलन समारोह में दिखा गंगा जमुनी तहजीब का नजारा



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा की ओर से न्यू रोड स्थित होटल रॉयल ग्लैक्सी में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कांग्रेस के पूर्व विधायक सह प्रत्याशी सुखदेव भगत, आजसू के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह लोहरदगा जिला प्रभारी नीरू शांति भगत, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेता ओमप्रकाश सिंह, कांग्रेस के प्रदेश नेता डॉ अजय शाहदेव, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव सहित सभी राजनैतिक दल, समाजसेवी एवं विभिन्न धर्मों के लोगों ने शिरकत की। मौके पर ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि यहां पर हर त्योहार पूरे भाईचारे के साथ मनाये जाते हैं। लोहरदगा में गंगा जमुनी तहजीब मिसाल है। सभी धर्मो के त्योहारों का उद्देश्य प्रेम, भाईचारा है। संजय वर्म्मन ने कहा कि त्योहार हमें आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देते हैं। सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने कहा कि इस्लामी नजरिए से ईद उल फितर एक खुशियां बांटने का त्यौहार है। कार्यक्रम में हाजी अंजुमन इस्लामिया के तमाम सदस्य सहित हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## रामनवमी को लेकर प्रशासन अलर्ट, निकाला फ्लैग मार्च



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार रामनवमी पर्व के अवसर पर लातेहार जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है और जिले के सभी प्रखंडों में फ्लैग मार्च के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि रामनवमी पर्व बहुत ही शांति प्रिय पर्व है। रामनवमी पर्व को पर्व की तरह मनाए। किसी तरह का अशांति नहीं फैलनी चाहिए। जिले के सभी प्रशासनिक पदाधिकारी अलर्ट मोड में है। देखा जा रहा है कि रामनवमी पर्व के एक दिन पूर्व ही जिले के विभिन्न प्रखंडों में मॉक ड्रिल का आयोजन कर किसी भी परिस्थिति में जिला प्रशासन निपटने को लेकर तैयार हो गयी है। इस रामनवमी पर्व में विशेष बल की व्यवस्था की गयी है लातेहार में थाना चौक से लेकर कचहरी तक जिले के उपयुक्त गरिमा सिंह और जिले के पुलिस कप्तान सहित कई पदाधिकारी गण फ्लैग मार्च में भाग लिया और जिले के सभी को संदेश दिया कि रामनवमी पर्व शांति से मनाए और त्यौहार को त्यौहार की तरह देखें।

## रामनवमी को लेकर पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय बक्शीडीपा स्थित पुलिस लाइन में मंगलवार को रामनवमी पूजा को लेकर मॉक ड्रिल किया गया। एसपी हारिस बिन जमाँ के निदेर्शानुसार मॉक ड्रिल अभ्यास का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल में वाटर कैनन वैन व एंबुलेंस को भी शामिल किया गया था। मॉक ड्रिल में शामिल जवानों ने भीड़ से निपटने के लिए तथा जुलूस के दौरान किसी भी तरह के हुड़दंग से निपटने के लिए पूर्वाभ्यास किया। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमाँ ने बताया कि जिला पुलिस के जवान को कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए दंगा निरोधक टीम बनाकर विपरीत स्थिति से निपटने के लिए अभ्यास कराया गया है। इसमें पुलिस बल की सभी टुकड़ियों को स्पेशल मॉक ड्रिल करवाई गई जिनको उपद्रवी भीड़ व असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए विभिन्न प्रकार की फॉर्मेशन की जानकारी दी गयी। इधर शहरी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च किया। शहरी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया। मौके पर एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी समीर कुमार तिर्की समेत अन्य पुलिस के जवान मौजूद थे।

## आजसू ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी लोहरदगा के द्वारा 28 अप्रैल को लोहरदगा में लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ,केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता सह लोहरदगा लोकसभा प्रभारी डॉक्टर देवशरण भगत, आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह जिला प्रभारी नीरू शांति भगत एवं एनडीए के लोहरदगा लोकसभा सीट से उम्मीदवार समीर उरांव सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण शामिल होंगे। इसके मद्देनजर मंगलवार को आजसू पार्टी के द्वारा सदर प्रखंड के जूरिया, बाघा, रामपुर, रुगडी टोली ,खखपरता, करम टोली सहित अन्य गांवो का दौरा किया गया और जनसंपर्क करते हुए आजसू पार्टी के तमाम ग्राम प्रभारियो से मुलाकात की गयी। 28 अप्रैल के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गयी। जनसंपर्क अभियान मे आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय सचिव सह लोहरदगा प्रखंड प्रभारी कवलजीत सिंह, आजसू पार्टी सदर प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष किशोर उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश उरांव, युवा मोर्चा के सह संयोजक राहुल राजबाला, रजत तमेडा, अकील अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## भंडरा महावीर मंडल ने निकाली सप्तमी झांकी



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** महावीर मंडल अखाड़ा कमिटी भंडरा के द्वारा सोमवार देर शाम सप्तमी आकर्षक झांकी निकाली गई। झांकी ठाकुर बाड़ी प्रांगण से शुरू होकर थाना रोड होते हुए नवडीहा चौक मुख्य पथ होते हुए गांव मे भ्रमण किया। झांकी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रामनवमी के अवसर पर सप्तमी, अष्टमी को झांकी निकाली जाती है। रामनवमी के अवसर पर ठाकुरबाड़ी प्रांगण में रामनवमी मेला का आयोजन किया जाता है। मेला में विभिन्न गांव का रामनवमी अखाड़ा झांकी के साथ जुलूस के साथ मेला में भाग लेते हैं। मेला आयोजन कमिटी द्वारा झांकी और अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता आयोजित किया जाता है।

## महासप्तमी पर अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** नवयुवक मोटिया संघ बरवाटोली के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महासप्तमी पर अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन समिति के अध्यक्ष सह मुख्य संरक्षक निशीथ जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र रोहित प्रियदर्शी उरांव समेत अन्य ने विधिवत शुरूआत की। सभी राम भक्तों को सम्बोधित करते हुऐ मुख्य अतिथि रोहित प्रियदर्शी उरांव ने कहा कि हमारी आस्था, अटूट श्रद्धा और विश्वास का पर्व रामनवमी की अग्रिम बधाई देता हूँ। भगवान राम और भक्त हनुमान के अटूट भक्ति का पर्व रामनवमी में सभी लोग उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारे। कार्यक्रम की शुरूआत हनुमान मंदिर में नारियल फोड़कर और दीप जलाकर की गयी। इसके बाद मोटिया संघ के संस्थापक सदस्य स्व प्राण प्रसाद जायसवाल की फोटो पर माल्यार्पण के बाद अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष विपुल तमेड़ा, डॉ गणेश प्रसाद, दीपक जायसवाल समेत बड़ी संख्या में सभी अखाड़ो के रामभक्त उपस्थित रहे।

## 'जय श्री राम' और 'जय बजरंगबली' के जयघोष से गुंजायमान रहा सेन्हा

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** रामनवमी को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय व ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह व उमंग के साथ तैयारी हैं. विभिन्न गाँव मे शोभायात्रा झांकी और लाठी, डंडा तलवार सहित विभिन्न तरह खेल का आयोजन किया जा रहा है। बैंड बाजा,डीजे और ताशा के साथ भगवान श्रीराम, हनुमान का गगनभेदी जयकारे के साथ क्षेत्र पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। इस क्रम में प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बाजार डॉडू, करंजटोली, चौकनी, निमटोली तोड़ार, डोका, नवाटोली, हेसवे सहित अन्य गाँवों बच्चे,बुजुर्ग और युवकों द्वारा बैंड बाजा,ताशा एवं डीजे के साथ अष्टमी के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में सैकड़ो राम भक्त मौजूद रहे। सोमवार से ही रामनवमी मेला आयोजन को लेकर शोभायात्रा व जुलूस भ्रमण का कार्यक्रम प्रारंभ है। वही छोटे छोटे बच्चों के चेहरे में भी रामनवमी को लेकर उमंग और उत्साह दिख रहा है। मिथलेश मिश्रा, राजू नायक, सुनील महतो, संजय महली, दयानन्द यादव, राजेन्द्र नायक, मनोहर नायक, प्रकाश भगत, रामदेव नायक सहित सैकड़ों राम भक्त जुलूस व शोभायात्रा में शामिल थे।

रजिस्ट्री सं. डी. एल.–33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.–डी.एल.–अ.–16032024–253132
CG-DL-E-16032024-253132

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II – खण्ड 3 – उप–खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1322] नई दिल्ली, शुक्रवार, मार्च 15, 2024/फाल्गुन 25, 1945
No. 1322] NEW DELHI, FRIDAY, MARCH 15, 2024/PHALGUNA 25, 1945

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 15 मार्च, 2024**

**का. आ. 1388(अ)** – केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के राँची जिले के गाँव–नारो, टिकरा टोली, तालुक–नगरी में NH23 के कि.मी. 2.9 से कि.मी. 26 तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन/4–लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी अर्थात् डीएलएओ को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात्, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा। इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

**झारखंड राज्य के राँची जिले के गाँव–नारो, टिकरा टोली, तालुक–नगरी में NH23 के कि.मी. 2.9 से कि.मी. 26 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण।**

1989 GI/2024

[फा. सं. : NHAI/PIU/RNC/ROB/NH23/LA/3A]
अभय जैन, उप सचिव

प्रकाशन तिथि : 15.03.2024
https://egazette.gov.in
https://egazette.gov.in/(S(2hs3qnwaxjabzi2wub1tfzic))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in//showFile_qr.cshtml?TAB=bGFfVGhyZWVBX2ZpbGVz&fk=bm90aWZpY2F0aW9uX2Ik&fkid=Njc3OTQ=&EncHid=1090843336&type_id=1

रजिस्ट्री सं0 डी एल0–33004/99 REGD.NO.D.L-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.–डी.एल.–अ.–12042024–253651
CG-DL-E-12042024-253651
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1593] नई दिल्ली, बुधवार, अप्रैल 10, 2024/चैत्र 21, 1946
No. 1593] NEW DELHI, WEDNESDAY, APRIL 10, 2024/CHAITRA 21, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 10 अप्रैल, 2024**

**का.आ. 1678(अ).**–केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48 ) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का. आ. **5271 तारीख 11 December 2023**, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा **झारखंड** राज्य के **दुमका** जिले में **NH-133 के कि.मी. 41.900 से कि.मी. 93.000 कि.मी. तक महगामा से हंसडीहा मार्ग)** के लिए भूखण्ड के निर्माण, (चार लेन का बनाने/चौड़ा करने, अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी ;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख **"स्वेतपत्र" में 05 जनवरी, 2024 दिन गुरुवार और टाइम्स ऑफ इंडिया 05 जनवरी, 2024 दिन गुरुवार** दोनों में प्रकाशित किया गया था ;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया ;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है ;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए ;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

**अनुसूची**

**झारखंड** राज्य के **दुमका जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–NH-133 के कि.मी. 41.900 से कि.मी. 93.000 तक महगामा से हंसडीहा मार्ग)** के लिए भूखण्ड के निर्माण, के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण ।

जिला : दुमका
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि: 10.04.2024
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in

[फा.सं.:NHAI/PD/PIU/SBG/NH-133/3D]
अभय जैन, उप सचिव

नोटः इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/इडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

# सांसद ने पलामू लोस क्षेत्र में विकास की एक लंबी लकीर खींची है : ललन पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता


खैरा विकाश मंच के अध्यक्ष ललन पांडेय

**विश्रामपुर (पलामू)।** खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय ने कहा कि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने अपने दस वर्षों के कार्यकाल में विकास की एक लंबी लकीर खींची है। उनका दस वर्षों का कार्यकाल विकास के नाम रहा है। विकास की इस गति को और तेज करने हेतु जनता उन्हे फिर से मौका देगी। श्री पांडेय मंगलवार को विश्रामपुर मे पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने सांसद वीडी राम द्वारा दस वर्षों में कराये गये विकास कार्यों को गिनाते हुए उनकी उपलब्धियां के बारे में बताया। कहा कि फोर लेन सड़क का निर्माण,बाई पास सड़क निर्माण हो या फिर ग्रामीण इलाकों में सड़कों का निर्माण हो, निवर्तमान सांसद ने इतिहास रचने का काम किया है। क्षेत्र के लोगों के मांगों के अनुरूप रेल यातायात सुविधा को भी बढ़वाया है। उन्होंने कहा कि वीडी राम ने पलामू की आवाज को संसद में पुरजोर तरीके से उठाया है। झारखंड के सभी सांसदों से ज्यादा सवाल इन्होंने सदन में उठाया है। श्री पांडेय ने फोर लेन बाई पास सड़क निर्माण का श्रेय लेने पर झारखंड सरकार के मंत्री मिथलेश ठाकुर पर भी सवाल खड़ा किया।

कहा कि श्री ठाकुर अपने विभाग में कुछ कर नही पा रहे हैं तो सांसद के कराए कार्यों का श्रेय लेने में लगे हुए हैं। पांडू ग्रामीण जलापूर्ति योजना 40 वर्षों से बंद पड़ा है। कई बार आग्रह करने के बाद भी इसे शुरू नही करा पाए। श्री पांडेय ने कहा कि जनता सब जानती है। किसी के बहकावे मे नही आने वाली है। उन्होंने दावा किया कि वीडी राम भरी अंतर के साथ तीसरी बार भी जीत दर्ज करेंगे।

# भगवा झंडों से पटा गांव और शहर, मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया

**रेहला में आज तो विश्रामपुर मे कल निकलेगा रामनवमी का भव्य जुलूस, तैयारी पूरी, पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च**

आजाद सिपाही संवाददाता





**विश्रामपुर (पलामू)।** रामनवमी को लेकर क्या शहर और क्या गांव सभी भगवा झंडों से पटा पड़ा है। रामनवमी पूजा कमेटी ने विश्रामपुर व रेहला शहर के हर गली कुच्चों को भगवा झंडों से पाट दिया है। वहीं गांवों में भी घर घर भगवा झंडा लहरा रहा है। इसके अलावा क्षेत्र के सभी मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। किससे पूरा क्षेत्र ही भक्तिमय हो गया है। रेहला में जुलूस 17 अप्रैल को निकलेगा। वहीं विश्रामपुर मे वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार जुलूस 18 अप्रैल दसवीं को निकलेगा। भव्य जुलूस निकालने की पूरी तैयारी पूजा कमेटियों द्वारा पूरी कर ली गयी है। जुलूस में राम दरबार, बानरी सेना सहित कई आकर्षक झांकी भी निकाली जायेगी। इधर विश्रामपुर और रेहला पुलिस भी रामनवमी को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस द्वारा आज फ्लैग मार्च भी निकाला गया। प्रशासन ने जुलूस के दौरान लोगों से शांति बनाएं रखने का अपील किया है। रेहला थाना अंतर्गत रामनवमी के जुलूस रूट पर विश्रामपुर के सहायक नगर आयुक्त, पुलिस निरीक्षक, पांडू अंचल, थाना के सभी पदाधिकारी एवं थाना के पुलिस बल के उपस्थिति में फ्लैग मार्च निकाला गया।

## एस्पायर एकेडमी कोचिंग सेंटर का हुआ उद्घाटन



**पांकी/ पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड के पांकी मेदिनीनगर रोड़ स्थित गजबोर में एस्पायर एकेडमी कोचिंग सेंटर का बतौर मुख्यातिथि प्रमुख पंचम प्रसाद ने दीप्रज्वलित कर और फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि शिक्षक ज्ञान का भंडार होते हैं। इन शिक्षकों के माध्यम से ही एक अच्छे समाज के साथ साथ देश का विकास संभव है। एस्पायर एकेडमी के निदेशक अमरदीप ठाकुर ने कहा कि 9 वीं क्लास से 12वीं क्लास के छात्र और छात्राओं को उत्तम शिक्षा दी जाएगी। वही प्रणीत कुमार ठाकुर ने कहा कि इस कोचिंग सेंटर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के कमजोर विद्याथीर्यों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का संस्थान खुलने से गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा हासिल करने के लिए अब बाहर नही जाना पड़ेगा। मौके पर उपप्रमुख अमित कुमार चौहान उर्फ रिंकू सिंह, मुखिया प्रेम प्रसाद, समाजसेवी जमाल अंसारी, त्रिलोकी कुमार, मिथलेश यादव, सेवनिर्वित शिक्षक बनारस सिंह, शिक्षक मुरली राम, बीरबल सिंह, शोएब अंसारी, श्यामनंदन ओझा, राजन प्रसाद गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गौतम सागर राणा बने चुनाव अभियान समिति के संयोजक, पलामू लोकसभा की जिम्मेदारी भी मिली

**पलामू (आजाद सिपाही)।** आरजेडी नेता गौतम सागर राणा को चुनाव अभियान समिति का संयोजक बनाया गया है। साथ ही उनको पलामू लोकसभा चुनाव का विशेष प्रभारी बनाया गया है। आरजेडी महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने यह जानकारी दी है। बताया कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष गौतम सागर राणा को लालू यादव की मंजूरी मिलने के बाद दोनों जिम्मेदारी सौंपी गयी है। बता दें कि इंडिया गठबंधन की ओर से आरजेडी नेता ममता भुइयां को लोकसभा प्रत्याशी बनाया गया है। **लालू यादव ने दी यह जानकारी :** कैलाश यादव ने बताया कि गौतम सागर राणा को चुनाव अभियान समिति का संयोजक बनाने की खबर आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने झारखंड प्रदेश आरजेडी अध्यक्ष संजय सिंह यादव को पटना में एक विशेष बैठक के दौरान दी। कैलाश यादव ने कहा कि गौतम सागर राणा राज्य की राजनीति में लोकप्रिय नाम है। जेपी आंदोलन के दौरान कई प्रमुख चेहरों में ये भी एक रहे हैं। वह पार्टी में सबसे अनुभवी, संघर्षशील एवं कर्मठ नेता के तौर पर जाने जाते हैं। **पार्टी को होगा यह फायद :**कैलाश यादव ने बताया कि राणा 50 वर्षो के लंबे राजनीतिक जीवन में तीन बार विधायक, एमएलसी और आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। इनकी राजनीतिक कार्यशैली सदैव बीजेपी और आरएसएस की विचारधारा के खिलाफ रही है। वह प्रखर समाजवादी और सेक्यूलर सोच के रहे हैं। उन्हें संगठन और चुनाव लड़ाने का लंबा अनुभव प्राप्त है। निश्चित रूप से इनके लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ पार्टी एवं संगठन को मिलेगा।

# बीजेपी के मनातू मंडल अध्यक्ष ने महुआ चुन कर घर जा रही नाबालिग से किया दुष्कर्म, पार्टी ने अध्यक्ष पद से हटाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनातू।** भारतीय जनता पार्टी के मनातू मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने नाबालिग से दुष्कर्म किया। नाबालिग लड़की महुआ चुन कर अपने घर जा रही थी। इसी क्रम में मंडल अध्यक्ष उसे बहला फुसला कर अपने घर ले गया और फिर उसके साथ अनैतिक संबंध बनाये। साथ ही परिवार को मामले उजागर नहीं करने की चेतावनी दी। हालांकि इसके बाद भी पीड़िता और उसके माता-पिता ने मनातू थाने में भाजपा मंडल अध्यक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी।

गांव स्तर पर बैठ कर मामले को रफा-दफा करने का भी प्रयास किया गया। पुलिस पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। हालांकि घटना के बाद से आरोपी मंडल अध्यक्ष फरार चल रहा है। घटना इरे दिन पहले की है। मंगलवार को पीड़िता की मेडिकल जांच एमआरएमसीएच में करायी गयी।

बताया जाता है कि पीड़ित नाबालिग मनातू के इलाके में ननिहाल में रहा करती है। रविवार को वह महुआ चुनने के लिए जंगल गयी थी। घर वापस लौटने के क्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष ने उसे झांसे में लिया। बताया कि उसकी मां उसे मिलने के लिए बुलायी है। आरोपी की मां से मिलने के लिए नाबालिग लड़की उसके साथ उसके घर चली गयी। इस दौरान मौका पाकर भाजपा नेता ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि शुरुआत में मामले को रफा दफा करने की कोशिश की गयी थी और पीड़िता को थाना जाने से मना किया गया। लेकिन बाद में पीड़िता थाना गयी थी, जिसके बाद पुलिस ने पोक्सो समेत अन्य धाराओं में एफआइआर दर्ज की। मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि सत्येंद्र यादव की गिरफ्तारी के लिए कई इलाकों में छापेमारी की जा रही है। पुलिस पूरे मामले में आगे की छानबीन भी कर रही है।

इधर, नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी भाजपा के मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव को पार्टी ने अध्यक्ष पद से हटा दिया है। भाजपा के पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने दुष्कर्म का आरोप लगने का कारण बत ाकर मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव को पद से हटाये जाने की पुष्टि की है। इस सिलसिले में उन्होंने पत्र भी जारी किया है। इससे पहले उन्होंने पार्टी आलाकमान को पत्र लिखकर मंडल अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई करने की अनुशंसा की थी।

# रामनवमी को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च


फ्लैग मार्च में शामिल एसडीओ, एसडीपीओ, एलआरडीसी और अन्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** रामनवमी पर्व के दौरान हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनायें रखने के उद्देश्य से मंगलवार को अनुमंडल पुलिस प्रशासन व जवानों द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में प्रशासनिक पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च हुसैनाबाद व हैदरनगर के विभिन्न चौक चौराहों का भ्रमण किया और लोगों को शांति पूर्वक रामनवमी पर्व मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च में शामिल पदाधिकारियों ने कहा कि रामनवमी के दौरान असामाजिक तत्व के लोगों और सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है, पर्व के दौरान खलल डालने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। प्रशासन ने रामनवमी पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।फ्लैग मार्च में हुसैनाबाद एलआरडीसी गौरांग महतो समेत हुसैनाबाद व हैदरनगर प्रखंड के पुलिस प्रशासन के कई पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

## एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**हुसैनाबाद(आजाद सिपाही)।** एके सिंह कॉलेज जपला में प्राचार्य सूर्य मणि सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को 'भारत सरकार की नयी शिक्षा नीति 2020' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष - सह- एकेडमिक इंचार्ज डॉ० राम सुभग सिंह ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के स्वरूप और उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके अलावा, नामांकन प्रक्रिया को भी स्पष्ट किया। छात्रों ने अनेक जिज्ञासाएं प्रकट की, जिसका डॉ० सुभग ने संतोषजनक समाधान किया। आइक्यूएसी समन्वयक प्रो० अरुण कुमार सिंह ने भी नयी शिक्षा नीति पर अपने विचार रखे। प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में छात्रों को कॉलेज में नियमित उपस्थित होकर क्लास करने और नई शिक्षा नीति की चुनौतियों के अनुरूप खुद को तैयार रहने के लिए कहा। इस कार्यशाला में प्रो० राजेश कुमार सिंह, डॉ० आलोक रंजन कुमार और डॉ आनंद कुमार भी उपस्थित थे।

# अग्निशमन विभाग ने विद्यार्थियों को आग पर काबू पाने के सिखाये गुर



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जिला अग्निशमन अधिकारी के मार्ग दर्शन में अग्निशमन शाखा हुसैनाबाद ने अग्निशमन सेवा सप्ताह वर्ष 2024 की थीम "अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय निर्माण में योगदान दें कार्यक्रम के तहत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में अग्निशमन सेवा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के आचार्य-दीदी जी व भैया -बहनों को अग्निशमन प्रभारी रामयश सिंह, हवलदार मोहन चौधरी, फायरमैन विकास गुप्ता ने आग से बचने, आग पर प्रारंभिक रूप में काबू पाने, फायर उपकरणों की जानकारी देकर और फायर डेमो प्रदर्शित कर विद्यालय के आचार्य-दीदी जी और भैया-बहनों को फायर चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। अग्निशमन अधिकारी रामयश सिंह ने कहा कि जलने की वस्तु, हवा और गर्मी त्रिकोण रूपी आग का निर्माण करती है। इसमें से किसी भी एक वस्तु को अलग हटाकर इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इस दौरान टीम ने फायर ड्रिल कर आग बुझाने की तरकीब सिखायी। इसके पश्चात उन्होंने आगजनी के दौरान घायल होने वाले लोगों के उपचार के भी तरीके बतायें। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय ने कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण लेकर हम सभी अग्नि के नुकसान से बच सकते हैं। मौके पर मृत्युंजय प्रसाद, शशि कुमार, राजेश्वर सिंह यादव, राजकुमार सिंह, अभिषेक पाठक, कमलेश्वर सिंह, चंदन कुमार, रंजीत मिश्र, नीतीश मिश्रा, मनोज सिंह, दीपक पांडेय, अभिषेक पांडेय, हर्षदा, छाया कुमारी सहित विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी जी और भैया-बहन उपस्थित थे।






# उंटारी रोड में निकाली गयी भव्य बाइक शोभा यात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**उंटारी रोड ।** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड में रामनवमी के उपलक्ष में बजरंगी सेना के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाईक शोभायात्रा निकाला गया।सर्वप्रथम रामनवमी समिति के लोगो ने शोभा यात्रा में शामिल हुए। बजरंगी सेना को गमछा से पगड़ी बांध कर सम्मानित किया। इस शोभा यात्रा के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने झंडा दिखाकर बजरंगी सेना को शोभा यात्रा के लिए रवाना किया। जो उंटारी रोड स्थित भगवती मंदिर से चलकर पूरे प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण करते हुए मुरमा खुर्द में समापन किया गया। इस मौके पर डां चंद्रवंशी ने कहा कि हम लोग मयार्दा पुरुषोत्तम राम की अगुवाई कर रहे हैं और इस शोभायात्रा में जितने भी हमारे बजरंगी भाई आये हुए हैं आप लोग इसी तरह शोभा यात्रा को मयार्दा में रहते हुए शांतिपूर्वक तरीके से सफल बनाएं। अगले वर्ष इससे भी भव्य तरीके से शोभायात्रा निकाली जायेगी। इस मौके पर हिंदू जागरण मंच के प्रखंड अध्यक्ष संतोष पांडेय, विधायक प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह, पूर्व जिला परिषद चंदन सिंह, सोनू सिंह, संजय सिंह, अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद अरविंद मेहता, पुष्प रंजन, रामसेवक पासवान, रघुबीर चंद्रवंशी, ओमप्रकाश गुप्ता, ओमप्रकाश मेहता, वेद प्रकाश शर्मा, एएसआई साधूचरण दास के साथ साथ उंटारी रोड़ थाने की पुलिस सहित काफी संख्या में बजरंगी सेना उपस्थित थे।

# बच्चों को कृमि से मुक्ति के लिए 19 अप्रैल से चलेगा विशेष अभियान : डॉ राजेंद्र कुमार


**विश्रामपुर सीएचसी में कृमि संक्रमण के रोकथाम हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में मंगलवार को कृमि संक्रमण के बारे में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में सभी सीएचओ,एमपीडब्ल्यू, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि शामिल हुए। शिविर में कृमि से मुक्ति हेतु सभी को प्रशिक्षित किया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से बच्चों को कृमि से मुक्त करने के लिए आगामी 19 अप्रैल से एक विशेष अभियान चलाया जायेगा, इस दौरान कृमि से मुक्ति की दवा बच्चों को खिलाई जायेगी। बीपीएम पंकज पाण्डेय ने कहा कि कृमि संक्रमण के दुष्प्रभाव से बच्चों में खून की कमी, कुपोषण, मानसिक विकास में बदलाव सहित कई स्वस्थ समस्या हो सकती है। एक अध्ययन के अनुसार कृमि संक्रमण से स्कूल में बच्चों को उपस्थित 25 प्रतिशत तक कम हो जाती है। इसलिए 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि से मुक्ति के लिए दवा जरूर खिलाएं। साथ ही साथ सभी को बाथरूम के बाद, खाने से पहले,खाने के बाद,बाहर खेलने के बाद और पालतू जानवरों के संपर्क में आने बाद अच्छी तरह हाथ धोना बहुत जरूरी है। ताकि कृमि संक्रमण को पूर्णतः रोका जा सके।

मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज थामस, डॉ धीरज कुमार,सीआरपी कृष्णा कुमार साहू,प्रवेक्षिका गोनती कुमारी, पंकज सिंह, मिथलेश दुबे, पंकज कुमार, रवि कुमार, प्रणय रंजन सिंह, जलज तिवारी, उपेंद्र कुमार, रमेश कुमार, कर्मचंद कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# आयतोल्लाह ने ईरान को बर्बाद कर दिया

ईरान पश्चिम एशिया की एक आधुनिक ताकत बन सकता था। लेकिन विदेशी दखल (बाहरी हस्तक्षेप) और धर्मगुरुओं (आयतोल्लाह) ने इसे बर्बाद कर दिया। हाल ही में, इजरायल पर ईरानी ड्रोन और मिसाइलों की हमले ने ईरान को दोबारा पश्चिम एशिया में एक बड़े खतरे के रूप में पेश किया। ईरान को शांति के खिलाफ रहने वाला देश माना जाने लगा है। ईरान ने हिजबुल्लाह से लेकर हूती विद्रोहियों तक कई क्षेत्रीय गुटों को खड़ा किया है, जो उसके रणनीतिक लक्ष्यों को पूरा करते हैं। देश के अंदर मुस्लिम धर्मगुरु सख्त नियंत्रण रखते हैं और कट्टरपंथी इस्लाम को थोपते हैं और ईरानी महिलाओं की आजादी छीन लेते हैं। लेकिन यह हमेशा से ऐसा नहीं था। ईरान एक महान आधुनिक ताकत बन सकता था। ईरान के लिए एक बड़ा बदलाव 1953 में आया, जब लोकतांत्रिक रूप से चुने गये ईरानी प्रधानमंत्री मोहम्मद मोसद्देघ के खिलाफ तख्तापलट हुआ। सीआइए समर्थित इस तख्तापलट ने ईरान की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं को भारी चोट पहुंचाई। मोसद्देघ ने ईरान को वास्तविक अधिकार-आधारित लोकतंत्र में बदलने के उद्देश्य से कई सुधार किये थे। इस तख्तापलट ने शाह मोहम्मद रेजा पहलवी के हाथों में सत्ता केंद्रित कर दी, जिसने एक क्रूर शासन बनाया और 1979 में धर्मगुरुओं की इस्लामी क्रांति का मार्ग प्रशस्त किया। ईरान पर 40 साल से पश्चिमी देशों की पाबंदियां लगी हुई हैं। इससे ईरानी अर्थव्यवस्था का विकास बुरी तरह प्रभावित हुआ है, लेकिन यह पूरी तरह से ध्वस्त नहीं हुआ है। ईरान की मजबूती इस बात से पता चलती है कि वे खुद के ड्रोन और मिसाइल बनाते हैं, उनका परमाणु प्रोग्राम गुप्त रूप से चल रहा है और वो अभी भी तेल का निर्यात कर रहे हैं। ईरान की आबादी लगभग 9 करोड़ है और शिक्षा के स्तर में वो पश्चिम एशिया में सबसे ऊपर है। वहां 70% विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित के स्नातक महिलाएं हैं! सोचिए अगर ईरान को पाबंदियों से मुक्ति मिल जाये, तो इन प्रतिभाओं का क्या योगदान हो सकता है। परमाणु समझौते से ईरान को एक सामान्य देश बनने की उम्मीद जगी थी। लेकिन ट्रंप ने उस समझौते को खत्म कर दिया और बाइडन ने उसे आगे नहीं बढ़ाया। इससे ईरान विरोधी धर्मगुरु खुश हो गये, इजरायल और सऊदी अरब खुश हो गये। लेकिन आम ईरानी निराश हो गये, जिन्हें लगता है वो इस्लामिक देश में फंसे हुए हैं। उनके बेहतर जीवन का दरवाजा फिर से बंद हो गया। ईरान की स्थिति वैसी ही विद्रोही और अछूत देश की बनी हुई है।

**ईरान एक महान आधुनिक ताकत बन सकता था। ईरान के लिए एक बड़ा बदलाव 1953 में आया, जब लोकतांत्रिक रूप से चुने गये ईरानी प्रधानमंत्री मोहम्मद मोसद्देघ के खिलाफ तख्तापलट हुआ।**

अभिमत
आजाद सिपाही

द लैंसेट कमीशन के विशेषज्ञों ने चिंता जताते हुए कहा है कि स्तन कैंसर से 2040 तक हर साल दस लाख लोगों की मौत होने की आशंका है। अभी भी हर साल 6-7 लाख महिलाओं की हर साल इस कैंसर के कारण जान जा रही है, इन आंकड़ों के और भी बढ़ने का खतरा है। स्तन कैंसर के बढ़ते वैश्विक मामलों को लेकर विशेषज्ञों की टीम ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सभी महिलाओं को कम उम्र से ही इसके खतरे को लेकर सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।

# कैंसर से 2040 तक हर साल हो सकती है दस लाख मौतें

**अभिषेक**

कैंसर वैश्विक स्तर पर मृत्यु के प्रमुख कारकों में से एक है, महिला-पुरुष दोनों में कैंसर और इसके कारण होने वाली मौतों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हालिया अध्ययनों में चिंता जतायी गयी है कि महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर जिस गति से बढ़ता जा रहा है, ऐसे में आशंका है कि साल 2040 तक इसके मामले और मृत्यु का खतरा कई गुना और अधिक हो सकता है।

द लैंसेट कमीशन के विशेषज्ञों ने चिंता जताते हुए कहा है कि स्तन कैंसर से 2040 तक हर साल दस लाख लोगों की मौत होने की आशंका है। अभी भी हर साल 6-7 लाख महिलाओं की हर साल इस कैंसर के कारण जान जा रही है, इन आंकड़ों के और भी बढ़ने का खतरा है।

स्तन कैंसर के बढ़ते वैश्विक मामलों को लेकर विशेषज्ञों की टीम ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सभी महिलाओं को कम उम्र से ही इसके खतरे को लेकर सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है। स्तन की नियमित रूप से जांच करने, अपने जोखिम कारकों की पहचान और बचाव के लिए उपाय करते रहना इस कैंसर की रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण हो सकता है।

फिलहाल जिस प्रकार के वैश्विक रुझान देखे जा रहे हैं, ऐसे में आशंका है कि इस कैंसर के मामले स्वास्थ्य विभाग पर बड़े दबाव का कारण बन सकते हैं।

**कैंसर के मामलों का जितनी जल्दी पता चल जाए इसका इलाज आसान हो सकता है।**



प्रोफेसर रेशमा कहती हैं कि स्तन कैंसर के जोखिमों को कम करने के लिए जागरूकता अभियान को बढ़ावा देने के साथ-साथ मरीजों और स्वास्थ्य पेशेवरों के बीच संचार की गुणवत्ता में सुधार करने की भी आवश्यकता है। प्रोफेसर रेशमा कहती हैं कि समय-समय पर कैंसर की स्क्रीनिंग को बढ़ावा देने के लिए भी लोगों को शिक्षित किया जाना चाहिए।

## साल 2040 तक निदान और मौत में बढ़ोतरी की आशंका

लैंसेट कमीशन की रिपोर्ट में कहा गया कि साल 2020 के अंत तक पांच वर्षों में लगभग 7.8 मिलियन (78 लाख से अधिक) महिलाओं में स्तन कैंसर का निदान किया गया और लगभग 6.85 लाख महिलाओं की इस बीमारी से मृत्यु हो गई। आयोग का अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर स्तन कैंसर के मामले 2020 में 23 लाख से बढ़कर साल 2040 तक 30 लाख से अधिक हो सकते हैं। इसके सबसे ज्यादा मामले निम्न और मध्यम आय वाले देशों से रिपोर्ट किए जा रहे हैं जहां लोग असाधारण रूप से प्रभावित हो रहे हैं। 2040 तक इस बीमारी से होने वाली मौतों का जोखिम भी प्रति वर्ष दस लाख से अधिक होने की आशंका है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया, भारतीय महिलाओं में भी स्तन कैंसर का जोखिम लगातार बढ़ता जा रहा है।

## स्तन कैंसर को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा, कैंसर के मामलों का समय पर निदान न हो पाना न सिर्फ इलाज को प्रभावित करता है साथ ही समय के साथ जीवन की गुणवत्ता भी प्रभावित होने लगती है। जितनी देर में कैंसर का पता चलता है वहां से इलाज हो पाना और रोगी की जान बचना और भी कठिन हो जाता है। लाइफस्टाइल और आहार में कुछ प्रकार के बदलाव करके इस कैंसर के जोखिमों को कम किया जा सकता है। अमेरिका स्थित एमोरी यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में प्रोफेसर और शोधकर्ता रेशमा जागसी ने कहती हैं, महिलाओं को इस बढ़ती स्वास्थ्य समस्या को लेकर सावधानी बरतना जरूरी है। इसके लिए जागरूकता अभियान भी बहुत आवश्यक है, जिससे समय पर इसके जोखिमों का पहचान करने में मदद मिल सके।

## विशेषज्ञ ने कहा

प्रोफेसर रेशमा कहती हैं कि स्तन कैंसर के जोखिमों को कम करने के लिए जागरूकता अभियान को बढ़ावा देने के साथ-साथ मरीजों और स्वास्थ्य पेशेवरों के बीच संचार की गुणवत्ता में सुधार करने की भी आवश्यकता है। प्रोफेसर रेशमा कहती हैं कि समय-समय पर कैंसर की स्क्रीनिंग को बढ़ावा देने के लिए भी लोगों को शिक्षित किया जाना चाहिए जिससे कि समस्या का समय रहते निदान किया जा सके।

कैंसर के मामलों का जितनी जल्दी पता चल जाये, इसका इलाज आसान हो सकता है।

## लाइफस्टाइल में बदलाव भी बहुत जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया दैनिक जीवन में कुछ प्रकार के उपायों के माध्यम से भी कैंसर के जोखिमों को कम किया जा सकता है, सभी महिलाओं को इस बारे में जानकारी होना आवश्यक है। अधिक वजन वाली महिलाओं में स्तन कैंसर का खतरा अधिक देखा जाता रहा है, इसके लिए जरूरी है कि आप वजन को कंट्रोल में रखें। इसके साथ शारीरिक रूप से सक्रिय रहना, आहार में फलों-सब्जियों की मात्रा बढ़ाने से जोखिमों को कम किया जा सकता है।

अध्ययनों में पाया गया है कि शराब और धूम्रपान के कारण भी स्तन कैंसर का खतरा हो सकता है, इन आदतों से दूरी बनाकर भी स्तन कैंसर के जोखिमों को कम किया जा सकता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# चाइबासा में एक व्यक्ति ने पत्नी और दो बेटियों की गला काट कर हत्या की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाइबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाइबासा में एक दरिंदे ने एक अत्याचारपूर्ण हमला किया। उसने पत्नी और दो मासूम बेटियों की गला काट कर हत्या कर दी। इस घटना से लोग हतप्रभ हैं।

**मर्डर की गहरी दिलचस्पी**

महिला और उसकी दो बेटियों की हत्या करनेवाले आरोपी को पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार कर लिया है। यह हमलावर नशे की हालत में था। पुलिस ने हत्यारे को पकड़ लिया है और सुरक्षित स्थान पर रखा है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, ताकि घटना का सच सामने आ सके।



**आरोपी का बयान**

आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी और बच्चों के साथ लगातार झगड़े होते थे, जिससे उसे गुस्सा आ गया और उसने उनकी हत्या कर दी। इधर चाइबासा में हुए ट्रिपल मर्डर के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैला हुआ है और इनकी ओर से न्यायिक कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# सन्नी हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, सात आरोपी गिरफ्तार, छह देसी पिस्टल और कट्टा बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला पुलिस एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश लगातार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने बीते दिनों मानगो उलीडीह ओपी के एनएच 33 स्थित वसुंधरा इस्टेट के पास अपराधियों द्वारा हाइवा चालक सन्नी यादव को गोली मारकर हत्या करने के मामले का खुलासा कर दिया। मंगलवार को पुलिस ने घटना में शामिल 7 अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार प्रवीर सिंह उर्फ छोटू, राहुल सिंह उर्फ राहुल बच्चा, अर्जुन महतो उर्फ अर्जुन बच्चा, राहुल राय, अभिषेक साह, रौनक शर्मा और आशीष बर्मन शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 देसी पिस्टल,3 देसी कट्टा,11 जिंदा गोली,घटना में प्रयुक्त दो बाइक और एक ऑटो बरामद कर लिया। मौके पर एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि प्रदीप सिंह की हत्या का बदला लेने के लिए सन्नी की हत्या की गईं थी। पूछताछ में जानकारी मिली कुछ दिनों पूर्व सन्नी उसके घर आकर हंगामा कर रहा था। इसके बाद से प्रवीर ने अपने साथियों के साथ सन्नी की हत्या का प्लान बनाया। राहुल बच्चा सन्नी की रेकी कर रहा था। एन एच पर सन्नी को अकेला देख राहुल बच्चा ने फोन पर जानकारी दी थी। इसके बाद एक बाइक पर सवार होकर राहुल सिंह और अर्जुन के साथ पहुंच कर सन्नी पर फायरिंग कर दी। राहुल सिंह बाइक चला रहा था। प्रवीर बीच में बैठा था। बाइक के पीछे अर्जुन बच्चा बैठा था। घटना को अंजाम देने के बाद सभी बाइक से घाटशिला की ओर भाग निकले। उन्होंने बताया पुलिस 24 घंटे में ही अभिषेक और रौशन को गिरफ्तार कर लिया था। दोनो से पूछताछ में पता चला की सभी अपराधी हुरलुंग के पास ईट भट्ठा में छुपे है। दूसरे राज्य भागने की फिराक में थे। इससे पूर्व पुलिस ने सभी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटनास्थल पर प्रवीर सिंह, राहुल सिंह उर्फ राहुल बच्चा और अर्जुन महतो मौजूद रहे। उन्होंने बताया राहुल राय और आशीष बर्मन ने रेकी की थी। जबकि अभिषेक और रौशन ने भागने में मदद की थी। फिलहाल सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।




## अमन श्रीवास्तव के करीबी नीरज ठाकुर को एटीएस ने किया गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड एटीएस ने जेल में बंद गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के करीबी नीरज ठाकुर को रांची के पिठोरिया इलाके से गिरफ्तार किया है। एसपी ऋषभ झा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस की टीम ने यह कार्रवाई की है। एटीएस ने नीरज ठाकुर के अलावा कई अन्य अपराधियों को भी पकड़ा है। बता दें कि नीरज ठाकुर एटीएस सहित कई जिलों की पुलिस का वांटेड था और पिछले दो साल से फरार चल रहा था।

**छह लाख और झारखंड एनर्जी लिमिटेड नाम की कंपनी का मिला विवरण**

झारखंड एटीएस ने गिरफ्तार अपराधी नीरज ठाकुर के पास छह लाख बरामद किये हैं। बताया जा रहा है कि यह लेवी से वसूला गया पैसा है। इसके अलावा एटीएस को मेसर्स झारखंड एनर्जी लिमिटेड नाम की कंपनी का विवरण मिला है। बताया जा रहा है कि अमन श्रीवास्तव गैंग के पैसे से ही यह कंपनी बनाया गया है।

**लंबे समय से थी नीरज की तलाश**

अमन श्रीवास्तव के मुंबई से गिरफ्तार होने के बाद गैंग के संचालन में नीरज ठाकुर खास भूमिका निभा रहा था। नीरज पर एटीएस में एक कांड सहित कई मामले दर्ज हैं। एटीएस की टीम लंबे समय से नीरज ठाकुर को तलाश रही थी। इसी बीच सूचना मिली कि नीरज रांची के पिठोरिया इलाके में देखा गया है। सूचना के आधार पर एटीएस ने नीरज को गिरफ्तार कर लिया। अमन श्रीवास्तव के लेवी का सारा लेखा-जोखा नीरज ठाकुर ही रखता था। अमन श्रीवास्तव से जुड़े किन लोगों को कितना पैसा देना है या फिर परिवार वालों को कैसे पैसा पहुंचना है, सारा अरेंजमेंट नीरज ठाकुर ही करता था।

# रामनवमी के अवसर पर अखाड़ा में शामिल हुए मंगल कालिंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** रामनवमी के अवसर पर अष्टमी पूजा के दौरान विधायक मंगल कालिंदी ने जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के श्री श्री रामनवमी पागलगिरी माई अखंड अखाड़ा समिति,रथ गली,श्री श्री केशरी नंदन हनुमान मंदिर अखाड़ा समिति, आर पी पटेल हाई स्कूल छपरईया मोहल्ला,श्री श्री बजरंग अखंड अखाड़ा समिति, नव युवक संघ गर्ल्स स्कूल रोड में शामिल हुए। मौके पर विधायक को सभी अखाड़ा समितियां ने सम्मानित किया। वही विधायक ने उपस्थित सभी लोगों को रामनवमी की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रामनवमी आपसी भाईचारें और सौहॉर्द का त्यौहार है। हमेशा मयार्दा और सच्चाई के राह पर आगे बढ़ना चाहिए। प्रभु श्री राम की कृपा सदा जुगसलाई विधानसभा के लोगो पर बनी रहे यही कामना करते है। इस अवसर पर मुकेश शर्मा, माणिक मल्लिक, प्रेम तिवारी, संजय सिंह, प्रफुल्ल तिवारी, सोनू सिंह, सुनील महतो सहित सैकड़ो ग्रामीण श्रद्धालु शामिल रहे।



# सांसद गीता कोड़ा के साथ घटी घटना के संबंध में जोनल आइजी ने ली जानकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गम्हरिया।** बीते दिनों सांसद गीता कोड़ा के साथ भाजपा नेताओं की घेराव के मामले में दक्षिण छोटानागपुर के जोनल आईजी अखिलेश झा जांच के लिए गम्हरिया पहुंचे। सबसे पहले आईजी ने मोहनपुर गांव का दौरा किया।उन्होंने ग्रामीणों से पूछताछ कर पुलिस की भूमिका की विस्तृत जानकारी ली। मीडिया के सवालों पर आईजी ने कहा फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जांच के बात ही कुछ बताना संभव होगा।



# जमीन कारोबारी अफसर अली छह दिनों की इडी की रिमांड पर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े मामले में जमीन कारोबारी अफसर अली को इडी ने गिरफ्तार किया है। हालांकि जमीन से जुड़े एक अन्य मामले में इडी ने अफसर अली को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इडी कोर्ट के आदेश पर फिर से इडी ने मंगलवार को अफसर अली को इडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया। पेशी के बाद इडी ने उससे पूछताछ के लिए रिमांड की मांग की। अदालत ने छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी है।

# गढ़वा में निकला भव्य मंगला जुलूस





**श्रीराम जी की सेना चली... की धुन पर थिरके लोग**

**आसमान में उड़ते नजर आये हनुमान जी तो दूसरी ओर महिला मंडली ने किया जुलूस का नेतृत्व**

**महावीर मंडल और श्रीरामनवमी पूजा महासमिति जेनरल ने मंगला जुलूस पर रचा इतिहास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** श्रीराम जी की सेना चली ... की धुन पर नाचते गाते हुए रामनवमी को लेकर मंगलवार को जिला मुख्यालय में मंगला जुलूस निकाला गया। इसमें लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस वर्ष के मंगला जुलूस ने विगत वर्ष की तुलना में इतिहास रच दिया। सभी प्रकार के पुराने रिकार्ड को ध्वस्त कर दिया। एक ओर जहां महावीर मंडली द्वारा महिलाओं के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। वहीं श्रीरामनवमी पूजा महासमिति जेनरल द्वारा ड्रोन के माध्यम से हनुमान जी को आसमान में उड़ाया गया। जो जुलूस का मुख्य आकर्षण रहा। इसके अलावा ढोल नगाड़ा बजाती महिलाएं, महाकाल की टीम का प्रदर्शन, स्कूटी पर सवार महावीरी झंडा पहने युवतियों की टोली की लोगों ने सराहना की। लोगो में जुलूस को लेकर उत्साह देखने को मिला।

मंगला जुलूस में रामधून पर नाचते गाते लोग शामिल हुए। वहीं जगह जगह पर कलाकारों द्वारा कला का प्रदर्शन किया गया। महावीर मंडल के अध्यक्ष कंचन साहू, संरक्षक राकेश पाल के नेतृत्व में महावीर मंडली ने रामनवमी जुलूस निकालने को ले इतिहास रच दिया। वहीं श्रीरामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के अध्यक्ष उमेश कश्यप व संरक्षक मुरली श्याम सोनी के नेतृत्व में निकाला गया जुलूस लोगों में उत्साह भर रहा था तथा पूरा शहर राममय हो गया। दोनों संगठनों द्वारा रामदरबार से संबंधित झांकी निकाली गयी। जुलूस में छोटे बच्चे बच्चियों द्वारा तलवार लेकर जुलूस में शामिल होना लोगों को आकर्षित कर रहा था।


मंगला जुलूस में उमड़ी लोगों की भीड़ इस बात की ओर इशारा कर रही है कि रामनवमी जुलूस इससे भी भव्य होगा।

## आज गढ़वा सहित पूरा देश भक्ति में सराबोर है : मंत्री

**गढ़वा। रामनवमी पूजा के मौके पर पूरा गढ़वा राम मय हो गया है। मंगलवार को गढ़वा में मंगलवारी जुलूस का आयोजन किया गया। श्री महावीर मंडल की ओर से आयोजित मंगला जुलूस में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। पूरा गढ़वा जय श्री राम और अन्य भक्ति गीतों से गूंजता रहा। राम धुन पर मंत्री श्री ठाकुर भी जमकर थिरके। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गढ़वा शहर में आज श्री रामनवमी पूजा के अवसर पर श्री महावीर मंडल और श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गयी है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज गढ़वा, झारखंड सहित पूरा देश भक्ति में सराबोर है। उन्होंने भगवान से कामना करते हुए कहा कि यह जो माहौल है ऐसा ही बना रहे। देश की एकता और अखंडता हमेशा बनी रहे। इसमें किसी का नजर ना लगे। हमारा देश गंगा जमुनी तहजीब का देश है। यहां के लोग रामनवमी, मुहर्रम, ईद, होली, दशहरा, क्रिसमस आदि सभी पर्व-त्योहार मिलजुल कर बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं। यही हमारे लोकतंत्र की सुंदरता है। मौके पर मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल के संरक्षक राकेश पाल, अध्यक्ष कंचन साहू, कंचन जायसवाल, दीपक तिवारी, आशीष अग्रवाल, डेजी गुप्ता, प्रतिभा शौर्य सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष शामिल थे।**

# सिलेबस और प्रश्न पर अच्छी तरह से फोकस करने की जरूरत: साक्षी

आजाद सिपाही संवाददाता



अपने माता पिता के साथ साक्षी जमुआर

**गढ़वा।** गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर की सुपुत्री साक्षी जमुआर ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में 89वां स्थान प्राप्त करने में सफलता अर्जित की है। झारखंड के गुमला में जन्मी तथा रांची में पली बढ़ी साक्षी बताती हैं कि उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में यह सफलता पायी है। साक्षी बताती हैं कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा रांची में हुई। वे दसवीं कक्षा तक डीएवी श्यामली रांची की स्टूडेंट रहीं। 11वीं और 12वीं जेवीएम श्यामली में पढ़ाई की। जबकि ग्रेजुएशन इंटरनेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रांची से उन्होंने किया।

अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार के सदस्यों को देते हुए वह बताती हैं कि मेरे सफलता के पीछे मेरे परिवार के सभी सदस्यों का हाथ रहा है। जिसमें उनके बड़े भाई, पिता गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर के अलावा उनकी मां रीना जमुआर का विशेष योगदान रहा। इसके दो माह पहले साक्षी बीएससी 68 बैच की परीक्षा भी पास कर चुकी हैं। जिसमें उनका 48 रैंक आया था। यूपीएएससी के छात्रों को टिप्स देते हुए साक्षी बताती हैं कि यूपीएससी क्वालीफाई करने के लिए भाषा मायने नहीं रखता। हिंदी हो या इंग्लिश किसी भी भाषा में अच्छे स्टूडेंट यूपीएससी क्वालीफाई कर रहे हैं। हालांकि उनका भाषा इंग्लिश रही। वह बताती हैं कि उन्होंने ऑनलाइन आइएएस कोचिंग से उन्होंने एजुकेशन हासिल किया और वह यूपीएससी क्वालीफाई करने में सफलता पायी। यूपीएससी के छात्रों को टिप्स देते हुए उन्होंने बताया कि सिलेबस और प्रश्न पर अच्छी तरह से फोकस करने की जरूरत होती है। क्वेश्चंस बार-बार रिपीट होते हैं इसलिए पुराने क्वेश्चन को भी ध्यान में रखकर तैयारी करनी चाहिए। लिमिटेड बुक्स को लेकर ही तैयारी करने की जरूरत है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in

## राम जन्मोत्सव आज, चारों तरफ उत्सव का माहौल



**मेराल(आजाद सिपाही)।** रामनवमी को लेकर शहर से गांव तक चारों तरफ उत्सव का माहौल है। लगमा मे 23 वां मानस महा महोत्सव के दूसरा दिन मंगलवार को वैदिक मंत्रोंचार से षोडशोपचार ध्वज के साथ साथ हनुमंत लला की पूजा अर्चना की गयी, अखंड मानस पाठ, सम्पूर्ण दुर्गा सप्तशती पाठ से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय है। 12:00 दिन में अयोध्या से पधारे पूज्य संत शिरोमणि बाल स्वामी अवधेंद्र प्रपन्नाचार्य जी और सांस्कृतिक मंडली के द्वारा श्री शालिग्राम भगवान का अभिषेक, अर्चन के साथ जन्मोत्सव मनाया जायेगा। द्वारकानाथ पांडे ने बताया कि इस अवसर पर संगीतज्ञ साधकों के द्वारा मनोहारी संगीत की प्रस्तुति की जायेगी। श्री पांडे ने बताया कि लगमा का ठाकुर द्वारा लगभग सवा दो सौ वर्षों का पुरातन मंदिर है जहां प्रति दिन लगातार पूजन अर्चना राग भोग और उत्सव मनाया जाता है। यह पावन और पुरातन धार्मिक आस्था का केन्द्र है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से श्री रामजन्मोत्सव में शामिल होकर प्रभु श्री राम के प्रति समर्पित होकर अपने जीवन को कृतार्थ करने की अपील किया है।

## राम नवमी में खलल डालने वालों की खैर नहीं : थाना प्रभारी



**मेराल(आजाद सिपाही)।** राम नवमी पूजा में खलल डालने वाले असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए मेराल प्रशासन पूरी तरह तैयार है। प्रशासन ने सौहार्द पूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का संदेश मंगलवार को फ्लैग मार्च के माध्यम से दिया गया। इस दौरान अधिकारियों ने आमजनों से रामनवमी के दौरान शांति व्यवस्था बनाएं रखने की अपील की। अधिकारियों ने यह भी कहा कि रामनवमी का पर्व आपसी भाईचारा के साथ मिल-जुलकर मनायें। अगर शांति व्यवस्था में किसी ने खलल डालने की कोशिश की तो उसका अंजाम भुगतना होगा। वाद विवाद करने वालों को भी चिन्हित कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में बीडीओ जागो महतो, सीओ यशवंत नायक, थाना प्रभारी विष्णु कांत के साथ कई पुलिस पदाधिकारी और बड़ी संख्या में जवान शामिल थे।

## भंडरिया में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्द के साथ मनाने को लेकर अंचलाधिकारी राकेश भूषण सिंह व थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह के संयुक्त नेतृत्व में भंडरिया थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के साथ-साथ मंगलवार को भंडरिया थाना से मस्जिद होते हुए इंदिरा गांधी चौक तक फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांवों व पंचायत में आपसी भाईचारा और शांती के साथ रामनवमी मनाने का लोगों को संदेश दिया। वहीं थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी तरह से शांति भंग ना हो इसके लिए पुलिस चुस्त दुरुस्त है। वहीं अगर किसी भी तरह की गैर कानूनी गतिविधि होगी तो पुलिस उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। फ्लैग मार्च में मुख्य रूप से राम सिंह गगराई, योगेंद्र उरांव, उमाशंकर शर्मा, हवलदार प्रताप दास, शंकर दयाल सिंह, राजकुमार प्रसाद, उपेंद्र सिंह, गोपाल तिर्की, मुकेश सिंह,विनोद कुमार, सतेन्द्र कुमार।

## दुर्गावाहिनी और रामनवमी पूजा समिति ने निकाला मंगलवारी जुलूस



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** श्री रामनवमी पूजा महोत्सव को लेकर श्रीराम नवमी पूजा समिति और दुर्गा वाहिनी के तत्वावधान में मंगलवारी जुलूस निकाला गया, जिसमें सैकड़ों के संख्या में दुर्गा वाहिनी के बहनों और रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों ने मोटरसाइकिल जुलूस निकाला। जो सूर्य मंदिर से दुर्गा मंदिर टाउनशिप तक गयी, इस दौरान जय श्री राम, जय श्री राम, का जयघोष लगाया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दुर्गा वाहिनी संयोजिका रीना देवी, प्रियंका कुमारी, निभा गुप्ता, शारदा देवी, वीणा चौरासिया, मुखिया बेबी देवी, जिपस रंजनी शर्मा, भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष नितिश कुमार, सचिव नवल किशोर प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

## बीडीओ ने पूर्व विधायक और जेएमएम नेता सहित अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम चुनाव मे लागू आदर्श अचार संहिता उल्लंघन करने के आरोप मे धुरकी थाना मे बीडीओ जुल्फिकार अंसारी ने मंगलवार को पुर्व विधायक अनंत प्रताप देव व जेएमएम नेता ताहिर अंसारी सहित अज्ञात पर किया प्राथमिकी दर्ज। इस संबंध मे बीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया की गत शनिवार 13 अप्रैल को पुर्व विधायक ने जेएमएम नेता ताहिर अंसारी के साथ बिना अनुमती के वन परिसर कार्यालय के गेस्टहाउस मे राजनीतिक गतिविधी से संबंधित बैठक किया है, जो सरासर चुनाव आयोग के प्रोटोकोल के विरूद्ध है। बीडीओ ने बताया की अखबार मे प्रसारण किया गया न्यूज के आधार पर उन्होने आदर्श अचार संहिता के उल्लंघन के आरोप मे धुरकी थाना कार्यालय मे लिखित आवेदन सौपकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इधर थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की बीडीओ के लिखित आवेदन के माध्यम से पुर्व विधायक अनंत प्रताप देव जेएमएम नेता ताहिर अंसारी सहित अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वही बीडीओ ने बताया की चुनाव आयोग के सख्त निर्देश और उपायुक्त गढ़वा के द्वारा लोकसभा चुनाव मे लागू आदर्श अचार संहिता का प्रोटोकोल को अक्षरशः पालन नही करने वाले किसी भी राजनीतिक दल के नेता कार्यकर्ता पर कायार्वाई की जाएगी। उन्होने कहा की बिना लिखित अनुमती के किसी भी तरह का राजनीतिक कार्यक्रम बैठक रैली सभा करने हेतु परमिशन लेना अनिवार्य है, बिना परमिशन के उपरोक्त कार्यक्रम करने पर विधी सम्मत वह कायार्वाई करेंगे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अमहर गांव निवासी विकास बैठा का पुत्र आलोक कुमार बैठा 17 वर्ष ने सोमवार की देर रात्रि अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना के संबंध में बताया गया कि आलोक कुमार बैठा अपनी मां के साथ घर में रहता था। आपसी किसी बात को लेकर आलोक कुमार बैठा ने अपने घर के पंखे में फांसी लगा लिया। इसके बाद परिजनों ने जब उठा तो रात्रि में देखा कि आलोक पंखा में लगा फंदे पर झूला हुआ है। इसके बाद परिजनों ने उसे फंदे से उतर कर उसे गंभीर स्थिति में गढ़वा सदर अस्पताल लाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद गढ़वा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। जहां अंत्य परीक्षण के बाद आलोक कुमार बैठ के शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## श्री रामनवमी को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**कांडी (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के निर्देशानुसार राम नवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर पुलिस ने पूर्व संध्या पर मंगलवार को कांडी बाजार में फ्लैग मार्च निकाली। यह फ्लैग मार्च पुलिस इंस्पेक्टर आदित्य ठाकुर के नेतृत्व में निकाली गयी। यह फ्लैग मार्च थाना मोड़ से बाजार होते पेट्रोल पंप मोड़ तक गयी पुनः वापस थाना परिसर तक गयी। इस अवसर पर थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने सभी पूजा कमेंटी व आखाड़ा के अध्यक्षों सचिवों और सदस्यों तथा गणमान्य व्यक्तियों से आग्रह किया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु को सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को खबर दें। साथ ही सोशल मिडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट नहीं करें,अन्यथा पकड़े जाने पर कठोर कारवाई की जायेगी। इस मौके पर एएसआई संजय राम, एसआई रौशन राम, एएसआई भवेश झा सहित पुलिस बल शामिल थे।

## अंबेडकर जयंती मनायी गयी, मंत्री ने किया आर्थिक सहयोग

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड के सोनदाग, खरडिहा और ढेंगुरा में अंबेडकर युवा क्लब के तत्वावधान में भारतीय संविधान निमार्ता बाबासाहेब डॉ० भीमराव आंबेडकर की 134 वीं जयंती धुमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता मद्य पान निषेध मंत्री सह गढवा विधायक मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से सोनदाग कमेटी को 25 हजार, खरडिहा कमेटी को 11 हजार और ढेंगुरा कमेटी को 11 हजार कुल 47 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग झामुमो प्रखंड कमेटी के द्वारा आयोजक कमेटी को किया गया। इस मौके पर प्रखंड 20 सूत्रि अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, सोनदाग पंचायत के मुखिया रीमा देवी, पूर्व मुखिया मालती देवी, युवा अनुमंडल उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, बीडीसी रीना भारती, दीपक प्रजापति सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# रंका में देखने को मिली हिंदू-मुस्लिम एकता की झलक : मंत्री



**तक्कूशाह दाता के मजार प्रांगण में कव्वाली का हुआ शानदार मुकाबला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित तक्कूशाह दाता के मजार पर सालाना उर्स के मौके पर झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता मद्य पान निषेध मंत्री सह विधायक मिथिलेश ठाकुर पहुंचे और चादरपोशी कर दुआ मांगी। अंजुमन कमेटी रंका के द्वारा उर्स मौके पर गुलाम वारिस नयी दिल्ली बनाम साकिब अली साबरी फैजाबाद के बीच शानदार कव्वाली का मुकाबला हुआ जिसका शुभारंभ मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया। लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि रंका तक्कूशाह दाता के बगल में श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर दोनों एक दिवार से सटे हुए हैं जो गंगा जमुनी तहजीब हिन्दू मुस्लिम एकता झलक देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि डॉ० भीमराव आंबेडकर की भी जयंती मनाया जा रहा है, जिन्होंने ऐसा खुबसूरत संविधान दिया है, जो दुनिया के सबसे बड़ा लोकतंत्र की हिफाजत करता है। आज कुछ लोग संविधान को खत्म करना चाहते हैं, हमें ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अल्लाह भगवान ईश्वर राम सब एक ही हैं। उन्होंने सभी जातिधर्म के लोगों को मिल कर रहने के लिए तक्कूशाह दाता से दुआ मांगी। इस मौके पर परवेज आलम, सलिम, मदन खान, जिला बीस सूत्रि उपाध्यक्ष नितेश सिंह, बीस सूत्रि प्रखंड उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, सदर शोएब सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने श्रीराम नवमी पूजा के अवसर पर हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की



**रंका। श्रीराम नवमी पूजा के शुभ अवसर पर रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर पहुंचे झारखण्ड सरकार के पेयजल स्वच्छता मद्य पान निषेध मंत्री सह गढवा विधायक मिथिलेश ठाकुर और हनुमान जी की दर्शन और पूजा अर्चना किए और आशीर्वाद प्राप्त की। इस मौके पर जिला बीस सूत्रि उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, रौशन पाठक, श्रीराम नवमी पूजा समिति के अध्यक्ष सुलपानी सिंह, पत्रकार महेंद्र ओझा सहित काफी संख्या में राम भक्त उपस्थित थे।**

# बाबा साहब के संघर्ष की बदौलत देश के नागरिकों को वोट देने का अधिकार मिला : जितेंद्र ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड के रारो गांव के बाजार परिसर में सोमवार के रात्रि में जय भीम क्लब के तत्वाधान मे संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाया गया। जयंती कार्यक्रम को लेकर क्लब के नेतृत्व में अहले सुबह 8 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा बाजार समिति रारो से चल कर गांव के विभिन्न गली मुहल्ले में भ्रमण कराया गया। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल लोगों ने संविधान निमार्ता अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा, बाबा तेरा नाम रहेगा। जन-जन को देता समान वो है, भारत का संविधान सहित अन्य नारे लगाये जा रहे थे। तत्पश्चात कार्यक्रम में संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर, भगवान गौतम बुद्ध और ज्योतिबा राव फुले के तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद रात्रि में भव्य बिरहा का कार्यक्रम आयोजन किया गया। बिरहा कार्यक्रम में मिशन कलाकार अनिल चंद्रा व सुनीता बौद्ध के द्वारा एक से बढ़कर एक मिशन गीत संगीत प्रस्तुत किया गया। जिससे कार्यक्रम में उपस्थित लोगो ने पूरे रात झूमते रहे। मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ठाकुर ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने आजीवन गरीब, शोषित, पीड़ित, वंचित तबका का हक व अधिकार के लिए संघर्ष करते रहे। उनके संघर्ष के बदौलत देश के नागरिकों को वोट देने का अधिकार मिला। वहीं अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान में देश के सभी लोगो को एक समान जीवन जीने का अधिकार दिया है। कार्यक्रम को पंचायत समिति सदस्य तेज बहादुर सिंह, शिक्षक अजय कुमार, दयानंद सिंह, विनोद राम, मनोज कुमार, नंदा पासवान ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परमानंद कुमार व संचालन प्राण यादव ने किया। इस मौके पर वार्ड सदस्य विमल राम, नकछेदी कांत, विजय राम, मनोज कुमार, विक्की राज, अखिलेश गौतम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भगवान श्री कृष्ण ने ग्वालों के साथ फोड़ी मटकी, माखन के लिए श्रद्धालुओं में लगी होड़

**माखन के लिए कार्यक्रम के प्रभारी बने घोड़ा, भगवान श्री कृष्ण की सवारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर परिसर में चल रही रासलीला के सातवें दिन सोमवार की रात्रि में श्रीकृष्ण की माखन चोरी तथा राधा-रानी की गोद भराई और अपने ग्वाल शखाओं के साथ मधुसूदन का नृत्य देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। वृंदावन से आए कलाकारों के वृज की मीठी व भाव भरे ध्वनि से लगता है मेराल में पूरा वृंदावन ही उतर आया है। लीला का भरपूर आनंद लेने के लिए मेराल तथा आसपास के हजारों श्रद्धालुओं प्रतिदिन पहुंचते हैं। माखन चोरी की आकर्षक झांकी के अलावा जगह-जगह माखन से भरी हुई मटकी को बाल कृष्ण के रूप में वृंदावन से आए कलाकारों ने ग्वालों के साथ मिलकर मटकी फोड़ने, माखन खाने और एक दूसरे के मुंह पर लपेटने की लीला का बहुत सुंदर मंचन किया। श्री कृष्ण ने माखन खिलाने के लिए दर्शक श्रद्धालुओं में कार्यक्रम के प्रभारी विजय प्रसाद को मंच पर बुलाया, उन्होंने जैसे ही माखन लेने के लिए हाथ आगे बढ़ाया श्री कृष्ण ने कहा कि माखन खाने के लिए पहले घोड़ा बनना पड़ेगा तब तुझे माखन मिलेगा। भगवान के आदेश का पालन करते हुए तुरंत घोड़ा बन गये, उनकी पीठ पर बैठकर गिरधर कन्हैया ने सवारी की और उन्हें माखन दिया। इस दृश्य को देख पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट तथा जयघोष से गूंज उठा। राधा-रानी की गोद भराई में आयोजन समिति के पदाधिकारीयों के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचे डॉ लाल बहादुर साह के साथ कई अन्य स्थाई सदस्यों का स्वागत अंग वस्त्र देकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष संजय भगत के द्वारा किया गया।

## रामनवमी को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च




**गुमला (आजाद सिपाही)।** रामनवमी की जुलूस से एक दिन पूर्व एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह, सार्जेंट अभिमन्यु कुमार के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकालकर लोगो के बीच पुलिस की उपस्थिति का एहसास कराया गया। यह फ्लैग मार्च स्थानीय थाना परिसर से निकलकर शहर के सिसई रोड, घाटों बगीचा,टॉवर चौक, मेन रोड, लोहरदगा रोड, थाना चौक होते हुए पुनः थाना परिसर पहुंचकर समाप्त हो गया।फ्लैग मार्च में स्टैटिक व सस्त्र बल के जवान शामिल थे। मौके पर एसडीपीओ ने कहा कि रामनवमी के त्योहार शांति व सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाए जाने को लेकर पुलिस हर मोर्चे पर तैनात है। इसी निमित एसपी के निर्देश पर फ्लैग मार्च निकाला गया। आगे कहां की लोग शांतिपूर्ण माहौल में आपसी सद्भावना और सौहार्द के साथ रामनवमी पर्व को मनाए। किसी प्रकार की अफवाह में ध्यान ना दे। किसी भी घटना की सूचना तत्काल नजदीकी थाना को दे। जुलूस के दौरान शहर में प्रवेश से पूर्व सभी सड़कों पर बड़ी एवं छोटी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।

## अहीर सेना की कार्यकारिणी कमिटी का गठन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** 14 अप्रैल को अहीर सेना झारखण्ड के मुख्य संरक्षक श्री लोहरमन गोप जी की अध्यक्षता में संरक्षक समिति के सदस्यों एवं समाज के उपस्थित सभी प्रखंड प्रतिनिधियों की अगवाई में कार्यकारिणी कमिटी का गठन किया गया। नए ऊर्जा और जोश के साथ कार्य करने हेतु युवाओं के प्रतिनिधित्व पर भरोसा दिखाते हुए रामलखन गोप बसिया को अहीर सेना का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सचिव के रुप में देव नारायण महतो एवं सह सचिव के रुप में जनक गोप का चुनाव किया गया, वही कोषाध्यक्ष के रूप में चन्दन कुमार गोप को जिम्मेदारी दी गई। अहीर सेना के कानूनी सलाहकार के रुप में अधिवक्ता सचिदानंद गोप, संगठन मंत्री विनय गोप और सुरेश गोप, प्रवक्ता रविन्द्र गोप, सोशल मीडिया प्रभारी अरविन्द कुमार यादव और बसंत यादव, स्वास्थ्य प्रकोष्ठ प्रमुख सूरज गोप और ब्रजेश गोप, गुमला प्रखंड अध्यक्ष आनन्द गोप, सचिव बुधराम गोप, सिसई प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार यादव, सचिव नीरज अधिकारी, घाघरा प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्र यादव, सचिव बिंदेश्वर यादव, कामडारा प्रखंड अध्यक्ष तेतरू गोप, सचिव भूषण गोप, पालकोट प्रखण्ड अध्यक्ष बजरंग गोप, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष नवीन गोप, सचिव एलफोर गोप, भरनो प्रभारी अमरजीत गोप, बसिया प्रभारी अनुज गोप, रायडीह प्रभारी विक्रम गोप को चुना गया। कार्यकरिणी सदस्य के रूप में रमेश गोप, तीरथ गोप, मुस्कान गोप, कुलदीप गोप, मोहर गोप, लीलाधर गोप, बलराम यादव का चुनाव किया गया।

## आपका वोट आपकी ताकत, इसका प्रयोग करें : सीओ




**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को प्रखंड प्रशासन ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया अभियान का नेतृत्व सीओ शेखर वर्मा ने की जिसमें प्रखंड और आंचल कर्मियों ने अपने भागीदारी निभाई वहीं जेएसएलपीएस एवं बाल विकास परियोजना से जुड़ी महिलाओं ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस निमित्त प्रखंड कार्यालय प्रांगण से लोग जुलूस के शक्ल मैं कतारबद्ध होकर निकले और साप्ताहिक हाट होते हुए बिशुनपुर बस स्टैंड तक गए इस क्रम में अभियान में शामिल लोगों ने मतदाताओं को वोट देने से संबंधित वोट देना जरूरी है यह हमारा अधिकार है आदि स्लोगन बोल रहे थे। सीओ ने कहा की यह जागरूकता अभियान चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाया जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव मैं मतदाताओं को अपने मत के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है सत प्रतिशत मतदान हो इसको लेकर प्रशासन लगातार लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का काम कर रहा है। इस मौके पर स्थानीय मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक बीपीआरओ जितेंद्र भगत कल्याण पदाधिकारी गणेशाराम महतो अंचल निरीक्षक प्रकाश कच्छप बालेश्वर बैगा, सहित तमाम पंचायत के मुखिया एवं अन्य कर्मी अभियान में शामिल थे।

## डांडिया नृत्य से दुर्गा पूजा उत्सव में बढ़ा आकर्षण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सोमवार की देर शाम मां शीतला देवी मंदिर में महिला सदस्यों द्वारा डांडिया नृत्य का आयोजन श्री चैती दुर्गा पूजा उत्सव का आकर्षण दो गुणा कर दिया। ज्ञात हो कि देवी मंदिर में वर्ष 2016 से चैती दुर्गा पूजा का आयोजन हो रहा है। पूजा के आठवें वर्ष में महिला बार महिला सदस्यों के पहल पर सप्तमी तिथि को डांडिया गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। डांडिया से पहले माता की आरती हुई। जिसमें काफी संख्या में भक्तों ने भाग लियास। आरती के बाद महिलाओं ने डीजे साउंड में गरबा संगीत पर डांडिया नृत्य का प्रदर्शन किया। डांडिया नृत्य में दुर्गा पूजा समिति महिला विंग के सदस्य विजयलक्ष्मी, पूनम सिंह, उषा रानी, बबीता देवी, डॉ अनुपम कुमारी, सीमा कुमारी, नम्रता सिंह, किरण केसरी, सुषमा सिंह, पूनम जयसवाल, रीना देवी, रश्मि रानी, सत्या रानी, शोभा गुप्ता, रश्मि राज, अंजली सिंह, झूमा मुखर्जी आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिए। डांडिया नृत्य के बाद पूजा समिति की ओर से सभी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## आजाद सिपाही में समाचार चलने के बाद मानसिक विक्षिप्त मिल सका परिजनों से

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** सिमडेगा में भटक कर पहुंचा युवक जयदीप बडाईक समाचार चलने के बाद जयदीप के परिजनों ने टकबाहर बोलबा पहुंच कर जयदीप को अपने साथ लेकर रामरेखा सरखु टोली आया उनकी मां पत्नी व अन्य रिश्तेदार साथ रहे जिनसे मिलने के बाद जयदीप उसकी मां उसकी पत्नी वह अन्य रिश्तेदार काफी भावुक हो गये उन्होंने समाचार ग्रुप के साथ जयदीप का देखभाल कर रही शिक्षक का जूलियाना के प्रति आभार व्यक्त किया है साथी कहां की एक मामले में जेल में रहने के बाद देने के लिए जयदीप आंशिक रूप से मानसिक विक्षिप्त इसका परिजन भी लंबे समय से तलाश कर रहे थे ।

# मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित देश की राह पर : प्रदीप सिन्हा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** तीसरे टर्म की मोदी सरकार के नेतृत्व में गुमला जिला में व्यापक असर दिखने लगेगा। उक्त वक्तव्य भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सह प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य प्रदीप सिन्हा ने 16 अप्रेल दिन मंगलवार को गुमला भाजपा चुनाव कार्यालय (सभेकर होटल) में आयोजित एक प्रेस-वार्ता में कही। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी और सुदृढ़ नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश ने जिस पर प्रकार का व्यापक परिवर्तन देखा है। वह अपने आप में इस बात की गारंटी है कि आने वाले समय में भारत एक नई ऊंचाइयों को छूकर एक विकसित भारत बनने की कतार पर अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। मोदी सरकार डंके की चोट पर जनता से अबकी बार 400 पार लोकसभा सीट की जीत मांग रहे




है क्योंकि वे देश की जनता की बुनियादी जरूरतों को ध्यान रखते हुए पिछले दस साल से बिना छुट्टी लिए बिना आराम किये सतत निरंतर कार्य कर रहे हैं।

इन्हीं सब कार्यों को फलीभूत कर मोदी सरकार ने 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। इस कार्य के लिए अन्तराष्ट्रीय वित्त विशेषज्ञों ने मोदी सरकार की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। भारत दुनियां की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गयी है। दशकों बाद धारा 370 के हटने के बाद जम्मू कश्मीर में स्थायी शांति स्थापित हुई है। भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होने से सभी सेकुलरों पार्टियों की नींद उड़ी हुई है। सौभाग्य योजना से 100% घरों में बिजली पहुंचायी है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत लगभग 85 करोड़ जनता को निःशुल्क खाद्यान्न की सुविधा आज भी दे रही है और अगली तीसरी पारी की सरकार में भी इस योजना को निरंतर जारी रखने की घोषणा सरकार ने की है।

लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव ने संगठन के लिए पूरे राष्ट्रीय स्तर पर जनता के बीच जा कर काम किया है और संसद में उनके द्वारा उठाये गए बुनियादी मुद्दों एवं जोरदार वक्तव्यों से सरकार, संगठन एवं जनता के बीच अपनी अलग छाप छोड़ी है एवं अलग पहचान बनाई है। अगली पारी में जनता ने इन्हें पुरजोर समर्थन देने का मन बना लिया है और मोदी सरकार की तीसरी पारी में गुमला जिला में स्पष्ट परिवर्तन दिखाई देने लगेगा। प्रेसवार्ता कार्यक्रम में मुख्य-अतिथि प्रदीप सिन्हा के अलावे उनके साथ जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी एवं सविंद्र सिंह, गुमला विधानसभा प्रभारी श्रीचन्द्र प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, जिला के वरिष्ठ नेता बिनोद प्रसाद भिखारी भगत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झारखंड रत्न जुन्नु रैन को किया गया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** 15 अप्रैल को हजारीबाग में स्थित फहीमा एकेडमी सेकेंडरी स्कूल में ईद मिलन , रामनवमी सह अवार्ड सेरोमेनी का कार्यक्रम देर रात तक रखा गया था जिसमे सभी समुदाय के लोगों की काफी भीड़ आयी हुई थी जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में स्पोट्र्स अकादमी के निदेशक एव झारखंड रत्न से सम्मानित माननीय सैयद जुन्नु रैन जी को आमंत्रित किया गया था वही स्पोट्र्स अकादमी के चार खिलाड़ियों को भी बेहतर प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया जिसमें हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर दो राष्ट्रीय रेफरी शामिल है जिसमे दीपक कुमार , विक्रम राज ठाकुर को सम्मानित किया गया वही बैडमिंटन में राष्ट्रीय स्तर पर अरीब आब्दीन और हैंडबॉल में सद्दाम अंसारी को सम्मानित किया




गया । इस कार्यक्रम के आयोजन कर्ता फहिमा एकेडमी के डायरेक्टर मोहम्मद अली के द्वारा पूरी कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हुई ।

## मनरेगा योजना में जेसीबी का प्रयोग कर रहे लाभुक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो के ग्रामीणों के लिए मनरेगा के तहत रोजगार दिया गया है।परंतु कुछ लाभुक अपना रूवाब दिखाकर जेसीबी मशीन का उपयोग करते नजर आ रहे। जिससे मजदूरों के रोजी रोजगार छिनता नजर आ रहा है। बता दे कि जारी प्रखंड के मेराल पंचायत के सकतार गांव में मनरेगा का कुआं जेसीबी मशीन से खोदा जा रहा है। जबकि मनरेगा एक्ट में कुआं की खुदाई स्थानीय मजदूरों से कराना है। परंतु मनरेगा एक्ट के विरुद्ध जेसीबी मशीन का उपयोग किया जा रहा है।सोमवार रात को जेसीबी मशीन से कुआं खोदने का ग्रामीणों ने विरोध किया। जिसके बाद भी लाभुक के द्वारा मुखिया का धौस दिखाकर जबरजस्ती खोदा गया। वर्ष 2023-24 के



तहत सकतार गांव में मनरेगा कुआं का योजन गांव के ही राफेल मिंज के द्वारा कराया जा रहा है। जबकि बताया जा रहा है कि लाभुक राफेल मिंज पंचायत के मुखिया चाजरेंन मिंज का रिश्तेदार है। जो कि मनरेगा एक्ट के तहत मुखिया के रिश्तेदार कार्य नही करा सकते है। वही मामला की जानकारी पूरे प्रखंड में आग की तरह फैल चुका है। कई लोग इसमें मैनेज करने में एड़ी चोटी एक किये हुए है और मैनेज करने में लगे हुए है। साथ ही जेसीबी मशीन किस व्यक्ति का है इस बात की कोई जानकारी नही मिल पायी है।

## अनुमति थी 37 की, काट दिये गये 70 पेड़

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशुनपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारी व्यस्त हैं और वही लकड़ी तस्कर मस्त है ऐसा इसलिए कहां जा रहा है की लोहरदगा डिवीजन के बनारी रेंज कसमार स्थित बोरहा गांव के रैयत दशरथ उरांव एवं सुखराम टाना भगत के रैयती प्लॉट में लगे साल का पेड़ काटने का परमिशन आंचल एवं वन विभाग के द्वारा 37 पेड़ का दीया गया था परंतु तस्कर के द्वारा रैयत एवं सुरक्षित वन क्षेत्र से 70 से अधिक पेड़ काट लिए गए। अवैध को बैध दिखने में वन विभाग भी कोई कसर नहीं छोड़ा। क्योंकि उक्त वेध एवं अवैध साल का बोटा लेकर यूपी नंबर वढइळ - 1248 एलपी ट्रक बनारी रेंज ऑफिस पहुंचा जहां वन विभाग के द्वारा उक्त ट्रक को रात भर बनारी रेंज ऑफिस मेरा रखा गया और दूसरे दिन मंगलवार दोपहर लगभग



1:00 बजे ट्रांसपोर्टिंग परमिशन का पेपर जारी करते हुए उसे छोड़ दिया गया। ग्रामीण सूत्रों का कहना है कि इससे पूर्व भी दो 12 चक्का एलपी ट्रक एवं एक बॉक्साइट ट्रक में साल का बोटा लोड कर उक्त सुरक्षित वन क्षेत्र से बनारी रेंज ऑफिस के नाका होते हुए तस्कर द्वारा ले जाया गया है।

बोरहा गांव के सूत्रों के द्वारा जब बगैर परमिशन पेड़ काट कर गाड़ी में लोड करने की सूचना दूरभाष के माध्यम से स्थानीय मीडिया कर्मियों को दी गई तो मीडिया कर्मी रेंज ऑफिस पहुंचे और सत्यता के लिए फॉरेस्टर किशोर राम को ऑन रिकॉर्ड कॉल किया गया तब उन्होंने कहा कि जो भी एलपी में बोटा लोड है वह वैध है। कल सुबह आप सभी मेरे साथ उक्त जंगल की ओर चले और सत्यता की जांच खुद कर ले मंगलवार को मीडिया कर्मी फॉरेस्टर को साथ लेकर जब उक्त स्थल पर पहुंचे तो। फॉरेस्टर के द्वारा बात बदलने में तनिक भी देर नहीं की गई और कहा अवैध रूप से बोटा काटा गया है निश्चित रूप से तस्करों पर कार्रवाई की जाएगी।

**वन रक्षी की उपस्थिति में होती है कटिंग व लोडिंग**

सूत्रों की माने तो पेड़ का कटाई एवं लोडिंग के समय वन विभाग के कुछ कर्मी भी उपस्थित रहते हैं ऐसे में ग्रामीण भी उनसे कुछ नहीं पूछ पाते हैं और बैध व अवैध का खेल तस्कर के द्वारा किया जाता है। ग्रामीण कहते हैं कि वन बचाने वाले ही मिलकर वन उजाड़ने का काम करने लगे तो वह दिन दूर नहीं की लोहरदगा रेंज के जंगल में हम लोग सिर्फ पत्थरों का टीला देख पायेंगे।

**क्या कहते हैं डीएफओ**

अगर परमिशन से ज्यादा पेड़ काटा गया है तो यह बहुत गंभीर बात है बोटा लदे गाड़ी को अगर विभाग के द्वारा ट्रांसपोर्टिंग परमिशन का पेपर दिया गया भी है तो कई जगहों से गाड़ी गुजरेगा कहीं ना कहीं पकड़ा जाएगा। हालांकि प्राप्त सूचनाओं के आलोक में पुनः एक बार जांच कराऊंगा।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में गुमला ने लोहरदगा को सात विकेट से हराया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में मेजबान गुमला ने लोहरदगा को सात विकेट से पराजित कर पूरे अंक के साथ अगले चक्र मे प्रवेश पाया। जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया स्टेडियम मे मंगलवार से आरम्भ अंतर जिला क्रिकेट मुकाबले में गुमला व लोहरदगा की टीम आमने सामने थी। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। निर्धारित 44 ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर टीम ने 170 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से चैतन्य ने सर्वाधिक 48रनों की




पारी खेली । अथर्व देव ने 27, हर्ष व तन्मय ने 22-22रनों का सहयोग किया। गुमला की ओर से मयंक राज ने बेहतरीन गेंदबाजी की और 9ओवरो में महज 15रन देकर 4 विकेट अर्जित किये। रोहिश ने दो व सत्यम ने एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुमला के खिलाड़ियों ने 34.4 ओवरों में तीन विकेट के नुकसान पर विजयी आंकड़ा छू लिया। टीम की ओर से मंथन ने बेहतरीन शुरूआत दी और उम्दा 70रनों की पारी खेली । मयंक राज ने नाबाद 32व सत्यम पांडा ने 28रनों की नाबाद पारी के बदौलत गुमला ने आसान जीत दर्ज किया। गेंद व बल्ले के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले गुमला के मयंक राज प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये। मौके पर मौजूद टी आर डी ओ पप्पू कुमार सिंह, एल ओ अवधेश कश्यप, अंपायर प्रशांत कुमार, हेमंत ठाकुर व स्कोरर जुलकर नैन ने मैन ऑफ द मैच बने मयंक को पांच हजार कैश मनी व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ जितेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, रोहित उरांव, सनी साहू, यमुना झा, शशि समेत अन्य उपस्थित थे।

## स्कूल का दरवाजा तोड़ 15 बोरा अनाज चोरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र के करमटोली स्थित राजेन्द्र अभ्यास मध्य विद्यालय का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा 15 बोरा करीब 750 किलो खाद्यान का चोरी कर लिया।खाद्यान की चोरी किये जाने के बाद स्कूल के बच्चो के समक्ष मध्याह्न भोजन के लाले पड़ गए है।मामले को लेकर स्कूल के प्रभारी एचएम कुसुम टोप्पो ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।थाना में दिए आवेदन में उन्होंने कहा है कि 15 अप्रैल को विद्यालय में छुट्टी होने के कारण वह अपने घर चली गयी थी। दूसरे दिन जब वह सुबह करीब साढ़े छह बजे स्कूल पहुंची तो देखा कि स्कूल के खाद्यान गोदाम का ताला टूटा हुआ है। साथ ही गोदाम में रखा हुआ 15 बोरा खाद्यान गायब है।

## चोरों और नशेड़ियों पर कार्रवाई की मांग

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के जशपुर रोड दुर्गानगर वार्ड नंबर 17 के मोहल्ले वासियों ने चोरी की घटनाओं व नशेड़ियों के लगने वाले जमावड़ा से तंग आकर थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर निजात दिलाने व कार्रवाई किये जाने की मांग की है। साथ ही मोहल्ले वासियों ने चैन की नींद में चोरों व नसेडियों का खलल नही पड़े इसके लिए ने रात्रि गश्ती करने की मांग की है। लोगों ने कहा है कि वे सभी नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत दुर्गानगर वार्ड नंबर 17 के निवासी है। दुर्गानगर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। साथ ही कई जगहों पर दुर्गानगर क्षेत्र में बाहरी युवा नशेड़ियों का जमावड़ा लग रहा है। यह जमावड़ा खासकर संध्या के समय लगता है। दुर्गानगर में हाल के दिनों में 11 अप्रैल को रमेश उरांव पिता स्व० सावन उराव के यहां से कुएं में लगा टुल्लू पंप व पाइप और विनोद उरांव के आवास से वायरिंग का सैकड़ो मीटर तार चोरों के द्वारा चुरा लिया गया है। यह घटनाएं मुख्य रूप से बाहरी नशापन करने के लिए मोहल्ले में आने वाले उन नशेड़ियों का ही मालूम होता है। दुर्गानगर वासियों ने निवेदन किया है कि ऐसे चोरी की घटनाओं एवं नशेड़ियों के जमावड़ा पर लगाम लगाने और क्षेत्र में गस्ती खासकर संध्या व रात्रि के समय प्रारंभ कराने की कृपा की जाये।

## मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कैंडल लाइट कार्यक्रम आयोजित



**बसिया (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कोनबीर बाजार टॉड चबूतरा में कैंडल लाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे कैंडल जलाकर मतदान करने के लिए शपथ लिया गया। इस मौके पर उपस्थित बीडीओ सुप्रिया भगत ने कहा कि आगामी 13 मई को सभी को मतदान के लिए आना है व किसी बहकावे में न आकर समझदारी से मतदान करना है ताकि सशक्त लोकतंत्र का निर्माण हो सके। इस मौके पर मुख्य रूप से सुपरवाइजर डेजी कुजुर, मुखिया अमृता देवी,सहायक अभियंता बीएलओ महिला मंडल की सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

## टेंपो लगाने के विवाद में मारपीट, एक घायल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** नेशनल हाईवे -43 सिसई बस स्टैंड के समीप दुकान के सामने टेम्पु लगाने के विवाद में दुकानदार व उनके सहयोगियों द्वारा टेम्पु चालक कुलंकेरी गांव निवासी राहुल कुमार सोनी (19) पिता जगरनाथ सोनी के साथ मारपीट करने और प्रिंस स्टोर के संचालक द्वारा चाकु से जानलेवा हमला करने को लेकर सिसई थाना में केस दर्ज कराया गया है। घटना बीते सोमवार की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार शाम राहुल अपने टेम्पु में अपनी मां व एक दोस्त के साथ सिसई खरीददारी करने आया था, मेन रोड़ स्थित प्रिंस स्टोर के सामने टेम्पु लगाकर अपने दो दोस्तों के साथ खड़ा था, उसकी मां पास के दुकान पर खरीददारी करने गई थी। उस वक्त प्रिंस स्टोर दुकान बंद था। इसी बीच प्रिंस स्टोर का संचालन वहां पहुंचा और अपना दुकान खोला। दुकान के सामने टेम्पु खड़ा देख वो गुस्से से आग-बबूला हो गया और राहुल से मार-पीट करने लगा, दुकानदार के अन्य सहयोगी भी उसके साथ मार-पीट करने लगे, जिससे राहुल का सर फट गया। इसी बीच प्रिंस स्टोर के संचालक ने चाकू से राहुल के पेट पर जानलेवा हमला कर दिया। घायल राहुल को रेफरल अस्पताल लाया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बावत राहुल द्वारा सिसई थाना में आवेदन देकर केस दर्ज कराया गया है।

## बीडीओ ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का मंगलवार को निरीक्षण किया। इस क्रम में विद्यालयों में बने मतदान केंद्र घाघरा एस एस हाई स्कूल, बेलागड़ा स्कूल, गोमट स्कूल, कस्पोड़या स्कूल, हालमाटी स्कूल, गोया आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे। जहां मूलभूत सुविधा पेयजल, बिजली, शौचालय, फर्नीचर भवन सहित कई चीजों को देखा। व्यवस्था को दुरुस्त रखने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश शिक्षकों को दिया। इसके साथ ही मतदान केंद्रों के पास मतदाताओं और मतदान कर्मियों को कोई परेशानी ना हो। जिसे लेकर सभी सुविधाओं को जल्द से जल्द पूरा करने की बात कही। मौके पर शिक्षक संजय कुमार, सतीश कुमार बंसल सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

## घर वापस लौटते समय मजदूर लापता




**गुमला (आजाद सिपाही)।** **गुमला** जिला के बसिया प्रखंड के लुंगटु गांव के मजदूर फुल जेम्स तिर्की उम्र लगभग 36साल अपने एक सहयोगी बिकास मिंज के साथ गौवा से मजदुरी कर वापस लौटने के दौरान आधे रास्ते विजयनगरम आंध्र प्रदेश से हुआ लापता। दिनांक 10 अप्रैल को हुआ है। साथी बिकास मिंज सही सलामत अपने घर लुगंटु गांव पहुंच कर इसकी जानकारी फुल जेम्स तिर्की के पत्नी सुनीता खेस वा भाभी जुलयानी तिर्की को दिया। आज पुरे मामले को लेकर पत्नी सुनीता खेस वा भाभी जुलियानी तिर्की गुमला पहुंची और इसकी जानकारी मजदूर संघ गुमला जिला कार्यालय में आ कर लिखित आवेदन देते हुए अपने पति को खोजने की गुहार लगायी है। वहीं इस पुरे मामले को सुनने के बाद मजदूर संघ के महिला विंग प्रदेश सचिव -सुनीता कुमारी ने कहा कि हम अपने संगठन के माध्यम से लापता मजदूर को खोजने की पुरी कोशिश करेंगे।

## ओड़िशा के अनिमेष ने यूपीएससी परीक्षा में दूसरा स्थान हासिल किया



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। 2023 की सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम जारी कर दिये गये हैं। आदित्य श्रीवास्तव सर्व भारतीय स्तर पर शीर्ष पर हैं। वहीं ओड़िया के बेटे अनिमेष प्रधान दूसरे स्थान पर हैं। अंगुल जिले के तालचेर भालूगाड़िया गांव के अनिमेष ने दूसरा स्थान हासिल करके ओड़िशा का गौरव बढ़ाया है। 2021 में, अनिमेष एनआइटी राउरकेला में कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कर रहे थे। आज उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल की है। वर्ष 2023 की परीक्षा में ओड़िशा के प्रज्ञानंदन गिरी को 24वां और आयुषी प्रधान को 36वां स्थान मिला है। इसी तरह, जयश्री प्रधान (52), अभिमन्यु मलिक (60), अम्रितांशु नायक (110), जशोबंत मलिक (115), पद्मनाभ मिश्र (176) सूची में हैं। विश्वजीत पंडा (343), प्रियंका प्रियदर्शिनी (387), संतोष कुमार पात्र(409), सौरभ दास (466) और राकेश कुमार साहू (575) ने स्थान हासिल किया है।

## भाजपा ने विधानसभा उम्मीदवारों की एक और सूची घोषित की

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। भाजपा के विधानसभा उम्मीदवारों की एक और सूची मंगलवार को घोषित कर दी गयी। इसमें राउरकेला से दिलीप रॉय, पाटना से अखिल चंद्र नायक, सारसकना से भादव हांसद, रायरंगपुर से जोलेन बारदा, बंगीरिपोशी से संजलि मुर्मू, करंजिया से पद्मचरण हाइबरू, झरीगांव से नरसिंह भात्रा, डाबुगांव से सोमनाथ पुजारी, राजनगर से ललित बेहेरा, बालीकुदा एरसामा से सत्यसारथी महांति, जगतसिंहपुर से अमरेंद्र दाश, काकटपुर से बाईधर मल्लिक, रणपुर से सूरमा पाढ़ी, सानखेमुंडी से उत्तम कुमार पाणीग्राही , मोहना से प्रशांत मल्लिक, विषमकटक से जगन्नाथ नुंदुका, रायगडा से बसंत उलाका, लक्ष्मीपुर से कैलाश कुलेसिका, कोटपाड से रूपु भत्रा, पटांगी से चैतन्य नंदीबालि और चित्रकोंडा से डंबरु शिशा से उम्मीदवार होंगे।

## जशुभाई राठवा ने नामांकन दाखिल किया



गुजरात (आजाद सिपाही)। भाजपा के छोटा उदयपुर लोकसभा प्रत्याशी जशुभाई राठवा ने छोटाउदयपुर जिला सेवासदन में अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर केंद्रीय आदिवासी एवं कृषि कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा, प्रदेश एससी मोर्चा अध्यक्ष गौतमभाई गादिया, पूर्व विधायक शब्दशरण तड़वी, छोटाउदयपुर सांसद गीताबेन राठवा, लोकसभा क्लस्टर प्रभारी प्रदीप सिंह जाडेजा, संगठन प्रभारी रमेशभाई उकानी, छोटाउदयपुर जिला पंचायत अध्यक्ष मालाकाबेन पटेल, नर्मदा जिला पंचायत अध्यक्ष अभय सिंह तडवी, विधायक जयंतीभाई राठवा, राजेंद्र सिंह राठवा, चैतन्य सिंह झाला, दर्शनाबेन, शैलेशभाई मेहता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता-समर्थक उपस्थित थे।

# जाजपुर में बस पलटने से महिला समेत पांच की मौत

## घायल 46 लोगों का एससीबी में चल रहा है इलाज



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जाजपुर जिले के कुआखिया के पास बारबाटी चौंक के पास बस दुर्घटना में 5 लोगों की मौत हो गयी और 46 अन्य घायल हो गये। बारबाटी चौक के पास यात्री बस ओवरब्रिज से नीचे गिर गयी। बस का संतुलन बिगड़ गया और 20 फीट नीचे गिर गयी।

सूचना मुताबिक सोमवार रात को बस पुरी से कोलकाता जा रही थी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और प्रशासन ने तुरंत बचाव कार्य शुरू कर दिया। फंसे हुए लोगों को निकालकर धर्मशाला हस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं 5 लोगों की मौत हो गयी मृतकों में एक महिला और 4 पुरुष शामिल हैं। वहीं गंभीर रूप से घायल 46 लोगों का इलाज कटक बड़ा मेडिकल में किया जा रहा है। वहां एक स्वतंत्र मेडिकल टीम उनका इलाज कर रही है। बस हादसे पर परिवहन विभाग के अपर सचिव लालमोहन सेठी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हादसा ड्राइवर की गलती से हुआ है। बस अच्छी हालत में थी और मार्च में उसे फिटनेस सर्टिफिकेट मिला था। माना जा रहा है कि तेज गति, ओवरटेक करना या फोन पर बात करना दुर्घटना का कारण है। बस के ब्रेक भी लगाये गये थे। अतिरिक्त सचिव ने बताया कि चालक की जांच की जायेगी और कार्रवाई की जायेगी।

### सीएम ने शोक व्यक्त किया, 3 लाख अनुग्रह राशि देने की घोषणा

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने जाजपुर जिले के बारबाटी चौक के पास एक यात्री बस फ्लाईओवर से गिरने से 5 लोगों की मौत की खबर पर गहरा दुख व्यक्त किया है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिजन को 3 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की और जिला प्रशासन को घायलों का उचित उपचार सुनिश्चित करने और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करने का निर्देश दिया।

दूसरी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने लिखा कि जाजपुर के कुआखिया के पास एक यात्री बस दुर्घटना में लोगों की मौत के बारे में सुनकर दुखी और स्तब्ध हूं। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना की।

## सोआ आइएएस में वार्षिक समारोह अर्न्न-2024 आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा एवं अनुसंधान (सोआ) द्वारा संचालित कृषि विज्ञान संस्थान (आइएएस) में वार्षिक कार्यक्रम अर्न्न-2024 का आयोजन किया गया। पिछले 10 और 11 दो दिनों तक आयोजित इस वार्षिक कार्यक्रम में ओड़िशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर मनोरंजन कर ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और कृषि अर्थशास्त्र और आधुनिक कृषि विज्ञान की प्रगति में छात्रों की भूमिका पर प्रकाश डाला। सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप्त कुमार नंद विशिष्ट अतिथियों के रूप में शामिल हुए और सोआ में कृषि शिक्षा प्रणाली की अभिनव पहलों के बारे में बात की। सोआ के छात्र मामलों के डीन प्रो ज्योति रंजन दास, मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। कृषि महाविद्यालय के डीन प्रो संतोष कुमार राउत ने स्वागत भाषण दिया और वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। आइएएस के प्रोफेसर विजय कुमार मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर खेल और अन्य प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। शाम को मशहूर ओलीवुड गायिका अंतरा चक्रवर्ती और स्वयं प्रभास पाढ़ी द्वारा रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## रेलवे संरक्षा कर्मचारी हुए पुरस्कृत



संबलपुर (आजाद सिपाही)। बिजयेंद्र सेनापति, मालगाड़ी प्रबंधक, टिटिलागढ़, आर रवि तेजेश्वर राव, तकनीशियन-क मुनिगुड़ा, श्री सुसांत मेहेर पॉइंट मैन-अ टिटिलागढ़ एवं बलदेव प्रधानी तकनीशियन कांटाबांजी को संरक्षा में उनकी सतर्कता एवं ट्रेनों के सुरक्षित संचालन में उत्कृष्ट योगदान और संरक्षा नियमों और विनियमों से अच्छी तरह परिचित होने के लिए सम्मानित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर तुषार कांत पांडे ने आनंद सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक, तन्मय मुखोपाध्याय, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, प्रभात कुमार वरिष्ठ संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर और संबित सौरव नायक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी की उपस्थिति में प्रमाणपत्र और नकद राशि से सम्मानित किया।

## डॉ अंबेडकर के जीवन और योगदान पर विशेष व्याख्यान



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत रत्न बाबासाहेब डॉ बीआर अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सुनाबेड़ा परिसर में डॉ बी.आर अंबेडकर के जीवन और योगदान' पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रख्यात शिक्षाविद् और डॉ बाबासाहेब अंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद के पूर्व कुलपति, प्रोफेसर बालू आनंद चोपड़े और संयुक्त रजिस्ट्रार, विश्व-भारती, डॉ प्रशांत मेश्राम भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर रजिस्ट्रार एवं वित्त अधिकारी प्रो एनसी पंडा, अकादमिक एवं प्रशासन सलाहकार प्रोफेसर वीसी झा भी उपस्थित थे। राजभाषा प्रकोष्ठ के प्रभारी निदेशक प्रोफेसर हेमराज मीणा ने स्वागत भाषण दिया। प्रोफेसर त्रिपाठी ने डॉ अंबेडकर की गहरी शिक्षाओं पर जोर दिया और एक दूरदर्शी विश्व आइकन और राष्ट्र के सच्चे वास्तुकार के रूप में अपना आभार व्यक्त किया। डॉ बीआर अंबेडकर की अद्वितीय महानता पर प्रकाश डालते हुए प्रो चोपड़ा ने ज्ञान के प्रतीक के रूप में उनके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ मेश्राम ने डॉ अंबेडकर की जयंती के अवसर पर दुनिया भर में मनाये जा रहे वैश्विक सम्मान पर प्रकाश डाला। जनसंपर्क अधिकारी डॉ फगुनाथ भोई ने कहा कि शिक्षकों, अधिकारियों और शोधकर्ताओं ने व्याख्यान में भाग लिया और डॉ बीआर अंबेडकर की स्थायी परंपरा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सीजीएचएस रिकॉर्ड को आभा से जोड़ने के मुद्दे पर सरकार ने दी सफाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सीजीएचएस रिकॉर्ड को आभा से जोड़ने के हालिया कदम के बारे में बहुत सी गलत सूचनाएं फैलायी जा रही हैं। इस तरह के संदेहों को खत्म करने के लिए केंद्र सरकार ने सफाई दी है। पीआइबी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आभा पूरी तरह से आधार पर आधारित एक अद्वितीय स्वास्थ्य आइडी है। आभा (अलग स्वास्थ्य आइडी) की आवश्यकता इसलिए पड़ी, क्योंकि आधार वॉल्ट और अन्य सुरक्षा प्रणालियों को लागू किये बिना कोई भी आधार को किसी भी सिस्टम पर भंडारित नहीं कर सकता है। इस तरह आभा स्वास्थ्य के क्षेत्र में आधार का एक प्रतिनिधि है।

विज्ञप्ति के अनुसार कई लोग ऐसी स्थिति में हैं, जो अस्पताल रिकॉर्ड अपने पास रखते हैं। इससे बार-बार परीक्षणों पर समय और पैसा बर्बाद होता है। स्वास्थ्य रिकॉर्ड को आभा से जोड़ने से रोगी/सीजीएचएस लाभार्थी को उनके मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड की उपलब्धता की सुविधा मिलेगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सरकार के पास छिपाने का कोई गुप्त उद्देश्य नहीं है और न ही उसे ऐसा करने की जरूरत है। आभा अंततः प्रत्येक स्वास्थ्य सुविधा पर और सभी भारतीय नागरिकों पर लागू होगा।

विज्ञप्ति के अनुसार, सरकार के लिए पैसे ट्रैक करने का कोई गुप्त तरीका नहीं है। दरअसल, यह सरकार की किसी मौद्रिक या राजकोषीय योजना से जुड़ा नहीं है। इसे प्रजनन और बाल स्वास्थ्य (आरसीएच), गैर-संचारी रोग (एनसीडी), निक्षय, यू-विन (सार्वभौमिक-टीकाकरण), इ-संजीवनी (टेलीपरामर्श), पीएमजेएवाइ, पोषण (आंगनवाड़ी) जैसे सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों में शुरू किया जा रहा है। इसके अलावा कोई भी स्थान, जहां स्वास्थ्य रिकॉर्ड बनाया जा रहा है, आभा लागू किया जा रहा है। कोई इसे चार धाम यात्रा स्क्रीनिंग, महाकुंभ स्क्रीनिंग, यूपीएससी और अन्य केंद्रीय सेवाओं के लिए चिकित्सा परीक्षण, ड्राइविंग लाइसेंस के लिए चिकित्सा परीक्षण आदि में पा सकता है।

## रूनाया का झारसुगुड़ा में अत्याधुनिक कैल्सियम एल्युमिनेट प्लांट का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** 2024 - टिकाऊ विनिर्माण और रीसाइक्लिंग में अग्रणी रूनाया ने मंगलवार को झारसुगुड़ा में अपने अत्याधुनिक कैल्शियम एल्युमिनेट प्लांट के उद्घाटन की घोषणा की। यह लॉन्च उद्योग के भीतर पर्यावरण नेतृत्व और तकनीकी उन्नति की दिशा में रूनाया की यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण है। स्थिरता को अपने मूल में रखते हुए रूनाया का ग्रीन एल्युमीनियम रिकवरी प्लांट प्रौद्योगिकी-सक्षम नवाचार के केंद्र में है। 12,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष की क्षमता के साथ यह सुविधा पूरे इस्पात उद्योग में ग्राहकों को हरित प्रीमियम उत्पाद प्रदान करने में सक्षम होगी। रुनाया की सीइओ और सह-संस्थापक अन्नया अग्रवाल ने कहा कि रुनाया में, नवाचार और स्थिरता हमारे डीएनए में समाहित है। हमारे कैल्सियम एल्युमिनेट प्लांट का लॉन्च धातु उद्योग में अग्रणी पर्यावरण अनुकूल समाधानों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह अत्याधुनिक सुविधा हमारी हरित पुनर्प्राप्ति पहल में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती है, एक हरित, अधिक टिकाऊ भविष्य के लिए हमारे दृष्टिकोण को मजबूत करती है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रथाओं के माध्यम से, हम केवल एक संयंत्र का निर्माण नहीं कर रहे हैं। हम एक ऐसे भविष्य की कल्पना करते हैं, जहां स्थिरता सिर्फ एक आकांक्षा नहीं, बल्कि हमारे लोकाचार का आंतरिक हिस्सा हो। कैल्सियम एल्युमिनेट प्लांट उस दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में कार्य करता है, जो एक उज्जवल कल सुनिश्चित करता है।

रुनाया धातु क्षेत्र में नवाचार, प्रौद्योगिकी और स्थिरता में अग्रणी है। शून्य अपशिष्ट खनन और हरित सामग्री जैसी पहलों के साथ, वे एक उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हैं। उनकी प्रमुख परियोजना उद्योग की एक बड़ी चुनौती का समाधान करते हुए, एल्युमीनियम को गंदगी से बचाती है। लाइसेंस प्राप्त मालिकाना पेटेंट प्रौद्योगिकी पर आधारित संचालन के साथ रुनाया मामूली धातु पुनर्प्राप्ति सहित विविध एंड-टू-एंड हरित समाधानों में सबसे आगे है। अपने नवाचार-संचालित प्रयासों के माध्यम से उन्होंने पेटेंट का एक पोर्टफोलियो एकत्र किया है, जो तकनीकी प्रगति के प्रति उनके अटूट समर्पण को दर्शाता है। एक नये युग की संसाधन कंपनी के रूप में, रूनाया उभरती खनन प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करके और स्थायी समाधानों के साथ ग्रह की रक्षा करते हुए उभरते व्यवसायों की भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करके उद्योग में महत्वपूर्ण अंतर को भरती है।

## सम फुलनखरा परिसर में गंभीर रोगियों का सफल उपचार




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल, फुलनखरा कैंपस, भुवनेश्वर ने जीवाणु संक्रमण के कारण गुर्दे के प्रवाह के साथ तीव्र सेप्टिक शॉक के साथ पायलोनेफ्राइटिस नामक गंभीर स्वास्थ्य जटिलता से पीड़ित एक मरीज का सफलतापूर्वक इलाज किया गया है। 42 वर्षीय पुरुष मरीज 3 अप्रैल को बुखार, सांस लेने में तकलीफ के साथ अस्पताल आया था। उन्हें तुरंत अस्पताल में क्रिटिकल केयर मेडिसिन के विशेषज्ञ डॉ गौरीशंकर राय के नेतृत्व में आईसीयू में भर्ती कराया गया। सांस लेने में तकलीफ के कारण अस्पताल में भर्ती होने के एक दिन बाद उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया और 4 बार डायलिसिस किया गया। इसी तरह, उनकी किडनी की पथरी को यूरेटेरोस्कोपिक लिथोट्रिप्सी (यूआरएसएल) प्रक्रिया द्वारा हटा दिया गया। नेफ्रोलॉजिस्ट और रेडियोलॉजिस्ट की एक मेडिकल टीम ने संबंधित रोगियों का इलाज किया। जैसे ही उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ, उन्हें 6 अप्रैल को वेंटिलेटर से हटा दिया गया और बाद में अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी।

रोगी अब पूरी तरह से ठीक हो गया है और दैनिक गतिविधियाँ भी कर रहा है। मरीज के परिवार के सदस्यों ने खुशी व्यक्त की और सफल इलाज के लिए अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिक्स को धन्यवाद दिया।


आवश्यकता

रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है

संपर्क करें -
मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626
मोहशीन अंसारी:6203 921 912,
Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योर्तिविज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

बोरिंग के लिए संपर्क करें
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Franchise Benefit
FREE FRANCHISE
All Computer Courses
Vocational Courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate
Yearly Career Guidance
Seminar in your City
Certified with
For More Details Visit Now
Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखण्ड में अब तक का सबसे बड़ा मेला
अंडर वाटर फिश टनल सह डिजनी लैण्ड मेला
Date : 08.04.2024 से
Time : 4 -10 PM
Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi
विशेषताएं
• परिवार के सभी सदस्यों के खरीददारी के लिए देश के हर कोने से 125 स्टॉल
• छोटे बड़े सभी के लिए झूले का प्रबंध
• अंडरवाटर फिश टनल में देशी विदेशी मछलियां
• रांची के लिए अजूबा टनल के अंदर सेल्फी प्वाइंट
Book Now .: 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw

# कोल्हान के टाइगर को सर्कस का टाइगर बना दिया : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** एनआइपीएम सभागार में शक्ति केंद्र की बैठक आहूत की गयी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी भारत माता वंदे मातरम जय श्री राम का उदघोष कर पूरे सभा स्थल को गुंजायमान कर दिया सभी कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए 400 पार का जो नारा है उसके लिए हम यहां एकत्रित हुए है मोदी जी के गारंटी के साथ अपने झारखंड के 14 में 14 सीट प्राप्त करने के लिए आज हम संकल्प लेते है पूरे देश मोदी जी का गारंटी चल रही है आज महा अष्टमी है और कल इतिहासिक रामनवमी है 500 साल के लेम्ब संघर्ष तपस्या और बलिदान के बाद टूटे फूटे टेंट से निकल कर राम लला अयोध्या में विराजमान हुए है हमे आशीर्वाद देने आ रहें है इस बार की लड़ाई दो विचारधारा की लड़ाई है एक का लक्ष्य राष्ट्र है दूसरे का परिवार फर्स्ट है को समर्पित है मोदी भी अपने 140 करोड़ के परिवार को समर्पित है 18 घंटे कार्य करते है बिना किसी छुट्टी के काम कर रहे है एक तरफ लोग अपने बच्चों के लिए चिंतित है वही मोदी जी अपने मां भारती के लिए समर्पित है इसी लिए आप सभी ने देखा होगा झारखंड में इंडी गठबंधन अपना प्रत्याशी देने में कितना घबरा रहा है झारखंड में जेएमएम भाजपा के दबाव में आ कर चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाई है किसी भी दल के मुख्यमंत्री उसके स्टार प्रचारक होते है मगर खटट में मैडम कल्पना सोरेन वो ना तो विधायक है ना अध्यक्ष प्रचारक है कोहलान के टाइगर को उनहोने सर्कस का टाइगर बना दिया है पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह लोक-सभा क्लस्टर प्रमुख दीपक प्रकाश आप सभी कार्यकर्ता को नवरात्रि की बधाई देता ही एव रामनवमी के अवसर पर शपथ लेंगे की हम बोकारो विधानसभा के कार्यकर्ता फिर से अव्वल आए गे पार्टी को दुनिया का नंबर 1 बनाने का श्रेय किसी को जाता है आप सभी कार्यकर्ता को हमारे बूथ के सभी कार्यकर्ता परमाणु बम है बूथ जीतो चुनाव जीतो मेरा बूथ सबसे मजबूत हमे सभी ताकत बूथ पर लगाना है अपनी पूरी ताकत झोंक देना है आप आपने बूथों पुनरीक्षण करे पन्ना प्रमुख बनाए मैं इसका आग्रह करने को खड़ा हूं घर घर संपर्क करे और सभी जानता को मोदी जी का जोहार नमस्कार उन्हें दे एक एक कार्यकर्ता को एक एक बूथ लेना है। कोई कितना बड़ा नेता हो उसे अपने बूथ पर रहना है एक तरफ राष्ट्र वाद है तो एक तरफ भारत को तोड़ने वाले है हमे हर बुथो पर 370 वोट बढ़ाना है यह मोदी जी का आग्रह है ।

धनबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सह राजग प्रत्याशी ढूलू महतो जी बोकारो के सभी देवतुल्य कार्यकर्ता को जय श्री राम मैं आप के सटे हुए विधानसभा से विधायक रहा हूं आप जानते ही है हम आप के परिवार का भई हूं प्रभु राम का भगत हूं मैं उन्हीं से प्रेरित होकर कार्य करूंगा हम इंडी गठबंधन को मुंहतोड़ जवाब दूंगा ये कांग्रेसी आज तक कोई काम किए ही नहीं इस लिए उनको कहने के लिए कुछ है ही नहीं निजी कार्यों के लिए राजनीत करने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री का विरोध करते है मैं प्रधानमंत्री को साक्षी मन कर रुत्र के साथ कार्यकर्ता के तरह दिन रात आप के साथ कार्य करता रहूंगा राष्ट्र हित में कार्य करता रहा हूं और करता रहूंगा ईमानदारी से जानता और देश के लिए कार्य करता रहा हूँ और करता रहूंगा दुराचारियों से ना डरा हूं ना डरूंगा। बोकारो विधान सभा के संयोजक सह मुख्य-सचेतक (प्रतिपक्ष, झारखंड) बिरंची नारयण जी मेरे प्राण से प्रिय कार्यकर्ता बंधुओं जैसे पूरब से सूरज उगना तय है वैसे ही ढुल्लू महतो का जितना तय है ये पार्टी मेरी मां के समान है जो पार्टी के साथ गद्दारी करे गा वो अपनी माँ के साथ गद्दारी करे गा आप सभी से आग्रह करता हूं की आप मुझे 40 दिनों का समय दे मैं आप को विश्वास दिलाता हूं कि मैं 2 लाख पार के अंतर से चुनाव जीतेंगे। धनबाद लोकसभा के सह संयोजक रोहित जी जय श्री राम के जय घोष के साथ अपनी वाणी का शुभारंभ किया कहा भारतीय जानता पार्टी में एक व्यक्ति नहीं संगठन चुनाव लड़ता है हम मोदी जी के काम पर चुनाव लड़ रहे है कहा जो राम को लाए है हम उनको लायेंगे। **कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संजय त्यागी जी ने किया:** इस बैठक में मुख्यरूप से उपस्थित रहें निवर्माण अध्यक्ष भरत यादव,परिंदा सिंह, वीरभद्र प्रसाद सिंह, कुमार अमित, आरती राणा, दिलीप श्रीवास्तव, कमलेश राय, लीला देवी, मुकेश राय,धीरज झा, कृष्ण कुमार मुन्ना, राकेश मधु, मुकुल ओझा, अशोक कुमार पप्पू, विनय आनंद, विश्वनाथ दत्ता, डॉ प्रकाश, अशोक वर्मा, माथुर मंडल, अवधेश यादव, अनिल सिंह, मनोज सिंह पन्ना लाल कंदू, विनय किशोर, हरीशचंद्र सिंह, सनातन सिंह, पीयूष आचार्य, वैधनाथ प्रसाद, श्याम नाथ मंडल, चंद्रशेखर सिंह, के के बोराल, ममता गोस्वामी, द्वारिका मुन्ना, ब्रज दुबे सैकड़ा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## अवैध बालू लदे सात हाइवा जब्त

**पूर्वी टुंडी।** अवैध बालू कारोबार के खिलाफ धनबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई । पहली कार्रवाई पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र में हुई जहां 7 हाइवा पकड़ा गया और 7 गिरफ्तारी हुई, दूसरी कार्रवाई टुंडी प्रखंड के मनियायडीह थाना क्षेत्र के हुई जहां एक हाइवा और 2 जेसीबी मशीन जब्त हुई और 4 गिरफ्तार हुए। लंबे समय से टुंडी और पूर्वी टुंडी स्थित बराकर नदी के घाटों से अवैध तरीके से बालू खनन कर इसकी तस्करी चल रही थी। धनबाद जिले के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने गुप्त सूचना के आधार पर एसओजी ने छापेमारी कर अवैध बालू लदे 8 हाइवा, 2 जेसीबी को किया जब्त किया एवं 11 लोग गिरफ्तार हुई ।

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. - 8492, दिनांक 28.12.2023 मैं पंकज कुमार पिता श्री रामसेवक प्रसाद उम्र 37 वर्ष ग्राम. पो०. थाना रमना जिला गढ़वा, राज्य झारखण्ड, राष्ट्रीयता भारतीय का हूँ तथा शपथपूर्वक निम्नांकित ब्यान करता हूँ -1. यह कि मैं ग्राम् पो० थाना रमना जिला गढ़वा का स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि मेरी पुत्री का नाम श्रेया सिंह है। जिसकी जन्मतिथि 09.02. 2017 ई0 है। 3. यह कि मेरी पुत्री का आधार नं0 5929 1669 9080 है। 4. यह कि मेरी पुत्रि के आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम श्रेया सिंह है, जो सही नाम है। तथा मेरी पुत्री के नाम से सुकन्या योजना का एक खाता डाकघर, रमना में खुला है। जिसका खाता नं0 6371822148 है। जिसमें मेरी पुत्री का नाम श्रेया कुमारी हो गया है, जो अलेत नाम है। यह कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम श्रेया सिंह है। यह कि मैं अपनी पुत्री के सुकन्या योजना में अपनी पुत्री का सही नाम श्रेया सिंह दर्ज कराना चाहता हूँ। यह कि मैं अपनी पुत्री के खाता में सही नाम दर्ज कराने हेतु शपथ पत्र का निष्पादन कर रहा हूँ, जो समय व जरूरी पर सक्षम पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकूँ, एवं प्रमाण में रहे। उपरोक्त शपथ पत्र मे लिखी गई सारी बाते मेरे कहने पर लिखी गई है जो सही वो सत्य है।

# मॉक पोल से लेकर पोलिंग पार्टी के निकलने तक का माइक्रो ऑब्जर्वरों को दिया प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर आज न्यू टाउन हॉल में लोकसभा चुनाव के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए माइक्रो ऑब्जर्वरों को चुनाव के दिन मॉक पोल से लेकर मतदान संपन्न होने के बाद पोलिंग पार्टी के निकलने तक, उनके दायित्व का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में माइक्रो ऑब्जर्वरों को उनका दायित्व समझाते हुए उपायुक्त ने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर अपने मतदान केंद्रों में समय से मॉक पोल करेंगे। पहली बार प्रत्येक उम्मीदवार के लिए तीन-तीन मॉक पोल करेंगे। वहीं मतदान के दौरान यदि कंट्रोल यूनिट को रिप्लेस करने की स्थिति आती है, तब उसे रिप्लेस करके प्रत्येक उम्मीदवार के लिए एक-एक मॉक पोल करेंगे। मॉक पोल हो जाने पर कंट्रोल यूनिट से मॉक पोल के डाटा को क्लियर कर, वीवीपैट से सभी स्लिप निकाल कर लिफाफे में सीलबंद कर, ईवीएम को जीरो पर सेट करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर आयोग के निदेर्शानुसार समय पर मतदान शुरू करायेंगे। बूथ पर प्रत्येक उम्मीदवार के एक-एक एजेंट को मौजूद रहने की अनुमति देंगे। साथ ही यह सुनिश्चित करेंगे कि मतदान की गोपनीयता बनी रहे। एब्सेंटी वोटर के मतदान की प्रक्रिया पर उपायुक्त ने कहा कि एब्सेंटी वोटर जब मतदान करने आते हैं तो उनके अंगूठे का निशान अवश्य लेना है। साथ ही आयोग द्वारा प्रमाणित जो भी पहचान पत्र मतदाता प्रस्तुत करें, उसका नंबर नोट करना है।

# रक्तदान शिविर के साथ मतदाता जागरूकता

आजाद सिपाही संवाददाता




**गिरिडीह।** जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग, गिरिडीह के तत्वाधान में प्रखंड कार्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 48 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। रक्तदान शिविर में वरीय अधिकारियों समेत कई अधिकारियों और कर्मचारियों/महिलाओं और आमजनों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस दौरान उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य, प्रभारी पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, स्वीप कोषांग की टीम समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही रक्तदान शिविर के साथ-साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक होना आवश्यक है। कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की जागरूकता एवं नैतिक सहभागिता को विकसित करना महत्वपूर्ण पहलू है। इसके अलावा स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया गया। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने आमजनों से रक्तदान की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान काम है और हमारी समृद्ध संस्कृति और सेवा और सहयोग की परंपरा का हिस्सा है। रक्तदान से न केवल राष्ट्रीय आवश्यकता पूरी होती है बल्कि यह समाज और मानवता प्रति एक बड़ी सेवा भी है।

## शपथ पत्र

**मैं वर्षा कुमारी पत्नी सूरज कुमार सिंह, सर्विस नंबर - 4585842 एफ, निवास का पता ग्राम - भुसाई, पीओ, पीएस - इचाक, जिला - हजारीबाग, राज्य - झारखंड, पिन - 825402 है। शपथ पत्र संख्या 7824 के माध्यम से सत्यनिष्ठा से घोषणा करती हूं कि मेरे पति के सेवा दस्तावेज में मेरा नाम वर्षा सिंह गलत प्रकाशन हो गया है। मेरे आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम वर्षा कुमारी है। मैं यह शपथ पत्र अपने नाम के साक्ष्य के उद्देश्य से प्रस्तुत कर रही हूं और इसके बाद मेरे सभी रिकॉर्ड, लेखन और लेन-देन से संबंधित सभी कार्यवाही में निजी और साथ ही सभी अवसरों पर उसका उपर्युक्त नाम ही होगा।**

# बीएसएल के अग्निशमन सेवा विभाग में नये फायर टेंडर हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता के लिए 14 से 20 अप्रैल तक मनाये जाने वाले अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में बोकारो स्टील प्लांट के मुख्य अग्निशमन विभाग में 10 नये वाटर सह फोम टेंडर को औपचारिक रूप से शामिल किया गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) पीके बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा और अग्निशमन सेवा) बी के सरतापे, मुख्य महा प्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) हर्ष निगम, मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) वी के सिंह, कमांडेंट (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) नितिन त्यागी के साथ अग्निशमन विभाग के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे। अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि अग्निशमन विभाग में 10 नए वाटर सह फोम टेंडर के शामिल होने से बोकारो स्टील प्लांट के अलावा बोकारो स्टील सिटी की अग्निशमन क्षमता सुदृढ़ होगी।

# डॉ भीमराव अंबेडकर ने अधिकार के लिए लड़ना सिखाया है : ढुल्लू महतो



**धनसार (आजाद सिपाही)।** डॉ भीमराव आंबेडकर की 133 वीं जयंती पर रविवार को भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो ने बस्ताकोला स्थित आंबेडकर चौक पर बाबासाहेब को माल्यार्पण किया। ढुलू महतो ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर डॉ भीमराव आंबेडकर का संविधान ही है कि जो एक गरीब का बेटा आपके बीच है। मुझे सेवा का मौका दिजिये मैं आपके लिए हमेशा खड़ा रहूंगा। ढुलू महतो ने कहा कि संविधान ने हमें व अधिकार दिया है और हम अपना हक ले सकें। उन्होंने कहा कि मैं कार्यकर्ताओं के लिए जेल गया हूं और आगे जरूरत पड़ी तो एक एक कार्यकर्ता के लिए जेल जाने को तैयार हूं। लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर के बताए रास्ते में चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि है।

JAPIT

Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology

(An Autonomous body under Department of Information Technology & eGovernance, Govt. of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651 – 2401044 & 2401067 eMail: japit_doit@rediffmail.com

**Corrigendum – II**

**eTender Ref. No.: JAP-IT/HC/VMS-ePass/01/2024**

**PR No.: 323583 Information Technology (24-25):D**

As per Pre-Bid meeting held on 04.04.2024, corrigendum i.e. “Corrigendum – II” as a Pre-Bid query response in reference of e-Tender Ref. No.: JAP-IT/HC/VMS-ePass/01/2024 regarding “Selection of System Integrator (SI) / System Provider (SP) for 'Customization & Maintenance of VMS/e-Pass application and Installation of IoT Based Boom Barrier Solution along-with other IT Support Infrastructure in course of implementation of Visitor's Management System (VMS) i.e. e-Pass at Hon'ble High Court & different courts in the State of Jharkhand” may be downloaded from https://jharkhandtenders.gov.in and same is also available on https://jharkhand.gov.in & https://japit.jharkhand.gov.in.

Other terms & conditions remains same as per published RFP.

Sd/-

Officer on Special Duty,JAP-IT, Ranchi

PR 323856 Information Technology(24-25).D

# रामनवमी महोत्सव को लेकर झंडा और बांस की बिक्री जोरों पर



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद और आसपास के क्षेत्रों में रामनवमी महोत्सव की तैयारी जोरों पर है, शनिवार को रामनवमी झंडा और बांस की बाजार में काफी चहल पहल देखा जा रहा है, रामनवमी के अवसर पर सनातन धर्मावलंबी घर-घर महावीरी बांस लगाते हैं और श्री राम भक्त हनुमान की पूजा आस्था और विश्वास के साथ करते हैं, धनबाद जिला में महावीरी झंडा और बांस की बिक्री हो रही है,, धनबाद और झरिया के मेन रोड सभी चौक-चौराहों में महावीरी झंडा और बांस की दुकानें सज गई है, महावीरी झंडा 80 से200 रुपये और बांस 150 से 500 रुपये तक बांस बेचा जा रहा है, महावीरी झंडा और बांस की घर-घर पूजा अर्चना कर अपनी सुख शांति व समृद्धि की कामना करते हुए, और पारंपरिक हथियार के साथ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सामूहिक रूप से जुलूस भी निकाला जाता है, रामनवमी महोत्सव को लेकर धनबाद जिला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में काफी उत्साह का माहौल है।

## पुलिस अधीक्षक यातायात कार्यालय, राँची।

–: आवश्यक सूचना :–

इस वर्ष रामनवमी (श्री राम जन्मोत्सव) का पावन पर्व दिनांक–17.04.2024 को हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाऐगा। दिनांक–16.04.2024 को राँची शहर के विभिन्न अखाड़ों से संध्या में झांकियॉ निकाली जाती है। रामनवमी का मुख्य शोभा यात्रा जुलूस दिनांक–17.04.2024 को निकाली जाऐगी। इसके साथ ही दिनांक–18.04.2024 को चैती दुर्गाजी का विसर्जन कार्यक्रम भी निर्धारित है। उक्त अवसर पर राँची शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था निम्नवत् होगी :–

➢ दिनांक–16.04.2024 के लिए यातायात व्यवस्था :–

1. दिनांक–16.04.2024 को समय 04:00 बजे अपराह्न से दिनांक–17.04.2024 के पूर्वाह्न 06:00 बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश निषेद्य रहेगा। सभी प्रकार के भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक परिचालित होंगे।
2. दिनांक–16.04.2024 को संध्या 04:00 बजे से दिनांक–17.04.2024 के पूर्वाह्न 06:00 बजे तक किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक, शहीद चौक के तरफ से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक एवं सुभाष चौक से अपर बाजार महाबीर मंदिर चौक की तरफ सामान्य परिचालन वर्जित रहेगा।

➢ दिनांक–17.04.2024 के लिए यातायात व्यवस्था :–

1. दिनांक–17.04.2024 को प्रातः 08:00 बजे से दिनांक–18.04.2024 के प्रातः 04:00 बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश निषेद्य रहेगा। सभी प्रकार के भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक परिचालित होंगे।

➢ दिनांक–17.04.2024 को निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन विभिन्न मार्गों में अपराह्न 13:00 बजे से जुलूस समाप्ति तक निम्न प्रकार होगा :–

1. किशोरी यादव चौक से अपर बाजार महाबीर मंदिर चौक, शहीद चौक के तरफ से अपर बाजार महाबीर मंदिर चौक एवं सुभाष चौक से अपर बाजार महाबीर मंदिर चौक की तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
2. एस0एस0पी0 आवास चौक से कचहरी चौक, शहीद चौक जाने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
3. सर्कुलर रोड से आने वाले वाहन जेल चौक तक ही पहुँच सकेंगे एवं उसी जगह से अन्य मार्गों पर परिचालित होंगे।
4. जाकिर हुसैन पार्क से कमिश्नर चौक, रेडियम चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
5. पुराना नगर निगम कार्यालय वाले मार्ग से कमिश्नर चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
6. चडरी तालाब से अल्बर्ट एक्का चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
7. प्लाजा चौक से अल्बर्ट एक्का चौक जाने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
8. पुरूलिया रोड से सर्जना चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
9. एस.एन. गांगुली रोड / विष्णु गली / बुधिया गली एवं राधेश्याम गली से मेन रोड आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
10. चर्च रोड से मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
11. उल हाउस के पास मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
12. कर्बला चौक से रतन पी0पी0 आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
13. पी0पी0 कम्पाउण्ड से सुजाता चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
14. चुटिया बाजार रोड में दोनों तरफ से वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
15. राजेन्द्र चौक से ओवरब्रीज, सुजाता चौक की ओर सभी प्रकार के सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
16. पिस्का मोड़ से रातु रोड न्यू मार्केट चौक की तरफ सामान्य परिचालन वर्जित रहेगा।

➢ दिनांक–18.04.2024 के लिए यातायात व्यवस्था :–

1. दिनांक–18.04.2024 को प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश निषेद्य रहेगा। सभी प्रकार के भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक परिचालित होंगे। साथ ही चैती दुर्गा विसर्जन के दौरान विसर्जन वाले रूट पर आवश्यकतानुसार रूट को डायवर्ट किया जाऐगा।

राँची शहर के अन्य मार्गों में रामनवमी शोभा यात्रा/जुलूस के आधार पर यातायात को आवश्यकतानुसार डायभर्ट किया जाऐगा।

पुलिस अधीक्षक यातायात,
राँची।

PR 323857 Police(24-25)D
































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**